CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25⁰ C
न्यूनतम : 11⁰ C

देहरादून, शनिवार 28 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 202 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 10 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े : अखिलेश यादव पेज 2




जम्मू-कश्मीर का पहली बार रणजी चैंपियन बनना पक्का खेल टाइम्स



विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा सम्पादकीय



न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात पेज 12

## 10वां रोज़ा

### रहमत और बरकत का आशियाना है 10वां रोज़ा



रमजान माह के तीस रोजे दरअसल तीन अशरों पर मुश्तमिल हैं। शुरुआती दस दिनों यानी रोजों का अशरा रहमत का, बीच के दस रोजों का अशरा मगफिरत का और आखिरी दस रोजों का अशरा दोजख से निजात का है। रहमत का अशरा अल्लाह की सना करते हुए रोजेदार के लिए अल्लाह की मेहरबानी मांगने का है। कुरआने-पाक में जिक्र आया है ...तो अपने रब की सना करते हुए उसकी पाकी बयान करो और उससे बख्शीश चाहो। दरअसल शुरुआती दस रोजे यानी पहला अशरा, अल्लाह से रहमत हासिल करने का दौर है। दसवां रोज़ा अल्लाह की रहमत की रवानी और मेहरबानी के मील के पत्थर की मानिन्द है।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालात

इस्लामाबाद, वार्ता



- पाक का दावा: 274 अफगान लड़ाके मारे गए, 400 से ज्यादा घायल, दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की अटकलें
- भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का किया समर्थन
- तालिबान बोला: फिर हमला किया, तो कड़ा जवाब देंगे

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान** के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है।

वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। भारत ने भी पाकिस्तान के हमलों की निंदा करते हुए अफगानिस्तान का समर्थन किया है। अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वार्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की सीमा पार हो चुकी है, अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने यह वीडियो एक्स पर पोस्ट किया है। वीडियो में पाकिस्तानी एयरफोर्स की अफगानिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिका प्रांत में स्ट्राइक के फुटेज हैं। अफगानिस्तान के सेना प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत ने कहा है -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 % हुई

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपने मजबूत प्रदर्शन से बाजार और अर्थशास्त्रियों को चौंका दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े जारी हो गए हैं, जिसने 7.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था की इस तेज रफ्तार और इसके पीछे के मुख्य कारणों को आइए एक आसान सवाल-जवाब के जरिये विस्तार से समझते हैं।

# कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने बंगाल एसआईआर पर सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में प. बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से कहा कि चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल -शेष पृष्ठ दो पर



- कहा: हमने स्पष्ट कर दिया है किन दस्तावेजों की जांच की जानी है, आदेश बिल्कुल स्पष्ट है

## परिवार संग होली मना सकेगा नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सात दिन की फरलो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी विकास यादव की याचिका मंजूर की। विकास यादव 2002 में व्यवसायी नीतीश कटारा की हत्या के लिए 25 साल की जेल की सजा काट रहा है।

उसने जेल से होली पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि विकास यादव ने अब तक 23 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे सात मार्च तक रिहाई की अनुमति दी गई है। इस दौरान वह अपने परिवार के साथ होली मना सकेगा। बेंच ने कहा कि होली के समय परिवार के साथ समय बिताने के लिए फरलो का आवेदन किया गया है। मामले के मापदंडों में प्रवेश किए बिना हम याचिकाकर्ता को सात मार्च तक फरलो (अस्थायी रिहाई) की अनुमति देते हैं। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने विकास यादव की रिहाई के खिलाफ याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को खारिज किया।

# शराब घोटाला मामला: केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपी बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच कराने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ-साथ अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया।

राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने इस मामले में जिन सभी 23 आरोपियों को बरी किया है, उनमें तेलंगाना से पूर्व सांसद के. कविता, विजय नायर, समीर महेंद्रू शामिल हैं। यह मामला 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा था। इस नीति को तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद वापस ले लिया था। फैसला आने के बाद सीबीआई ने कहा कि उसकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को अदालत ने या तो नजरअंदाज किया या पर्याप्त महत्व नहीं दिया। एजेंसी ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष सीबीआई प्रथम दृष्ट्या मामला साबित नहीं कर सका है। अदालत ने कहा कि सीबीआई -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी व शाह ने रचा सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में बरी होने के बाद इसे सत्य की जीत करार देते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा।

श्री केजरीवाल अदालत से बरी होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बेहद भावुक हो गए। उनकी आंखों से आंसू गिरने लगे और उनकी जबान लड़खड़ा गई। कुछ सेकंड की चुप्पी के बाद उन्होंने कहा के केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है। मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है। यह पूरा केस फर्जी था। आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है। सत्यमेव जयते। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, शुक्रवार को कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया।

# योगी ने होली से पहले वेतन भुगतान के दिए सख्त निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- उप्र में 2, 3 और 4 मार्च को सार्वजनिक अवकाश रहेगा

**लखनऊ।** होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित कर्मचारियों सहित आउटसोर्सिंग, संविदा और सफाईकर्मियों का वेतन होली से पूर्व हर हाल में जारी किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग अपने स्तर से वेतन वितरण की प्रक्रिया तत्काल पूरी करें, ताकि कर्मचारियों को त्योहार के दौरान किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन ने शनिवार, 28 फरवरी 2026 को कार्यदिवस घोषित किया है। वहीं कर्मचारियों को 3 मार्च 2026 का अतिरिक्त अवकाश दिया जाएगा।

# कनाडाई पीएम चार दिन के दौरे पर भारत पहुंचे

- निवेश-ट्रेड डील पर फोकस

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार को 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच गए हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है।

प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी। कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। पहले कनाडा ने आरोप लगाया था कि भारत उसकी जमीन पर हस्तक्षेप कर रहा है और सीमापार दबाव जैसी गतिविधियों में शामिल है।




नई दिल्ली: 'आप' के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज शराब घोटाला मामले में अदालत से राहत मिलने के बाद जीत का निशान दिखाते हुए।




## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के 6 शहरों में पारा -10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गर्मी लगातार बढ़ रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में शीतलहर की स्थिति है। उत्तरकाशी, चमोली, और पिथौरागढ़ में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट रहा।

### भाजयुमो का सोनिया गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा युवा मोर्चा की केरल इकाई के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के आवास के बाहर श्री भगवान स्वामी शरणम अयप्पा मंदिर से जुड़े स्वर्ण चोरी प्रकरण को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में केरल भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में तत्काल, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर प्रश्न उठाया।

# मुर्मू ने स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में भरी उड़ान




**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाते हुए सुबह जैसलमेर वायुसेना स्टेशन से स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में ऐतिहासिक उड़ान भरकर इतिहास रचा। राष्ट्रपति की इस उड़ान ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया।

वह 2023 में लड़ाकू विमान सुखोई और 2025 में राफेल में भी उड़ान भर चुकी हैं। इस उड़ान से शुक्रवार का दिन भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। श्रीमती मुर्मू की यह उड़ान एक मिशन का हिस्सा थी और इसमें वह ग्रुप कैप्टन नयन शांतिलाल बहुआ के साथ कॉकपिट में सह पायलट की भूमिका में नजर आई। ऐसा करने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति हैं। इस मिशन में दो हेलीकॉप्टर शामिल थे जिनमें से दूसरे हेलीकॉप्टर में स्वयं वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ग्रुप कैप्टन ए. महेंद्र के साथ सवार थे। लगभग 25 मिनट के इस मिशन के दौरान हेलीकॉप्टरों ने गडिसर झील और जैसलमेर किले के ऊपर से उड़ान भरी तथा हेलीकॉप्टर ने एक टैंक को लक्ष्य बनाकर हमला किया। राष्ट्रपति ने हेलीकॉप्टर की कॉकपिट से सैनिकों को सलामी भी दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपना अनुभव भी साझा करते हुए लिखा कि प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक प्रबल प्रतीक है। इस समय मैं प्रसिद्ध जैसलमेर किले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मुझे देश के वीर वायु सैनिकों पर अत्यंत गर्व है। आगंतुक पुस्तिका में राष्ट्रपति ने एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखकर भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

> सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाया, राफेल और सुखोई लड़ाकू विमानों में पहले ही उड़ चुकी हैं राष्ट्रपति

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**नोएडा।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया है। वह लंबे समय से लीवर कैंसर से जूझ रहे थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी।

तुरन्त आवश्यकता
इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### अवनीश अवस्थी को मिला एक वर्ष का सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार एवं पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी को एक वर्ष का सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल अब 28 फरवरी 2027 तक बढ़ा दिया गया है। अवनीश अवस्थी को मुख्यमंत्री के सबसे भरोसेमंद अधिकारियों में गिना जाता है। वे प्रशासनिक अनुभव, नीतिगत समन्वय और महत्वपूर्ण निर्णयों के क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए जाने जाते हैं। सरकार की विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सेवा विस्तार को सरकार की निरंतरता और नीतिगत स्थिरता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### चीता गामिनी ने एक और शावक को दिया जन्म: यादव

**नई दिल्ली।** पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी ने एक और शावक को जन्म दिया है। इसके साथ ही गामिनी के शावकों की संख्या चार हो गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार गामिनी ने इससे पहले इसी सप्ताह बुधवार को तीन शावकों को जन्म दिया था और चौथे शावक को शुक्रवार को जन्म दिया है। इसके साथ ही देश में चीतों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर गामिनी के चौथे शावक के जन्म की जानकारी देते हुए खुशी जताई कि कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी ने चौथे शावक के जन्म दिया है।इससे पहले गामिनी ने तीन और शावकों को जन्म दिया था। उन्होंने लिखा- कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता गामिनी के चौथे शावक के जन्म की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

### दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले को लेकर चढ़ा सियासी पारा

# केजरीवाल के साथ सत्य व न्याय दोनों खड़े: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ राउज एवेन्यू कोर्ट से फैसला आने पर सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया, केजरीवाल और सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपी के बरी होने का 'आप' ने किया स्वागत

**लखनऊ।** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किए जाने पर समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने इसे भाजपा के लिए 'नैतिक मृत्युदंड' बताते हुए कहा कि आज दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं।

शुक्रवार को सोशल मीडिया के जिरए प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आरा. ेप कभी इतना बड़ा नहीं हो सकता कि वो सच को आच्छादित कर ले। आज हर ईमानदार आशा भरी सांस लेगा और भाजपा के समर्थक शर्म के मारे घोर आत्म-लज्जित हो रहे होंगे।

भाजपा ने दिल्ली के निवा. सियों से विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि जो कपटजीवी सनातनी शंकराचार्य, साधु, संतों, संन्यासियों तक पर झूठे आरोप लगाने का महापाप करते हैं। वो भला किसी सरकार, दल या किसी व्यक्ति को बदनाम करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। इसकी कल्पना कोई शरीफ आदमी कर ही नहीं सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि आजादी से पहले, वर्तमान सत्ता के जो 'संगी-साथी' देश के दुश्मनों से मिले हुए थे और स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी के फंदों तक पहुंचाने के लिए, आजादी के दीवानों के खलिफ मुखबिरी जिनका काम रहा है, जो देश को गुलाम बनाने वाले साम्राज्यवादियों के माफी-वजीफे पर रहकर अपनी भूमिगत भूमिका निभाते रहे हैं, छल-छलावे के वो विचारवंशी भाजपाई, आज किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। वहीं दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले का आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश ने स्वागत किया है। शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि यह निर्णय न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सत्य की विजय का प्रतीक है।

### भाजपा ने केजरीवाल के बरी होने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को दिल्ली की नई शराब नीति मामले में बरी किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी इस फैसले का विस्तृत अध्ययन करने के बाद अपना पक्ष रखेगी। त्रिवेदी पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया है, लेकिन यह एक तकनीकी विषय भी है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

# ऑपरेशन धन के जरिये जब्त मादक पदार्थो की होली जलाएगी यूपी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ होली के दौरान यूपी में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे के लिए हाई अलर्ट पर रखी गई

**लखनऊ।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न ऑपरेशनों के जिरए जब्त किए गए मादक पदार्थों के समयबद्ध विनष्टीकरण / निस्तारण के लिए यूपी पुलिस विशेष अभियान ष्ऑपरेशन दहनष चलाएगी। पहली मार्च से लेकर 31 मई तक प्रदेश के सभी जिलों में इसका समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय की तरफ से बयान जारी कर कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नशा मुक्त उत्तर प्रदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा के निर्देशन में प्रदेश में जब्त/बरामद अवैध मादक पदार्थो को नष्ट किया जाएगा। मुख्यालय की तरफ से कहा गया है कि अभियान के अंतर्गत न्यायालय से विनष्टीकरण के लिए अनुमति प्राप्त कर नियमानुसार विनिष्टीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जिसमें जनपदीय पुलिस प्रभारी डी सी पी कमिश्नरेट की व्यक्तिगत उपस्थिति में मादक पदार्थों का सुरक्षित विनष्टीकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी एवं विधिवत अभि लेखीकरण कर विनष्टीकरण कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यालय ने कहा है कि 'ऑपरेशन दहन' केवल विनष्टीकरण की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रदेश पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं शून्य सहनशीलता नीति का सशक्त प्रतिबिब है। इस अभियान के माध्यम से न केवल भंडारण संबंधी जोखिमों को न्यूनतम किया जाएगा, बल्कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर एवं स्पष्ट संदेश भी प्रेषित किया जाएगा। लरदेश के सभी जिलों में इस अभियान की मॉनिटरिंग एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा की जाएगी। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विनष्टीकरण की सभी कार्यवाही नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न हुई है। वहीं होली पर्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को 24 घंटे हाई अलर्ट पर रखा गया है। शासन के निर्देश के बाद सभी एंबुलेंस इकाइयों को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश जारी किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 108 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस को 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। संस्था के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि 24ग7 निर्बाध एंबुलेंस सेवा सुनिश्चित की जा सके। त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस को चिन्हित संवेदनशील स्थानों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और थानों के आसपास तैनात रखा जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके। सभी एंबुलेंस में ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाएं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जबकि सड़क दुर्घटना, जलने, हार्ट अटैक, सांस संबंधी समस्या, गर्भावस्था या अन्य किसी भी आपात स्थिति में 108 नंबर पर कॉल कर नि:शुल्क सेवा ली जा सकती है।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार

**नई दिल्ली, वार्ता**

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में चल रही तेज हवाओं के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार होने से दिल्लीवासियों को प्रदूषण से काफी राहत मिली है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार राजधानी में अधिकतम तापमान लगभग 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का अनुमान जताया है। जिससे क्षेत्र में दिन का तापमान मौसमी औसत से ऊपर रहने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 26 से 28 फरवरी और फिर दो-तीन मार्च के दौरान पश्चिमी हिमालई क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं। इनके प्रभाव से कल और आज जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में तथा आज हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। दो से चार मार्च के बीच जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। मध्य भारत में अगले सात दिनों के दौरान अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान जताया गया है। महाराष्ट्र में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, इसके बाद मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा।

# एनसीआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव मोदी का बनावटीपन: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि एनसीईआरटी की पुस्तकों के पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुस्सा बनावटी है और यदि उनका गुस्सा कृत्रिम नहीं है तो उन्हें पाठ्यक्रम बदलने से संबंधित पूरे मामले की जांच करवानी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को एक बयान में आरोप लगाया कि श्री मोदी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों के मुद्दे पर बनावटी आक्रोश जता रहे हैं। पाठ्यक्रम में बदलाव पर वह अपनी नाराजी का सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने श्री मोदी की नाराजगी को स्थिति संभालने का प्रयास बताया और कहा कि स्पष्ट रूप से एक डैमेज कंट्रोल प्रयास



के तहत यह संदेश दिया जा रहा है कि वे एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका से जुड़े आलोचनात्मक उल्लेखों से बेहद नाखुश हैं।

पिछले एक दशक में उन्होंने ऐसे शिक्षाविदों और झोलाछाप अकादमिकों के एक नेटवर्क की अगुवाई की है, जिन्होंने अपने विचारधारात्मक वायरस से पाठ्यपुस्तकों को संक्रमित कर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। यह कोई आकस्मिक चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित वैचारिक घुसपैठ अभियान का हिस्सा है कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला किया और कहा कि पाठ्यक्रम कैसा होना चाहिए इसकी भूमिका संघ मुख्यालय नागपुर में बनती है, जिससे श्री मोदी स्वयं सम्बद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मोदी स्वयं नागपुर कॉम्युनल इकोसिस्टम फॉर रिराइटिंग टेक्सबुक असली एनसीईआरटी- को दिशा देते और आकार देते रहे हैं।

रमेश ने कहा कि उच्चातम न्यायालय को उद्वेलित करने वाली पाठ्यपुस्तकों से स्वयं को अलग दिखाने की उनकी कोशिश महज ढोंग है। अब उच्चतम न्यायालय के लिए अगला तार्किक कदम यह होना चाहिए कि वह इस बात की विस्तृत जांच कराए कि पाठ्यपुस्तकों को किस प्रकार दोबारा लिखा गया और वे किस तरह ध्रुवीकरण तथा राजनीतिक हिंसाब-किताब चुकाने के औजार में बदल गईं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 81287.19
निफ्टी 25178.65



सोना 164700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 268000
प्रति किलो



# जीडीपी के आंकड़ों से पहले लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों से पहले शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 961.42 अंक (1.17 प्रतिशत) गिरकर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत लुढ़ककर 25,178.65 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का लगभग चार सप्ताह का निचला स्तर है।

बाजार में यह गिरावट जीडीपी के आंकड़े जारी होने से ठीक पहले दर्ज की गई है। जीडीपी के सरकारी आंकड़े आज ही जारी होने हैं। आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। रियलटी, ऑटो, एफएमसीजी, धातु, फार्मा, बैंकिंग, स्वास्थ्य और रसायन समूहों पर अधिक दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.06 प्रतिशत



और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिर गए। अडानी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टीसीएस, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोने में लौटी चमक 1.64 लाख रुपये के पार पहुंचा भाव, चांदी धड़ाम


**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं और भू-राजनी. तिक तनाव के बीच शुक्रवार को सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी ओर चांदी की कीमतों में नरमी का रुख रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,800 रुपये उछलकर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले गुरुवार को यह 1,62,900 रुपये पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी लगातार दूसरे दिन टूटकर 2,500 रुपये (करीब 1 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है, जो इसके पिछले बंद भाव 2,70,500 रुपये से कम है। स्थानीय स्तर पर आभूषण विक्रेताओं और स्टाकिस्टों की ताजा लिवाली ने सोने की कीमतों को ऊपर उठाने में मदद की है। अमेरिका की बढ़ती व्यापार संरक्षणवाद नीतियों और मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण निवेशकों का रुझान एक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की तरफ बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थिति थोड़ी मिश्रित है। स्पाट सिल्वर 1.42 डॉलर चढ़कर 89.72 डॉलर प्रति औंस हो गया है, जबकि सोना मामूली गिरावट के साथ 5,172.17 डॉलर औंस पर कारोबार कर रहा है।

# खाद्य तेलों में तेजी, चावल चीनी नरम, दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ चीनी में भी नरमी रही। गेहूं की कीमतों में टिकाव देखा गया जबकि खाद्य तेलों के दाम बढ़ गए। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये गिरकर 3,841 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं का भाव 2,837 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी 14 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मसूर दाल की औसत कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। तुअर दाल 28 रुपये और चना दाल 26 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल का भाव 16 रुपये गिर गया। उड़द दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिगिट चढ़कर 4,040 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल



वायदा भी 0.15 प्रतिशत की बढ़त में 61.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 27 रुपये और वनस्पति की 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 20 रुपये और सोया तेल 18 रुपये महंगी हुई। मूंगफली तेल का भाव 13 रुपये और सरसों तेल का नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान...**

कि अगर पाकिस्तान फिर हमला करता है, तो अफगानिस्तान और ज्यादा कड़ा जवाब देगा। उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में किसी भी हमले का जवाब पहले से ज्यादा सख्त होगा। दूसरी तरफ मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों से शांति और संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दोनों देश तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकें और बातचीत से मसला सुलझाएं। अनवर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की सुरक्षा चिंताएं भी जरूरी हैं, लेकिन अफगानिस्तान की संप्रभुता का सम्मान करना भी उतना ही अहम है। बातचीत ही इसका सही रास्ता है। पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग के डायरेक्टर अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया है कि पाकिस्तानी हमलों में 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। इसके अलावा 115 टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां और तोपें भी तबाह कर दी गई हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि अफगानिस्तान में उसका सैन्य ऑपरेशन अभी भी जारी है। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई प्रधानमंत्री के आदेश पर की जा रही है। वहीं अल जजीरा से बात करते हुए जरगून नाम के एक अफगान नागरिक ने कहा कि गुरुवार रात जब उनके कैंप पर हमला हुआ, तो लोग अपने परिवारों के साथ भागने लगे। लोग अपना सामान छोड़कर भाग गए।

**कोई नहीं कर सकता...** जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। सीजेआई ने कहा कि हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसका अंत होना चाहिए। हम अपने न्यायिक अधिकारियों को जानते हैं और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हो सकते। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि हमारे आदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। पीठ ने कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेशों से आगे जाएगी। पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच चल रहे गतिरोध से निराश होकर शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को एक असाधारण निर्देश जारी किया। इसमें राज्य में विवादित मतदाता सूचियों की एसआईआर में चुनाव आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह अदालत ने राज्य अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर राज्य और चुनाव आयोग के बीच विवाद को देखते हुए एसआईआर प्रक्रिया में दावों पर फैसला करने के लिए न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा है कि झारखंड और ओडिशा से भी न्यायिक अधिकारियों को तैनात किया जा सकता है, क्योंकि चुनाव वाले राज्य में समय-सीमा से पहले काम पूरा करने के लिए पर्याप्त जज उपलब्ध नहीं हैं। अदालत ने कहा कि वह आज कोई और निर्देश जारी नहीं कर रहा है और कहा कि उसने एसआईआर को ठीक से चलाने में मदद के लिए राज्य के लगभग सभी न्यायिक अधिकारियों को लगा दिया है।

**शराब घोटाला मामला...** का आरोप पत्र बहुत विस्तृत था, लेकिन उसमें गंभीर खामियां भी थीं। आरोपपत्र में लगाए गए आरोप, गवाहों के बयानों या रिकॉर्ड पर मौजूद पर्याप्त सबूतों से साबित नहीं हो सके हैं। अदालत ने यह भी कहा कि श्री सिसोदिया के खिलाफ कोई प्रथम दृष्ट्या मामला नहीं बनता है और श्री केजरीवाल को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया। अदालत ने जांच में कमियों को लेकर जांच एजेंसी को फटकार भी लगाई। इस आदेश के बाद श्री केजरीवाल ने न्यायपालिका में विश्वास व्यक्त किया और इस मामले को अपनी पार्टी को कमजोर करने के उद्देश्य से रची गई एक राजनीतिक साजिश करार दिया। श्री सिसोदिया ने कहा कि फैसले ने संविधान और कानून के शासन में उनके विश्वास को पुन: पुख्ता किया है। अदालत ने श्री सिसोदिया की भूमिका के बारे में कहा कि ऐसा कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है, जो यह दिखाए कि उन्होंने 2021-22 की आबकारी नीति बनाने या लागू करने में गैरकानूनी तरीके से प्रभाव डाला था। अदालत ने कथित अनियमितताओं संबंधी कोई भी बरामदगी नहीं होने का भी उल्लेख किया। उसने श्री केजरीवाल के संबंध में कहा कि उनके मामले में ठोस सामग्री का अभाव था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी सबूतों के बिना एक संवैधानिक पदाधिकारी पर साजिश का आरोप लगाना स्थापित कानूनी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता है। मामले का केंद्र बिंदु रही आबकारी नीति दिल्ली सरकार ने आबकारी कारोबार में सुधार और राजस्व बढ़ाने के मकसद से पेश की थी। इसमें अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने आरोप लगाया था कि इस नीति से चुनिंदा निजी कंपनियों को अनुचित लाभ मिला था।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

■ कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका पोषणीयता पर सवाल उठाए। कहा कि अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। उन्होने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया।

शंकराचार्य के वकील ने कहा पीड़ित का मुकदमा संरक्षक के जरिए दर्ज कराया है। उसके माता-पिता और अभिभावकों का कोई पता नहीं है। सरकार ने कहा कि असाधारण हालात में ही अग्रिम जमानत सीधे हाईकोर्ट आ सकती है। इस मामले में असाधारण जैसा कुछ नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह कोई अनिवार्य बाधा नहीं है। शंकराचार्य के वकील ने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ पहले 18 जनवरी को अमावस्या के दिन हुई मारपीट की अर्जी दी गई। इस पर केस दर्ज नहीं हुआ तो पाक्सो वाली अर्जी दाखिल कर दी गई। यह दो अर्जी ही आपस में भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। यह मामला साजिश के तहत दर्ज कराया गया है, जो किसी के दबाव की ओर ईशारा कर रहा है।

कहा कि शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाला खुद हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर गौ हत्या, दुष्कर्म, हत्या का केस दर्ज है। वह 25 हजार रुपये का इनामी है। नाबा. लिगों को अब तक बाल कल्याण समिति को क्यों नहीं सौंपा गया। बच्चों के मां-बाप कहां हैं। इस पर कोर्ट ने सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि बच्चे कहां हैं। शंकराचार्य के अधिवक्ता ने विवेचना पर ही सवाल खड़ा किए। कहा कि जन बच्चों को पेश किया गया है उनकी मार्कशीट हरदोई की है और वहां के वह संस्थागत छात्र हैं। शंकराचार्य से विवाद मौनी अमावस्या से शुरू हुआ है। आरोप लगाया कि यह सब सरकारी की ओर से प्रायोजित है। बच्चों का मेडिकल करीब एक माह बाद हुआ है। सरकार ने बताया कि बच्चों को बाल कल्याण समिति ने उनके माता पिता को सौंपा है। इससे पहले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई पर कहा कि झूठ की कलई कोर्ट में खुल जाएगी। कोर्ट पर भरोसा जताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि कब तक झूठ की कहानी बनाकर बरगलाएंगे। उत्तर प्रदेश की पुलिस भी उनको संरक्षण दे रही है।

# सीएम ने चम्पावत को दी 74.54 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

## मां पूर्णागिरि मेले के उद्घाटन अवसर पर 5 का लोकार्पण और 4 योजनाओं का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व प्रसिद्ध माँ पूर्णागिरि मेला-2026 का भव्य शुभारंभ के अवसर पर जनपद चम्पावत के विकास को नई ऊंचाई देने के लिए कुल 7454.74 लाख (74.54 करोड़ रुपये) की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया।



■ 64.95 करोड़ की लागत से 5 योजनाओं का किया लोकार्पण ■ 9.59 करोड़ की 4 योजनाओं का हुआ शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, जनजातीय कल्याण और पर्यटन को मजबूती देने वाली पाँच प्रमुख योजनाओं का लोकार्पण किया जिसमें चलथी नदी पर दो लेन सेतु टनकपुर-जौलजीबी मोटर मार्ग पर चलथी नदी के ऊपर 5014.00 लाख की लागत से निर्मित 690 मीटर लंबे प्री-स्ट्रेस्ड मोटर सेतु का लोकार्पण, ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा पीएम जनमन योजना के अंतर्गत बुक्सा एवं राजी जनजाति के उत्थान के लिए ग्राम खिरद्वारी में 60 लाख की लागत से निर्मित बहुउद्देशीय भवन, 659 लाख की लागत से राजकीय पशु प्रजनन फार्म, नरियाल गाँव (चम्पावत) के विकास कार्यों के प्रथम चरण तथा गुरु गोरखधाम में 271.39 लाख से विकसित पर्यटक अवस्थापना सुविधाएं तथा श्यामलाताल क्षेत्र को ईको-टूरिज्म हब बनाने के लिए 490.94 लाख के लेक फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों का लोकार्पण सामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा 959.49 लाख की 04 नई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी गई जिसमें चम्पावत विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधायक निधि से स्वीकृत 498.50 लाख के विभिन्न जनोपयोगी निर्माण कार्य के साथ ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा तहसील बाराकोट के अनावासीय भवन का निर्माण कार्य (लागत 302.50 लाख), मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत ब्रिडकुल (पिथौरागढ़) द्वारा एड़ी मेला स्थल, कालूखान का सौंदर्यकरण कार्य (लागत 81.50 लाख), नगर पंचायत बनबसा में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में 76.90 लाख की लागत से बनने वाले पार्क का शिलान्यास सामिल है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ चम्पावत को एक आदर्श जनपद बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। आज लोकार्पित और शिलान्यास की गई ये योजनाएं स्थानीय स्तर पर रोजगार, पर्यटन और आवागमन की सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगी। माँ पूर्णागिरि का आशीर्वाद बना रहे।

## धामी ने किया प्रदेश के प्रथम महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चम्पावत।** जनपद चम्पावत के लोहाघाट क्षेत्र स्थित छमनिया में लगभग 256 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन राज्य के प्रथम महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएँ।



■ 256 करोड़ की लागत से बन रहा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन फुटबॉल ग्राउंड, एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड, वॉलीबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक सहित अन्य खेल मैदानों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही खिलाड़ियों के लिए 300 बालिकाओं की क्षमता वाले छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, प्रशास. निक भवन, एकेडमिक ब्लॉक, मल्टीपर्पज हॉल, ऑडिटोरियम एवं गेस्ट हाउस के निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लोहाघाट में स्थापित हो रहा यह महिला स्पोर्ट्स कॉलेज प्रदेश की बेटियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएँ प्रदान करेगा।

यहाँ विकसित की जा रही सभी खेल व्यवस्थाएँ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगी, जिससे प्रदेश की महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान प्रशिक्षण, शिक्षा एवं आवास की समग्र व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए विशेष रूप से ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बालिकाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। सीएम ने कहा कि यह स्पोटर्स कॉलेज मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री सांसद अजय टम्टा, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### बिन्दुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाये जाने संबंधी विलोपित घोषणा को पुन: जीवित किये जाने का अनुमोदन

**लालकुआं।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लालकुआं के विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट के अनुरोध पर विधान सभा लालकुआं क्षेत्र के अन्तर्गत बिन्दुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाये जाने संबंधी विलोपित की गई घोषणा को पुन: जीवित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा पूर्व में मुख्यमंत्री घोषणा विधान सभा क्षेत्र लालकुआँ स्थित ग्राम बिन्दुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाया जायेगा जिसके क्रियान्वयन/पूर्ति के सम्बन्ध में उक्तांकित क्षेत्र/ग्राम वन क्षेत्रान्तर्गत स्थित होने के कारण वन विभाग के स्तर से भारत सरकार की अनापत्ति प्राप्त करने के उपरान्त ही शासन द्वारा नीतिगत निर्णय लिया जाना है, जिसके लिए अनेक प्राविधान है, जिसमें समय लगने की पूर्ण संभावना के दृष्टिगत 01.07.2025 को मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागीय समीक्षा बैठक में प्रदत्त उच्चादेशानुसार इस घोषणा को राजस्व विभाग की सूची से विलो. पित किये जाने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से अनुरोध किया गया था तथा इस घोषणा को विलोपित कर दिया गया था।

# गैरसैंण में विधानसभा सत्र को औपचारिकता बनाने की तैयारी: आर्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सरकार की मंशा गैरसैंण में प्रस्तावित पाँच दिन के विधानसभा सत्र को भी पूरी तरह संचालित करने की नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिव की और से जारी बजट सत्र के अनन्तिम कार्यक्रम स्पष्ट संकेत देते हैं कि सरकार सत्र को महज औपचारिकता बनाकर सीमित समय में निपटाने की तैयारी कर रही है।

■ राज्यपाल के अभिभाषण वाले दिन ही वित्त विधेयक प्रस्तुत करना संसदीय परम्पराओं का अपमान
■ सदन की कार्यसंचालन नियमावली की भावना के विपरीत कार्य कर रही सरकार

आर्य ने इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा कि यह पहली बार है जब सरकार विधायी परम्पराओं को दर. कनार करते हुए राज्यपाल के अभिभाषण वाले दिन ही वित्त विधेयक प्रस्तुत करने जा रही है। उन्होंने इसे संसदीय परम्पराओं का अपमान तथा सदन की कार्यसंचालन नियमावली की भावना के विपरीत कदम बताया।

उन्होंने कहा कि स्थापित परम्परा के अनुसार वर्ष का पहला सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से प्रारम्भ होता है और उस पर कम से कम चार दिन चर्चा होती है, जिसके बाद वित्त विधेयक पेश किया जाता है।

इसी प्रकार सामान्य बजट पर भी पर्याप्त अवधि तक चर्चा और विभागवार अनुदान मांगों पर बहस का प्रावधान रहता है।

अपने अनुभव का उल्लेख करते हुए आर्य ने कहा कि वे उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य भी रह चुके हैं और उनकी जानकारी में उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखण्ड दोनों राज्यों में राज्यपाल के अभिभाषण के दिन वित्त विधेयक पेश करने की कोई मिसाल नहीं है। उनके अनुसार यह सरकार की लोकतांत्रिक जवाबदेही से बचने की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन के संचालन में नियमों के साथ-साथ परम्पराओं का भी समान महत्व होता है और इन्हें केवल असाधारण परिस्थितियों में ही बदला जाता है। उन्होंने सरकार से पूछा कि ऐसा कौन-सा संकट है जिसके कारण दशकों से चली आ रही परम्परा तोड़ी जा रही है।

# कांग्रेस व बसपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न दलों के नेताओं के साथ सैकड़ों मातृ शक्ति और जेन जी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, कुमायूं से गढ़वाल मंडल तक हमारी सरकार और संगठन से प्रभावित होकर सभी दलों से सैलाब हमसे जुड़ रहा है। जिसे देखते हुए पार्टी ने तय किया है कि विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका में विधानसभावार 2 से 3 हजार लोगों की ज्वाइनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



■ विधानसभावार 2 से 3 हजार लोग पार्टी में होंगे शामिल, विधायकों की अहम भूमिका: भट्ट

बलबीर रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में हुए आज के ज्वाइनिंग कार्यक्रम में राजपुर रोड विधानसभा और युवा मोर्चा पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या कांग्रेस, बसपा, यूकेडी, स्वराज सेवा दल एवं अन्य दलों के महिला एवं युवा राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी में विश्वास जताया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार एवं विधायक राजपुर खजान दास ने सभी नवांगतुक सदस्यों को फूलमाला और पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने खुशी जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आज आप सब लोगों का यहां आना बताता है कि हमारी डबल इंजन सरकार शानदार कार्य कर रही है। उन्होंने सभी नए सदस्यों को उनके उचित सम्मान का भरोसा दिलाते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान किया।

### इन लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

आज की जॉइनिंग कार्यक्रम में रायपुर विधानसभा से अभिषेक नौटियाल एवं भूपेंद्र बावा के सहयोग से पार्टी की सदस्यता लेने वाले लोगों में कांग्रेस पार्टी से पूर्व महानगर महामंत्री सौरभ सचदेवा, संजीव कुमार, अश्विनी वालिया, सिद्धार्थ कंबोज, शिवम सचदेव, गुरबख्श सिंह के साथ मातृ शक्ति में विजयलक्ष्मी सोढ़ी, श्रीमती अंशु जोशी, मधु राजपूत, पूनम आर्य, ममता सिंह, रेखा कौर, रितु गिल, सिमरन नागपाल, शीला कुमारी, कृष्ण डिमरी, ममता नागपाल, अनीता, पिंकी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता रहे। इसके अतिरिक्त स्वराज सेवा दल छोड़कर श्रीमती सुनीता देवी के सहयोग से एक सुनीता साहनी, नीतू, पूजा, अनुपमा, हरविंदर कौर, उर्मिला, अंजना, मंजू, प्रीति, मीनाक्षी, प्रिया, रुक्मणी, नीना चौहान, काजल, पायल, ममता, टीना, ममता कौशल, प्रभा, तारा, संजय सनी, अभिषेक आदि सैकड़ों अन्य दलों के लोगों ने भी पार्टी का दामन थामा। उनके अतिरिक्त पूर्व पार्षद देविका रानी के नेतृत्व में भी नीरज, सोनू, दीपक, बॉबी, शिवम, अभिलाष, महेंद्र कंडारी, नितेश, नीतू, रोमा, कुसुम चंद आदि ने बड़ी संख्या में पार्टी की रीति-नीति में विश्वास जताया। वहीं युवा मोर्चा पदाधिकारियों के सहयोग से बसपा के चार बार के प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल चौधरी के सपुत्र शेखर चौधरी ने भी आज पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ भाजपा में विश्वास जताने वालों में सुमित, सौरभ, शिवम, नवीन पुंडीर, मोहित, हर्ष, नकुल, ललित, ध्रुव, सुशील कुमार, मनोहर, धीरज शाह, मोनू,पवन, राजू, रोहित, अभिषेक, कार्तिक, आदित्य, मयंक, हितेश, कमल, अनिल, पंकज, आदित्य, कार्तिक भंडारी आदि सैकड़ों युवा जेन जी ने पार्टी के सिद्धांतों को आगे ले जाने का प्रण लिया।

# गोल्डन कार्ड में उपचारित लाभार्थी से फीडबैक फार्म लेना अनिवार्य

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों को लाभार्थी मरीजों के डिस्चार्ज होने पर फीडबैक फार्म भरवाना अनिवार्य होगा। जिसमें उपचार पर हुए खर्च सहित अन्य जानकारियां स्पष्ट रूप से अंकित होंगी। यह व्यवस्था सभी अस्पतालों के लिए अनिवार्य कर दी गई हैं।



■ राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने सभी सूचीबद्ध अस्पतालों को जारी किए निर्देश

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के चेयरमैन अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना के अंतर्गत उपचा. रित होने वाले मरीजों से डिस्चार्ज के समय फीडबैक फार्म भराया जाता है जिसमें उपचारावधि की सारी जानकारियां व फीडबैक होता है। यह फार्म संबंधित अस्पतालों को बिल के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होता है। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना (गोल्डन कार्ड) के मामलों में भी फीडबैक फार्म की व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने बताया कि एजीएचएस के कई लाभार्थियों को यह पता नहीं होता कि उनके उपचार हेतु क्या प्रक्रिया की गई, कौन सी जांच हुई और उपचार पर कितना खर्च हुआ है। फीडबैक फार्म में अस्पताल द्वारा बिना कोई धन लिए कैशलेस उपचार देने एवं उपचार की गुणवत्ता से लेकर उपचार की प्रक्रिया, प्रयुक्त दवाईयां, जांचें तथा कुल उपचार व्यय आदि का विवरण मरीज को दिखाने/दिए जाने संबंधी अन्य सभी जानकारियां दर्ज होंगी। अब अस्पतालों को अपने चिकित्सा दावों के साथ लाभार्थी का हस्ताक्षर युक्त फीडबैक फार्म भी जमा कराना होगा जिसे दावे के साथ जमा न किए जाने की दशा में चिकित्सालय को भुगतान नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में चेयरमैन द्वारा निर्देश दिए गए कि दावों के परीक्षण के दौरान उक्त अनिवार्य फीडबैक फार्म की उपलब्धता होने पर ही दावों पर विचार किया जाए तथा उपचारित लाभार्थी को रैण्डम आधार पर फोन कर उपचार सम्बंधी फीडबैक फार्म की जानकारियों की पुष्टि भी की जाए।

### प्रदेश में 5 लाख से अधिक हैं एसजीएचएस कार्ड धारक

राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राजकीय व स्वायतशासी कार्मिकों और पेंशनर्स को अंशदान व्यवस्था के आधार पर सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। प्रदेश में करीब 5.16 लाख एसजीएचएस कार्ड धारक हैं। 1.73 लाख मरीजों ने अस्पतालों में भर्ती होकर योजना की कैशलेस उपचार सुविधा का लाभ उठाया है। योजना के आरंभ से अब तक इस असीमित कैशलेस उपचार सुविधा पर 641 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि खर्च हुई है। वहीं ओपीडी में 1.83 लाख दावों के सापेक्ष 300 करोड़ का खर्च हुआ है।

## होली पर हुड़दंगियों से निपटने को दून अस्पताल 'अलर्ट'

**देहरादून।** रंगों के त्यौहार होली पर राजधानी में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दून अस्पताल पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। होलिका दहन और होली के दौरान हुड़दंग, चोट या रंगों के दुष्प्रभाव से होने वाली मेडिकल समस्याओं को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने विशेष अलर्ट जारी किया है।राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि छोटी और बड़ी होली पर फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक और ईएनटी विशेषज्ञों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम भी 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं के लिए तैनात रहेगी।चिकित्सा अधीक्षक ने अपील की है कि लोग केमिकल युक्त रंगों से बचें।

# रुद्रप्रयाग में नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले में एक संवे. दनशील और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 16 वर्षीय नाबा. लिग छात्रा, जो 9वीं कक्षा में अध्ययनरत बताई जा रही है, ने एक नवजात कन्या को जन्म दिया। परिवार को गर्भावस्था की जानकारी तब हुई जब पथरी की शिकायत पर उसे अस्पताल ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में प्राथमिक परीक्षण के बाद छात्रा को श्रीनगर बेस चिकित्सालय रेफर किया गया। वहां अल्ट्रासाउंड जांच में गर्भावस्था की पुष्टि हुई। चिकित्सकीय निगरानी में छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया।

मामले की सूचना तत्काल बाल कल्याण समिति को दी गई। समिति के निर्देशानुसार नवजात शिशु को स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी, रुद्रप्रयाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

■ दुष्कर्म की आशंका से मचा हड़कंप, अस्पताल में पथरी की जांच के दौरान हुआ खुलासा
■ नवजात को स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी को सौंपा गया, पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी

जन्म के 11वें दिन प्रोबेशन अधिकारी डॉ अखिलेश मिश्रा, स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी, बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त उपस्थिति में बच्ची का नामकरण संस्कार पारंपरिक रीति-रिवाजों से संपन्न कराया गया।स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी के प्रबंधक पुनीत चौकियाल ने बताया कि वर्तमान में शिशु सुरक्षित है और एजेंसी की देखरेख में रखा गया है। दो माह बाद भारत सरकार के कारा पोर्टल के माध्यम से दत्तक ग्रहण की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

दूसरी ओर, नाबालिग के गर्भवती होने के पीछे दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अब तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार छात्रा ने कथित आरोपी का नाम उजागर नहीं किया है। वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रंजना गैरोला ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। यह मामला न केवल कानून-व्यवस्था बल्कि समाज में जागरूकता और बाल सुरक्षा को लेकर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है। पुलिस एवं प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।

# राज्यपाल ने किया वसंतोत्सव-2026 का शुभारंभ

## 'भोज पत्र' के विशेष पोस्टल कवर का भी राज्यपाल ने किया विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को लोक भवन परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न पुष्पों की भव्य प्रदर्शनी के साथ 'वसंतोत्सव-2026' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज तथा प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने डाक विभाग द्वारा "भोज पत्र" विषय पर जारी विशेष डाक आवरण का विमोचन किया तथा डाक विभाग, देहरादून द्वारा आयोजित डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक डाक टिकटों का प्रदर्शन किया गया, जिसने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

इस वर्ष वसंतोत्सव की थीम "फ्लोरल हीलिंग: नेचर्स पाथ टू वेल बीइंग" रखी गई है। उद्यान विभाग द्वारा फ्लोरल हीलिंग का प्रदर्शन करने के लिए व्यवस्था की गई साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में पाये जाने वाले ताजे पुष्पों से तैयार होने वाले खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन और पृथक से स्टॉल लगाया गया। थीम पर आधारित स्टॉल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यह आयोजन केवल पुष्प प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति की उपचारात्मक शक्ति और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में फूलों एवं हरियाली के महत्व को भी रेखांकित करता है। वसंतोत्सव के प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान (देहरादून) तथा निरामया योगम रिसर्च फाउंडेशन (हरिद्वार) द्वारा रिदमिक योग का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

■ वुशु, एनवाईआरएफ (हरिद्वार) एवं एनआईईपीवीडी (देहरादून) के प्रस्तुत रिद्मिक योगा एवं योगा करतबों ने लोगों को किया रोमांचित
■ वसंतोत्सव में पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों का दिखा गजब का उत्साह

वहीं वुशु एसोसिएशन, उत्तराखण्ड के बच्चों द्वारा वुशु के बेहतरीन करतब की प्रस्तुति दी गई। राज्यपाल ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने आए विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं से मुलाकात की और उनकी चित्रकला की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, निदेशक उद्यान एस.एल. सेमवाल सहित उद्यान विभाग के अधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

### वसंतोत्सव में 1 मार्च को प्रदान किए जाएंगे पुरस्कार

वसंतोत्सव के आयोजन में कट फ्लावर(पारंपरिक) प्रतियोगिता में 870 प्रतिभागी, कट फ्लावर (गैर पारंपरिक) श्रेणी में 266 प्रतिभागी, कट फ्लावर (दिव्यांग श्रेणी) में 05 प्रतिभागी, महिला पुष्प उत्पादक 26 प्रतिभागी, पॉटेड प्लांट श्रेणी(प्राइवेट नर्सरी) में 21, लूज फ्लावर श्रेणी में 45, पॉटेड प्लांट(गैर पुष्प) श्रेणी में 25 प्रतिभागी, सब्जी उत्पादन 60, कैक्टस एवं सॉकुलेंट श्रेणी में 19, बोनसाई श्रेणी में 18, टेरारियम श्रेणी में 06, हैंगिंग पॉट्स श्रेणी में 16, सोयल-लेस/हाइड्रोपोनिक्स कल्टीवेशन श्रेणी में 06, पॉट्स फॉर गार्डनिंग 23, ऑन स्पॉट फोटोग्राफी में 50, शहद की श्रेणी में 103, फ्रेश पेटल रंगोली में 17 और पेंटिंग प्रतियोगिता में 738 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया है। आज के आयोजन में कुल 15 श्रेणियों की 55 उप श्रेणियों में कुल 2314 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के बाद 01 मार्च, को प्रदान किए जाएंगे।

### वसंतोत्सव में लगाए गए 343 स्टॉल

वसंतोत्सव में विभिन्न संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा कुल 343 स्टॉल लगाये गये। इस दौरान राज्य के विभिन्न राजकीय संस्थानों द्वारा 18 स्टॉल पर अपनी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें औद्यानिक यन्त्र, बायोफर्टिलाइजर, जैविक कीटव्याधि नियंत्रक उत्पादन करने वाली विभिन्न फर्मों एवं औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं/स्वयं सहायता समूहों/स्थानीय उत्पादक संगठनों द्वारा अपने कार्यक्रमों/उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।



# तपने लगा हिमालय: केदारघाटी की चोटियां बर्फ विहीन

## जल संकट की दस्तक, असमय गर्मी और शुष्क मौसम ने बढ़ाई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** देश के प्रहरी और आस्था के केंद्र हिमालयी क्षेत्रों में इस वर्ष प्रकृति का एक डरावना चेहरा सामने आ रहा है। केदारघाटी के उच्च हिमालयी क्षेत्र, जो अमूमन फरवरी माह में चांदी जैसी सफेद बर्फ की चादर से ढके रहते थे, इस बार 'बर्फ विहीन' और भूरे नजर आ रहे हैं। मौसम के इस अप्रत्याशित व्यवहार ने न केवल पर्यावरणविदों, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों, पशुपालकों और किसानों की रातों की नींद उड़ा दी है।



■ माघ-फाल्गुन में ही दिखने लगा मार्च-अप्रैल जैसा नजारा, सूखने लगे प्राकृतिक जलस्रोत

स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में दशकों बाद ऐसा समय देखा है जब माघ और फाल्गुन के महीने में भी पहाड़ सूने पड़े हैं। फरवरी के अंतिम सप्ताह में ही घाटी में मार्च-अप्रैल जैसी तपिश महसूस की जा रही है। दिन भर खिली तेज धूप और शुष्क हवाओं ने तापमान में भारी वृद्धि कर दी है। बर्फबारी न होने के कारण बुग्यालों और ढलानों की नमी तेजी से खत्म हो रही है, जिससे पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है। हिमालयी क्षेत्रों की जीवनरेखा माने जाने वाले प्राकृतिक जलस्रोत (धारे, नौले और गदेरे) पूरी तरह बर्फबारी पर निर्भर होते हैं। पर्याप्त हिमपात न होने से इनके जलस्तर में भारी गिरावट आई है।

कई स्थानों पर सदानीरा धाराएं पतली पड़ गई हैं, तो कुछ मौसमी स्रोत समय से पहले ही दम तोड़ चुके हैं। इससे आगामी गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण पेयजल संकट गहराने की आशंका बन गई है।

### खेती और पशुपालन पर चौतरफा मार

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, शीतकालीन फसलों (गेहूं, जौ, सरसों, मटर) की वृद्धि के लिए बर्फबारी से मिलने वाली नमी संजीवनी का काम करती है। नमी के अभाव में फसलों की बढ़त रुक गई है। वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में घास न उगने से भेड़-बकरी पालकों के सामने चारे का संकट खड़ा हो गया है। पशुपालकों का कहना है कि यदि मार्च तक बारिश या बर्फबारी नहीं हुई, तो ग्रीष्मकालीन प्रवास असंभव हो जाएगा।

**प्रकृति के साथ खिलवाड़ का नतीजा:** "हिमालय केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि हमारी आध्यात्मिक चेतना का आधार है। प्रकृति के साथ बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप और पर्यावरणीय उपेक्षा के कारण ही आज यह स्थिति पैदा हुई है। हिमालय की चोटियों से बर्फ का गायब होना केवल एक मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि प्रकृति के गंभीर असंतुलन का संकेत है। पवित्रता और शुद्धता की प्रतीक श्वेत बर्फ का न होना हमारी सांस्कृतिक और पारिस्थितिक विरासत के लिए बड़ा खतरा है।" - प्रो. डॉ. कविता भट्ट 'शैलपुत्री'

**ग्लोबल वार्मिंग की दहलीज पर खड़ा हिमालय:** पर्यावरण विशेषज्ञ केदारघाटी की इस स्थिति को 'वैश्विक जलवायु परिवर्तन' का प्रत्यक्ष और खतरनाक संकेत मान रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, यदि यही रुझान जारी रहा तो भविष्य की तस्वीर भयावह हो सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार डॉ. निवेदिता, पर्यावरण वैज्ञानिक हिमालय का बर्फ विहीन होना केवल एक मौसमी घटना नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते प्रकृति के इन संकेतों को नहीं समझा गया, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके विनाशकारी परिणाम भुगतने पड़ेंगे।"

**संरक्षण ही एकमात्र विकल्प:** कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार वैज्ञानिक डॉ अंशुल का सुझाव है कि जल संरक्षण, वनीकरण और पारंपरिक जलस्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

वर्षा जल संचयन, जलागम क्षेत्र संरक्षण तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता से ही इस संकट का समाधान संभव है। साथ ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशील विकास नीतियों को प्राथमिकता देना समय की मांग है।

# दोषमुक्त हुए पूर्व प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान, किया पलटवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा आयोजित करने के आरोप में दर्ज मामले में न्यायालय ने पूर्व प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आरोपों को निराधार मानते हुए उन्हें राहत प्रदान की गई।



■ आरोपों को निराधार मानते हुए न्यायालय ने दी राहत

दोषमुक्ति के बाद त्रिभुवन चौहान ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उपचुनाव के समय उनकी बढ़ती लोकप्रियता से राजनीतिक विरोधियों में बेचौनी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी छवि धूमिल करने और राजनीतिक रूप से कमजोर दिखाने के उद्देश्य से झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया। चौहान ने कहा कि उस दौरान क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कई रैलियां आयोजित की गई थीं, जिससे राजनीतिक माहौल पहले से ही गरमाया हुआ था। चौहान ने कहा, "यह सत्य की जीत है। झूठे आरोपों और दबाव की राजनीति से मैं डरने वाला नहीं हूं। क्षेत्र की जनता पूरी सच्चाई जानती है और लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता ही करती है।" उन्होंने आगे कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में उनकी सक्रिय भूमिका कुछ लोगों के लिए 'सिरदर्द' साबित हो सकती है और संभवतः इसी आशंका के चलते यह साजिश रची गई। त्रिभुवन चौहान ने न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक निर्णय ने सत्य को सामने लाने का कार्य किया है और इससे जनता का विश्वास लोकतांत्रिक व्यवस्था में और अधिक मजबूत हुआ है।

# जिपंस अमित मैखंडी ने डीएम व एसपी से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** जिला पंचायत सदस्य त्रियुगीनारायण एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित मैखंडी ने जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के जनहित के मुद्दों और विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की और मांग पत्र सौंपा।

■ केदारनाथ यात्रा व विकास कार्यों पर हुई चर्चा

इस दौरान अमित ने आगामी केदारनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं को समय से पूर्व सुव्यवस्थित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यात्रा को भव्य बनाने के लिए प्रशासन को अभी से जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर देने चाहिए। मैखंडी ने डीएम का ध्यान त्रियुगीनारायण मोटर मार्ग की जर्जर स्थिति की ओर आकर्षित करते हुए इसके त्वरित मरम्मत की मांग की। कहा कि खराब सड़क के कारण देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं व ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# किलकारी मोबाइल अकादमी कार्यक्रम के क्रियान्वयन का प्रशिक्षण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मुख्य चिकित्साधिकारी , उत्तरकाशी डॉ बी एस रावत के अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा संचालित 'किलकारी' एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना एवं डिजिटल माध्यम से समय पर आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराना है।कार्यशाला में राज्य स्तर से आए प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया

■ डिजिटल हेल्थ सेवा से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में आएगा सुधार

गया कि 'किलकारी' कार्यक्रम भारत सरकार की एक निःशुल्क डिजिटल सेवा है, जिसके अंतर्गत पंजीकृत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को 1600403660 नंबर से फोन कॉल के माध्यम से गर्भावस्था एवं नवजात शिशु देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण सलाह नियमित रूप से प्रदान की जाती है। लाभार्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से 14423 डायल कर भी किलकारी संदेश सुन सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्त्रियों को मोबाइल आधारित प्रशिक्षण कोर्स 'मोबाइल अकादमी' की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि आशा कार्यकर्त्रियां अपने मोबाइल फोन के माध्यम से गर्भावस्था एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। जनपद में शत-प्रतिशत आशाओं द्वारा मोबा. इल अकादमी का प्रशिक्षण पूर्ण किया जा चुका है।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किलकारी सेवा के माध्यम से अधिकाधिक गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को लाभान्वित किया जाए, ताकि उन्हें समयबद्ध एवं सही जानकारी घर बैठे उपलब्ध हो सके। वर्ष के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के आधार पर ब्लॉक टीम को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र बिजल्वाण, जिला कार्यक्रम प्रबंधक,एन एच एम हरदेव राणा, जिला डाटा मैनेजर राकेश उनियाल, आशा कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती रीता चौहान, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, श्री सिद्धांत मेहरा सहित जनपद के समस्त ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं आशा फैसिलिटेटरों ने प्रतिभाग किया।

## एक नजर .......

### यमुनोत्री मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

पुरोला/उत्तरकाशी। यमुनोत्री हाईवे पर शुक्रवार को डामटा के पास एक भीषण वाहन हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व अग्निशमन दल की टीमों ने भी मौके पर पहुंचकर शवों को खाई से बाहर निकाला। मृतक में तुसार खत्री पुत्र दिनेश उम्र करीब 25 वर्ष (2)- अजय सिंह पुत्र निजाम सिंह उम्र 26 वर्ष निवासीगण ग्राम डूंईग थाना पुरोला वाहन संख्या अपने कार डूंईग गांव से डामटा की तरफ जा रहे थे। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। मृतक तुषार खत्री 3 साल पहले फौज में भर्ती हुआ था। लोगों ने यमुनोत्री मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने और सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान हो रहे लापरवाही पर सवाल उठाए हैं ।

### होली पर्व के कारण टला दिव्यांग शिविर, अब 9 मार्च को होगा आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से आगामी सोमवार, दो मार्च को आयोजित होने वाला दिव्यांग/विकलांग शिविर होली पर्व के चलते स्थगित कर दिया गया है। अब यह शिविर अगले सप्ताह आयोजित किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि विभाग की ओर से पूर्व में दो मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन होली के त्योहार को देखते हुए इसे आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब यह शिविर नो मार्च को जिला चिकित्सालय, में अपने निर्धारित समय पर आयोजित किया जाएगा। सीएमओ ने जनपद के समस्त पात्र दिव्यांग व्यक्तियों से नई तिथि नो मार्च को जिला चिकित्सालय पहुंचकर शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र और अन्य संबंधित स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच की जाएगी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक अप्रैल

**कोटद्वार।** सेना भर्ती कार्यालय, लैंसडौन की ओर से जोनल भर्ती कार्यालय, लखनऊ के निर्देशों के तहत अब वर्ष 2027 के लिए अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 13 फरवरी से शुरू हो चुका है जो 1 अप्रैल, 2026 तक चलेगा। सेना की ओर से बताया गया कि अग्निवीर भर्ती के लिए गढ़वाल क्षेत्र के हरिद्वार, देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल और रुद्रप्रयाग के जिलों के युवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीईई ऑनलाइन परीक्षा 01 जून से 15 जून 2026 तक निर्धारित की जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण और भर्ती अधिसूचना सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पंजीकरण के दौरान कोई भी समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 7456874057 पर संपर्क करें।

### लोक अदालत न्याय प्राप्ति का सुलभ और सशक्त माध्यम: पायल

**रुद्रप्रयाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर में एक महत्वपूर्ण प्री-लोक अदालत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पैनल अधिवक्ताओं और लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों ने प्रतिभाग किया, जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी और परिणामक. ारी बनाना रहा। सचिव पायल सिंह ने लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न्याय प्राप्ति का एक ऐसा सशक्त माध्यम है जहां वादों का त्वरित, कम खर्चीला और सबसे महत्वपूर्णकृसौहार्दपूर्ण निस्तारण संभव है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न केवल न्यायालयों का बोझ कम करती है, बल्कि पक्षकारों के बीच आपसी विश्वास और प्रेम को भी बढ़ाती है।

# अब गांव-गांव सजेगी अफसरों की चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनपद में 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम का बिगुल बज गया है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशन में मार्च माह के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों का रोस्टर जारी कर दिया गया है। इस अभियान के तहत अधिकारी गांवों में जाकर चौपाल लगाएंगे और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास करेंगे।

■ 15 टीमें सुलझाएंगी जनता की मुश्किलें

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि इस अभियान के लिए कुल 15 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करना और उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। मार्च माह के रोस्टर के अनुसार प्रमुख अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि माह मार्च के लिए जारी रोस्टर के अनुसार उप वन संरक्षक रजत सुमन, जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर एवं जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. दीपा तिलारा विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत स्यूंड में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, अधिशासी अभियंता मनोज कुमार व तहसीलदार जखोली विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत सतनी जबकि उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश व अधिशासी अभियंता एनएच ओंक. ार पांडेय विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत धारकोट में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। सीडीओ ने निर्देश दिए हैं कि सभी टीमें आवंटित ग्राम पंचायतों का अनिवार्य रूप से भ्रमण करें।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत का चंबा में जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** शुक्रवार को चंबा पहुंचने पर भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत का जिलाध्यक्ष उदय रावत के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

इसके बाद एक निजी होटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की और संगठन की आगामी रणनीतियों पर विचार विमर्श किया। दीप्ति रावत ने

■ आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पूरी तरह से संगठन पर आधारित पार्टी है जहां किसी भी समय किसी भी कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। उन्होंने कहा किं केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएं ताकि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना सके।

राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि टिहरी झील का बारह सौ करोड़ रुपये की लागत से विकास किया जा रहा है और रिंग रोड का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। इसके साथ ही ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन पर भी तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश सरकार गांव से लेकर शहरों के विकास तक सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

# न्याय पंचायत कुण्झोली में बहुउद्देश्यीय शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में संचा. लित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड जयहरीखाल की न्याय पंचायत कुण्झोली में बहुउद्देश्यीय शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य ने की। शिविर में प्राप्त कुल 25 शिकायतों में से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। उपजिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की पूर्ण एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध

■ उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर

कराते हुए उन्हें अधिकतम लाभ प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। प्राप्त 25 शिकायतों में से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। दर्ज शिकायतों में मुख्यतः सड़क, पेयजल, विद्युत, खाद्य आपूर्ति विभाग, वन विभाग, घेर बाड एवं संचार से संबंधित प्रकरण सम्मिलित रहे। कहा कि अभियान का उद्देश्य जनता को शासन प्रशासन की सेवाएं उनके द्वार तक पहुंचाना है, लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सहजता से प्राप्त हो सके।

# शिक्षाविद श्यामादत्त शास्त्री के नाम पर इंटर कॉलेज मयकोटी का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के मयकोटी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज जवाहरनगर का नाम परिवर्तित कर अब स्वर्गीय श्यामा दत्त वशिष्ठ शास्त्री राजकीय इंटर कॉलेज, मयकोटी कर दिया गया है। यह निर्णय क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक होने के साथ-साथ भावनात्मक महत्व भी रखता है।



■ विद्यालय के नामकरण को लेकर क्षेत्रवासियों एवं परिजनों ने मुख्यमंत्री धामी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल का जताया आभार

विद्यालय के नामकरण को लेकर क्षेत्रवासियों एवं परिजनों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, पूर्व जिलाधिकारी सौरव गहरवार, पीटीए अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान मयकोटी देवेंद्र भट्ट तथा पूर्व ग्राम प्रधान अमित प्रदाली का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया गया है। परिजनों का कहना है कि यह केवल विद्यालय का नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि क्षेत्र के एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर डॉ. प्रियांक मोहन वशिष्ठ ने कहा कि यह उनके परिवार और पूरे मयकोटी क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव और भावुकता का क्षण है। उन्होंने कहा कि ताऊ जी स्व. शम्भू प्रसाद वशिष्ठ द्वारा लिया गया संकल्प आज पूर्ण हुआ है और इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी का हृदय से आभार है। डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि स्व. श्यामा दत्त वशिष्ठ शास्त्री का जीवन समाज सुधार, शिक्षा और राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा और उनके नाम पर विद्यालय का नामकरण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान देवेंद्र भट्ट, चंद्र मोहन वशिष्ठ, कृष्णा नंद जी, पूर्व प्रधान अमित प्रदाली ने भी खुशी जाहिर है।

### कौन थे श्यामा दत्त शास्त्री

श्यामा दत्त शास्त्री का जन्म फरवरी 1908 को रुद्रप्रयाग जिले स्थित मयकोटी गांव में क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषी स्व. वासवानंद के घर पर हुआ। अपनी पढ़ाई के शुरुआती दौर के बाद यह समाज सुधार के लिए निकल पड़े, श्यामा दत्त ने बनारस में शास्त्री की परीक्षा पास की तो इन्हें शास्त्री जी कहकर पुकारा जाने लगा। श्यामा दत्त शास्त्री ने युवा अवस्था में शिक्षा, नशे छुआछूत, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया था और पूरे इलाके के युवाओं का ग्रुप तैयार कर युवाओं की एक कैबिनेट तैयार की जिसका नेतृत्व खुद शास्त्री करते रहे।

# मतदाता मैपिंग में रुद्रप्रयाग अव्वल, 99.70 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड के निर्देशों के क्रम में जनपद ने निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण और मतदाता मैपिंग कार्य में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जनपद अब तक 99.70 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग एवं सत्यापन का कार्य पूर्ण कर राज्य में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।



जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल मिश्रा के मार्गदर्शन में उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी ने निर्वाचन अधिकारियों और बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची का वर्ष 2025 की सूची से मिलान (लेगेसी डाटा मिलान) पर विस्तार से चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी ने बीएलओ ऐप के माध्यम से चल रहे इस कार्य में पूर्ण शुद्धता और पारदर्शिता बरते के निर्देश दिए, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया त्रुटिरहित और सुचारु रूप से संपन्न हो सके। केदारनाथ विधानसभा में कुल 173 मतदेय स्थलों पर 89,984 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से 91,684 की मैपिंग हो चुकी है, जो 101.89 प्रतिशत की शानदार उपलब्धि है। वही रुद्रप्रयाग विधानसभा: में 189 मतदेय स्थलों पर 1,02,244 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 99,975 की मैपिंग हो चुकी है। कुल 362 मतदेय स्थलों पर 1,92,228 मतदाताओं में से 1,91,659 की मैपिंग सफलतापूर्वक पूरी की गई है। जानकारी दी गई कि वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट बमव.ना. हवअ.पद पर उपलब्ध है। इस दौरान एलएमटी डॉ. दीपक बुटोला, डॉ. विनोद कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट सहित राजस्व उपनिरीक्षक और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**नई टिहरी।** उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत बौराड़ी स्थित स्कॉलर फाउंडेशन में निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रीति सिंह चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर प्रीति सिंह चौहान ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस निशुल्क प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाएं और पूरी मेहनत तथा लगन के साथ अपने भविष्य को संवारने का प्रयास करें।

# कमल नदी तट पर विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित

■ सनातन संस्कृति संरक्षण का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला।** सनातन धर्म की सुरक्षा, उसकी महत्ता, संस्कृति संरक्षण एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुरोला में कमल नदी तट स्थित मैदान में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।



सम्मेलन में रवांई घाटी के रामा व कमल सिराई पट्टी के गुंदियाट गांव, पोरा , रामा, बेस्टी, कंडियाल गांव , मेहरगांव, मठ, धामपुर, मोल्टाड़ी, भद्राली, रोन, घुंडाड़ा, सुनाली, श्रीकोट, ढकाड़ा, कुफारा, कुरूड़ा, खलाड़ी, चंदेली, नेत्री कुमोला व पुजेली सहित विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु पहुंचे।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि धनंजय एवं आईटी बाबा दिगम्बर कृष्णा गिरी सहित अन्य वक्ताओं ने सनातन धर्म की महत्ता, भारतीय संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता और देवभूमि की परंप. राओं, संस्कारों व आध्यात्मिक मूल्यों को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

## डोईवाला में मारखम ग्रांट से खेरी तक एमडीडीए का एक्शन

# 77 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। राजधानी देहरादून में अनियोजित शहरी विस्तार और अवैध कॉलोनियों पर मसूरी देहराद. ून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोईवाला क्षेत्र में करीब 77 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चला दिया। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को व्यापक अभियान चलाते हुए बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों के निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया। एमडीडीए की इस कार्रवाई को अवैध भूमि कारोबार पर अब तक की बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि नियोजित शहरी विकास से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।



■ आमजन को उपाध्यक्ष तिवारी की सलाह, सस्ते प्लॉट के लालच से बचें, खरीद से पहले जांचें एमडीडीए की स्वीकृति

**65 बीघा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी की ध्वस्त:** मारखम ग्रांट, डोईवाला क्षेत्र में गुरप्रीत एवं राजा द्वारा लगभग 65 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग विक. सित किए जाने का मामला सामने आया था। निरीक्षण में पाया गया कि बिना प्राधिकरण स्वीकृति प्लॉट काटे जा रहे थे तथा कॉलोनी विक. सित करने के उद्देश्य से आंतरिक सड़कें बनाई जा चुकी थीं और प्लॉट सीमांकन भी कर दिया गया था। प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनों की सहायता से अवैध रूप से निर्मित सड़कों, सीमांकन एवं अन्य विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही भविष्य में किसी भी निर्माण गति. विधि पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई।

**खेरी क्षेत्र में भी 12 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई:** इसी क्रम में खेरी-2, संत सागर गुरुद्वारा मार्ग एवं मेजर शहीद दुर्गा मार्ग फाटक रोड क्षेत्र में अशोक पाल एवं वर्मा द्वारा लगभग 12 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी भी प्राधिकरण की कार्रवाई की जद में आई। जांच में सामने आया कि संबंधित भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति कॉलोनी विक. सित की जा रही थी। एमडीडीए टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी विकास कार्यों को ध्वस्त किया तथा संबंधित लोगों को कड़ी चेतावनी जारी की।

**आमजन को ठगी से बचाने के लिए सख्ती:** एमडीडीए अधिकारियों के अनुसार अवैध प्लॉटिंग के मामलों में आम नागरिकों को सस्ते प्लॉट का लालच देकर जमीन बेची जाती है, जिसके बाद खरीदारों को सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव और कानूनी विवादों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण द्वारा अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें अवर अभियंता स्वाती कोहली, प्रवेश नौटियाल सहित प्राधिकरण की टीम मौजूद रही।

### अवैध निर्माण पर जीरो टॉलरेंस : बंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग एवं निर्माण गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बिना स्वीकृति भूमि विकास करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्लॉट या संपत्ति की खरीद से पूर्व संबंधित लेआउट की प्राधिकरण से स्वीकृति अवश्य जांच लें, ताकि भविष्य में आर्थिक और कानूनी नुकसान से बचा जा सके।



### लगातार हो रही मॉनिटरिंग : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग की नियमित निगरानी की जा रही है। जहां भी बिना अनुमति भूमि विकास या निर्माण कार्य पाया जा रहा है, वहां तत्काल प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित एवं नियोजित शहरी विकास सुनिश्चित करना प्राधिकरण की प्राथमिकता है और आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## लच्छीवाला टोल प्लाजा स्थानांतरण की मांग तेज, सुरक्षा को लेकर चिंता गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** लच्छीवाला टोल प्लाजा को हाथी कॉरिडोर क्षेत्र से स्थानांतरित की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।

डोईवाला के विधायक बृजभूषण गैरोला ने दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन सौंपकर लच्छीवाला हाथी कोरिडोर क्षेत्र में बने टोल प्लाजा को स्थानांतरित करने की मांग की है। विधायक ने ज्ञापन में बताया कि टोल प्लाजा ऐसे संवेदनशील इलाके में स्थित है, जो हाथियों के प्राकृतिक आवागमन का प्रमुख मार्ग है। पूर्व में यहां हाथियों द्वारा राहगीरों और वाहन चालकों पर हमले की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा पर वाहनों का रुकना, लंबी कतारें और बढ़ता शोर हाथियों को आक्रामक बना सकता है। इसका सीधा असर यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों की दैनिक जीवन व्यवस्था पर पड़ रहा है। स्थानीय लोग लंबे समय से भय के माहौल में रहने को मजबूर हैं। विधायक बृजभूषण गैरोला ने मांग की कि टोल प्लाजा को किसी सुरक्षित वैकल्पिक स्थान पर शीघ्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्रीय मंत्रालय इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों और यात्रियों को राहत मिल सके।

■ हाथी कॉरिडोर क्षेत्र में टोल से बढ़ रहा खतरा, विधायक ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# सुनील राठी गैंग के दो शार्प शूटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ और देहरादून पुलिस की संयुक्त टीम ने राजधानी में एक बड़ी सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने की फिराक में आए कुख्यात सुनील राठी गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए बदमाशों में से एक पूर्व में माफिया मुख्तार अंसारी और संजीव जीवा गैंग का मुख्य शूटर रह चुका है। पुलिस ने इनके पास से दो अवैध पिस्टल और सात जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के तहत एसटीएफ और स्थानीय पुलिस जेल में बंद अपराधियों के संपर्कों पर पैनी नजर रख रही थी। गुरुवार को तकनीकी इनपुट के आधार पर संयुक्त टीम ने राजपुर क्षेत्र में घेरा. बंदी कर एक संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन को रोका। तलाशी के दौरान वाहन सवार भानू चौधरी (निवासी सहारनपुर) और पारस (निवासी मुजफ्फरनगर) को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ थाना राजपुर में बीएनएस की संगीन धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेंद्र डोभाल ने बताया कि पकड़े गए एक बदमाश कई बड़े अपराधों को अंजाम दे चुके हैं। वहीं उन्होंने बताया कि अपराधीक घटनाओं को अंजाम देने वालों को बक्सा नहीं जाएगा।

■ मुख्तार अंसारी और संजीव जीवा का पूर्व शूटर भी चढ़ा हत्थे

**हरिद्वार के प्रॉपर्टी डीलर का नाम आया सामने:** पुलिस की जांच में हरिद्वार के एक विवादित प्रॉपर्टी डीलर का नाम भी प्रकाश में आया है, जो पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। वह लगातार सुनील राठी के संपर्क में रहकर इन शूटर्स को स्थानीय स्तर पर मदद पहुंचा रहा था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है कि आखिर ये दोनों शूटर देहरादून में किस बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। राजपुर पुलिस ने पकड़े गए दोनों के विरुद्ध कानून कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा।

### जेल से चल रहा था उगाही का खेल

पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी पारस, जो पहले मुख्तार अंसारी और संजीव जीवा के लिए काम करता था, उनकी मौत के बाद सुनील राठी गैंग में शामिल हो गया। जांच में सामने आया कि ये दोनों शूटर जेल में बंद सुनील राठी के लगातार संपर्क में थे और उसके इशारे पर देहरादून व हरिद्वार की बेशकीमती विवादित जमीनों में हस्तक्षेप कर व्यापारियों से मोटी रकम वसूल रहे थे।

सुनील राठी के खौफ के कारण पीड़ित व्यापारी पुलिस के पास आने से डर रहे थे।गिरफ्तार अभियुक्त पारस का लंबा आपराधिक इतिहास है। उस पर मुजफ्फरनगर, शामली और देहरादून के विभिन्न थानों में हत्या (302), हत्या का प्रयास (307), रंगदारी (386) और गैंगस्टर एक्ट जैसे 8 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

# काली कुमाऊँ की होली हमारी समृद्ध लोकपरंपरा व सांस्कृतिक पहचान: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लोहाघाट / चंपावत।** लोहाघाट के रामलीला मैदान में आयोजित काली कुमाऊँ होली रंग महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली गायन के साथ जनसमूह के साथ होली गायन में प्रतिभाग किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान के आधार स्तंभ हैं और चम्पावत के काली कुमाऊँ की होली अपनी विशिष्ट और पारम्परिक होली गायन के लिए विशेष स्थान रखती है।

उन्होने कहा होली समारोह जैसे आयोजन हमारी समृद्ध विरासत को संजोने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। चम्पावत में आधुनिक परिवेश के बीच भी पारंपरिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखना सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे महोत्सव सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेलकर उत्सव की खुशियों को साझा किया और सभी प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण होली की मंगलकामनाएं दीं। इस दौरान सांसद (लोकसभा) एवं भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, दर्जा मंत्री श्याम नारायण पांडे, जिला पंचयात अध्यक्ष आनंद अधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, प्रेमा पांडे, सहित मुकेश कलखुड़िया, सुभाष बगोली, हिमेश कलखुड़िया, निर्मल महरा, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी. एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



■ लोहाघाट होली रंग महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री, जनसमुदाय संग साझा की उत्सव की खुशियां

# विवि के कुलपति को सेवा विस्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रोफेसर मनमो. हन सिंह चौहान को छह महीने का विस्तार दिया गया है। प्रोफेसर चौहान का छः माह का कार्यकाल 28 फरवरी 2026 को पूर्ण हो रहा है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के कुलाधि. पति ले ज गुरमीत सिंह द्वारा लिया गया है। इस विस्तार के साथ प्रोफेसर चौहान 1 मार्च 2026 से अगले छह माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेश तक, जो भी पहले हो, तब तक विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। इस कदम से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गति. विधियों के संचालन में निरंतरता सुनिश्चित होगी। निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल ने बताया कि कुल. पति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने अपना प्रथम तीन वर्ष का कार्यकाल 29 अगस्त 2022 से 28 अगस्त 2025 तक अत्यंत सफलतापूर्वक पूर्ण किया और उनको उसके बाद छः माह का विस्तार दिनांक 29 अगस्त 2025 से 28 फरवरी 2026 तक राज्यपाल उत्तराखण्ड एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले.ज. गुरमीत सिंह द्वारा दिया गया था। कुल. पति के तीन वर्ष छः माह के कार्यकाल में शैक्षणिक शोध, प्रसार की गतिविधियों में चौमुखी विकास हुआ वहीं मूलभूत नयी संरचनाएं बनी एवं पुरानी अवस्थापनाओं का नवीनीकरण भी हुआ। इस अवधि में तीन दीक्षांत समारोह जिसमें की देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कुल सात किसान मेलों का भी सफल आयोजन हुआ जिससे देश एवं प्रदेश के किसान लाभान्वित हुए। 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन का उनके नेतृत्व में आयोजन बेमिसाल रहा जिसमें कि लगभग तीन हजार लोगों ने प्रतिभाग ही नहीं किया बल्कि नये कीर्तिमान भी स्थापित हुए।

# विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार आज के जीवन का अभिन्न अंग: बर्धन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (युकॉस्ट), देहरादून स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र में दो -दिवसीय नवाचार महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने किया । इस अवसर पर नितेश कुमार झा, सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सुराज तथा सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तराखण्ड सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि आनंद बर्धन ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार आज के जीवन का अभिन्न अंग हैं तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और नवाचार की दिशा में सक्रिय रूप से आगे बढ़ना चाहिए।

नितेश कुमार झा ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं पहलुओं की जानकारी देते हुए राज्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता पर बात की। यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने नवाचार महोत्सव के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य के विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स एवं नवचारकों को अपने विचारों एवं तकनीकी उपलब्धियों के प्रदर्शन के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने साइंस सिटी निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया तथा यूकॉस्ट की विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया, जिनमें सामुदायिक रेडियो स्टूडियो (विज्ञान वाणी), जैव विविधता पार्क, हाइड्रोपोनिक सेटअप, जल प्रयोगशाला, बौद्धिक सम्पदा अधिकार केन्द्र, साइंस एजुकेशन रिसर्च विंग, नालेज मैनेजमेंट सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब, हिमालयन गैलरी एवं अन्य प्रमुख अवसंरचनाएं एवं अनुभाग मुख्य रूप से शामिल रहे.

इस अवसर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार विषयक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें विभिन्न नवाचार परियोजनाओं एवं स्टार्टअप्स ने अपने उत्पाद एवं मॉडल प्रदर्शित किए। प्रथम पैनल चर्चा "विज्ञान एवं नवाचार में महिलाएं: अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा" विषय पर आयोजित की गई, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से महिला उद्यमियों ने सहभागिता की। पैनल में डॉ. रीमा पंत (शिक्षाविद्), मीनाक्षी खाती (ऐपण प्रोजेक्ट), हिमानी गोस्वामी (विकास्या), नमिता टम्टा (बाबा एग्रोटेक) शामिल रही । द्वितीय पैनल चर्चा "प्रभावी नवाचार: विज्ञान आधारित स्टार्टअप्स एवं बैंकिंग सहयोग की भूमिका" विषय पर आयोजित की गई। इस सत्र में डॉ. भुवन जोशी, डिप्टी हेड , उदयपुर सोलर ऑब्जर्वेटरी , श्री अजय रावत (एस्ट्रोवर्स, हल्द्वानी) तथा डॉ. पीयूष गोयल, एमेरिटस वैज्ञानिक, यूकॉस्ट शामिल रहे। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, नाटक, प्रश्नोत्तरी, एक्सटेम्पोर, पोस्टर एवं मॉडल आदि में प्रतिभाग किया । साथ ही रचनात्मकता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स एवं स्टेम विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया गया जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। बौद्धिक संपदा अधिकार एवं करियर मार्गदर्शन विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. डी.पी. उनियाल, संयुक्त निदेशक, यूकॉस्ट द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस नवाचार महोत्सव में यूकॉस्ट एवं आंच. लिक विज्ञान केंद्र के अधिकारियों सहित 300 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विभिन्न शिक्षण संस्थानोंख्रसार्क एजुकेशन नेपाल, हिमज्योति पब्लिक स्कूल, सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल, टोंस ब्रिज स्कूल, सेंट जोसेफ अकादमी, उत्तरांचल विश्वविद्यालय आदि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

यह नवाचार महोत्सव नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों एवं विद्यार्थियों को एक साझा मंच पर लाने में प्रयासरत है तथा राज्य में नवाच. ार एवं वैज्ञानिक सोच को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्यरत है।



■ विज्ञान धाम-युकॉस्ट में दो दिवसीय नवाचार महोत्सव का शुभारंभ

## एक नजर .......

### सीएम ने आईटीबीपी जवानों का बढ़ाया मनोबल, हिमवीरों को दी होली की शुभकामनाएं

**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहाघाट स्थित 36वीं वाहिनी आईटीबीपी में पहुंचकर देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात हिमवीरों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उपहार भेंट किए तथा उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा राष्ट्र की सुरक्षा में हिमवीरों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों की विषम भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों में तैनात हमारे वीर जवान देशवासियों की सुरक्षा का सशक्त कवच हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहार हमें आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। ऐसे पावन अवसर पर अपने परिवारों से दूर रहकर मातृभूमि की रक्षा में समर्पित हिमवीरों का त्याग और बलिदान पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है।



### सेवायोजन अधिकारी अब बनेंगे करियर कोच, पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**देहरादून।** युवाओं को बेहतर भविष्य की राह दिखाने के लिए कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सुद्धोवाला स्थित श्सेंटर फॉर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इन फाइनेंशियल इंस्टीट्यूटश में विभाग के समस्त अधिकारियों के लिए आयोजित पाँच दिवसीय श्सर्टिफाइड करियर डेवलपमेंट प्रोफेशनलश प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन हो गया।

बेंगलुरु की विख्यात संस्था श्इंटरनेशनल स्कूल ऑफ काउंसलिंग एंड हॉलिस्टिक स्टडीजश द्वारा आयोजित इस शिविर में निदेशालय से लेकर जनपद स्तर तक के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विभागीय सचिव श्री रविशंकर भी उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि इस प्रशिक्षण का लाभ राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के छात्रों तक पहुँचे, ताकि वे अपने करियर के प्रति जागरूक हो सकें।संस्था की ओर से मुख्य प्रशिक्षक कृष्णा अय्यर एवं ममता तनेजा ने अधिकारियों को करियर काउंसलिंग की बारीकियों और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। अब ये प्रशिक्षित अधिकारी धरातल पर उतरकर प्रदेश के युवाओं को सही दिशा चुनने में मदद करेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्राओं को मिली समाज सेवा की प्रेरणा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** डीएवी (पीजी) कॉलेज की एनएसएस एसपीओ एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सेंगर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं के लिए समाज सेवा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। शिक्षा के साथ-साथ "राष्ट्र प्रथम" की भावना को आत्मसात कर विद्यार्थी एक श्रेष्ठ नागरिक बन सकते हैं।

वह रायपुर स्थित बाल भवन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शि. विर में छात्राओं को संबोधित कर रही थीं।

शिविर में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आपदा प्रबंधन, अग्निशमन और प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि रेड क्रॉस विश्व का सबसे बड़ा मानवतावादी संगठन है, जो युद्ध और आपदा दोनों परिस्थितियों में सेवा देता है।

उन्होंने उत्तरकाशी (2012) और केदारनाथ आपदा (2013) के अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणुका रावत ने बताया कि छात्राओं को आग के प्रकार, फर्स्ट-सेकंड-थर्ड डिग्री बर्न की पहचान, रूल ऑफ 9, एनीमिया, थैलीसीमिया तथा आपदा के दौरान रेस्क्यू तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। फायरमैन लिफ्ट, फोर एंड आफ्ट मेथड और रोप रेस्क्यू का प्रदर्शन भी किया गया।

■ रक्तदाता शिरोमणि डॉ. अनिल वर्मा सम्मानित

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006

दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508

सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-177 **निविदा सूचना** दिनांक- 27/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन) छिबरो जल-विद्युत गृह, छिबरो (देहरादून) द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

**निविदा सं0 : 17/ईई(उ)/सीपीएच/2025-26**

**कार्य का नाम :** छिबरो विद्युत गृह पर 69 एमवीए जनरेटर ट्रन्सफार्मरों के संभावित दोशो की पहचान के लिये डायग्रोस्टिक्स एवं इंजीनियरिंग विश्लेशण द्वारा विस्तृत मुल्याकंन तेल के परीक्षण हेतु।

**अनुमानित लागत :** रू0 8,31,510.00 जीएसटी अतिरिक्त।

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 26.02.2026 10:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 20.03.2026 को 15:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधि0अभि0(उ) छिबरो

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमि0**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर (चमोली)

दूरभाषः 01372-262463 कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्याः U40109UR2001SGC025867

**ई-निविदा विस्तारीकरण सूचना**

इस कार्यालय पत्रांक संख्या- 1483/वि०वि०ख०गोपे0/टी-1 दिनांक **28.01.2026** द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित ई-निविदा निम्नानुसार विस्तारित की जाती हैं-

| क्र0 सं0 | ई-निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 25/वि०वि०ख० गोपे0/25-26 | 09.03.2026 12:00 बजे अपराहन तक | 09.03.2026 12:00 बजे अपराहन तक | 10.03.2026 10:30 बजे पूर्वाहन |
| 02 | 26/वि०वि०ख० गोपे0/25-26 | | | |
| 03 | 27/वि०वि०ख० गोपे0/25-26 | | | |
| 04 | 28/वि०वि०ख० गोपे0/25-26 | | | |

पत्रांकः 1584/वि0वि0ख0गोपे0/टी-1 दिनांकः 27/02/2026 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचाये, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमि0**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, नारायणबगड़ (चमोली) दूरभाषः 01363-255215

कारपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UP2001SG025867/2358 Email:eddnbagar@yahoo.com

**ई-निविदा विस्तारीकरण सूचना**

इस कार्यालय पत्रांक संख्या- 115/वि०वि०ख०ना0बगड/टी-1 दिनांक **27.01.2026** द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित ई-निविदा निम्नानुसार विस्तारित की जाती हैं-

| क्र0 सं0 | ई-निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18/वि०वि०ख० ना0बगड/25-26 | 10.03.2026 12:00 बजे अपराहन तक | 10.03.2026 12:00 बजे अपराहन तक | 11.03.2026 10:30 बजे पूर्वाहन |

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"

पत्रांकः 198/वि0वि0ख0ना0/बगड/टी-1 दिनांकः 27/02/2026 अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800-419-0405

# हरिद्वार में प्रस्तावित पॉड टैक्सी परियोजना का सचिव आवास ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार पहुंचे सचिव आवास आर राजेश कुमार ने शहर में प्रस्तावित 21 किलोमीटर मेट्रो पीआरटी (पॉड टैक्सी) परियोजना का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि परियोजना की कुल लंबाई 20.74 किमी है, जिसमें 21 स्टेशन प्रस्तावित हैं। परियोजना को 15 फरवरी 2023 को उत्तराखण्ड सरकार की मंत्रिमंडल बैठक में अनुमोदन मिल चुका है। परियोजना के लिए कुल 4.8743 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित है, जिसमें निजी और रेलवे भूमि भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के क्रियान्वयन से शहर में यातायात जाम की समस्या कम होगी। ऑन-डिमांड, चालक-रहित एवं पूर्णतः स्वचालित यह इलेक्ट्रिक



प्रणाली पर्यावरण अनुकूल होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाएगी। कम भूमि आवश्यकता तथा नियंत्रित गाइडवे पर संचालन होने से इसकी सुरक्षा भी बेहतर रहेगी।

निरीक्षण के दौरान टीम ने भारत माता मंदिर हरिद्वार से प्रारम्भ होकर शान्तिकुंज, मोतीचूर, खड़खड़ी भीमगोड़ा होते हुए ललतारों ब्रिज तक प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया। प्रस्तावित स्टेशन, पार्किंग स्थलों और आवश्यक भूमि पर भी चर्चा की गई। इसके बाद वाल्मीकि चौक हरिद्वार, मनसा देवी रोपवे गेट, अपर रोड होते हुए हर की पौड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। हर की पौड़ी स्टेशन की समीक्षा के उपरांत दीन दयाल पार्किंग हरिद्वार पर प्रस्तावित इंटीग्रेटेड रोपवे (माँ चण्डी देवी मंदिर एवं मनसा देवी मंदिर) के लोअर टर्मिनल का सर्वेक्षण किया गया तथा संरेखण पर विचार-विमर्श हुआ। इसके बाद हर की पौड़ी से ललतारों ब्रिज, वाल्मीकि चौक होते हुए ऋषिकुल एवं सीतापुर क्षेत्र तक चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया गया। सचिव आवास आर राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार परियोजना को शीघ्र प्रारम्भ किया जाए तथा राजकीय भूमि के हस्तांतरण और अधिग्रहण की कार्यवाही प्राथमिकता से पूरी की जाए, जिससे कार्य समयबद्ध रूप से शुरू हो सके। निरीक्षण के दौरान उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त संजीव मेहता, संयुक्त महाप्रबंधक कृष्णानंद शर्मा, संयुक्त महाप्रबंधक जयनंदन सिंहा, सहायक प्रबंधक अजयबीर सिंह नेगी, सेक्शन इंजीनियर सौरभ पटवाल, सर्वेयर हरिओम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिजली बिलों पर सरचार्ज व स्मार्ट मीटर के विरोध में पदयात्रा निकालेंगी विधयक अनुपमा रावत

**हरीश रावत, गणेश गोदियाल, प्रीतम सिंह, यशपाल आर्य भी होंगे पदयात्रा में शामिल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बिजली बिलों पर लगाए जा रहे सरचार्ज और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत ने शनिवार को पदयात्रा निकालने का ऐलान किया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक अनुपमा रावत ने कहा कि विद्युत विभाग मनमानी पर उतारू है। घरेलू एवं कमर्शियल बिजली दरों में भारी बढ़घेतरी के साथ सरचार्ज भी वसूल किया जा रहा है। घरों पर मनमाने तरीके से स्मार्ट लीटर लगाए जा रहे हैं। मात्र पांच हजार रूपए का बिल बकाया होने पर भी विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी लोगों के घरों में घुसकर कनेक्शन काट रहे हैं। जुर्माना लगाकर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। विद्युत विभाग की



इस मनमानी को सहन नहीं जाएगा। अनुपमा रावत ने कहा कि विद्युत विभाग की मनमानी के विरोध में 28 फरवरी शनिवार को नूरपुर पंजनहेड़ी से बुढ़ढी माता मंदिर तक पदयात्रा निकाली जाएगी और विद्युत विभाग के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। अनुपमा रावत ने बताया कि पदयात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधायक प्रीतम सिंह, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित जनपद के सभी कांग्रेस विधायक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह, पूर्व सभासद अशोक शर्मा, राजवीर सिंह चौहान, पार्षद सुनील कुमार, विमला पांडे, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संतोष चौहान, अंजू मिश्रा, मुशर्रफ अंसारी, पूनम भगत सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जनगणना-2027 को लेकर तीसरे दिन भी कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पीआर चौहान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में 2026-27 में की जा रही जनगणना के संबंध में तीसरे दिन भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक भूलेख अधिकारी उत्तम सिंह ने अवगत कराया कि आगामी जनगणना-2027 का प्रथम चरण (मकान सूचिकरण एवं मकानों की गणना) वर्ष 2026 एवं द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) 2027 में किया जाना निर्धारित है। जनपद हरिद्वार में आज तीसरे दिन भी समस्त जनगणना संबंधित अधिकारियों, चार्ज जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों को अपर जिलाधिकारी (प्र०)प्रशासन पी आर चौहान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आज तीसरे दिन भी कार्यशाला का आयोजन कर जनपद के समस्त जनगणना संबंधित अधिकारियों, चार्ज जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों को जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय भारत सरकार, उत्तराखण्ड देहरादून के प्रतिनिधि श्री नीरज कुमार, सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-।।, अमीर आलम, सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-।। प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में जनपद के समस्त जनगणना संबंधित अधिकारियों, चार्ज जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी को लैपटॉप के माध्यम से जनगणना सम्बन्धित पोर्टल पर कार्य कराया गया तथा पोर्टल पर कार्य करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। जनपद स्तर पर आयोजित उक्त प्रशिक्षण में पी०एल०शाह, नगर आयुक्त कोटद्वार, नगर आयुक्त, रूडकी, श्री उत्तम सिंह, सहायक भूलेख अधिकारी, श्री नीरज कुमार, सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-।।, अमीर आलम, सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-।। जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं जनपद के सभी जनगणना चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी व सहायक उपस्थित रहें।

## भांजे ने मामी का फोड़ा सिर, दी तहरीर

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ली निवासी अजित कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका भांजा रोहित पुत्र संजय कुमार, जो पड़ोस में किराये पर रहता है। अक्सर गाली-गलौज व मारपीट करता रहता है। अजित कुमार के अनुसार शुक्रवार को रोहित ने फिर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी मोना देवी के साथ भी आरोपी ने मारपीट कर दी, जिससे उनका सिर फट गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर घायल मोना देवी का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है पत्रकारिता : चिन्मय पंडया

**प्रेस क्लब में व्याख्यान माला का किया आयोजन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रेस क्लब में आयोजित किया जा रहे हिंदी पत्रकारिता दिशताब्दी समारोह के तहत श्प्रेस क्लब सभागार में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथी देव संस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डा. चिन्मय पंडया, मुख्य वक्ता नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप कुमार तिवारी, निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वरिष्ठ पत्रकार कौशल



सिखोला, रजनीकांत शुक्ला, संजय आर्य, संदीप रावत ने स्मृति चिन्ह, रूद्राक्ष की माला एवं गंगाजली भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज के प्रतिकुलपति डा. चिन्मया पंड्या ने कहा कि पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। अघोषित चुनौती और विषम परिस्थितियों में पत्रकारों को कार्य करना पड़ता है। पत्रकारिता के दो धर्म हैं। एक गुस्सा भड़काता और दूसरा संवेदना जगाता है। पत्रकार लोगों में संवेदना जगाएं। एनयूजेआई के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि पत्रकारों की परिस्थिति बहुत चिंताजनक है। पत्रकारिता का दमन हो रहा है। प्रिंट मीडिया तथ्य के आधार पर खबर छपता है। लेकिन सोशल मीडिया इससे बहुत दूर है और सनसनी फैलाता है। उन्होंने कहा कि सरकार पत्रकारों और उनके परिवार के प्रति गंभीर नहीं है। एआई के आने से संस्थानों पत्रकारों की संख्या घटेगी। इसलिए पत्रकारों के हितों के लिए आयोग का गठन किया जाना चाहिए। निरंजनी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी ने कहा कि अच्छी पत्रकारिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। पत्रकारों को सच दिखाना चाहिए। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे द्विशताब्दी समारोह के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में हिंदी पत्रकारिता और पत्रकारों के समक्ष चुनौतियों आदि विषयों पर गहन चिंतन मनन किया जा रहा है। जिसका लाभ पत्रकारिता और पत्रकारों को मिलेगा। इस अवसर पर सुनील दत्त पांडे, रामचंद्र कन्नौजिया, राहुल वर्मा, काशीराम सैनी, आशु शर्मा, अविक्षित रमन, देवेंद्र शर्मा, श्रवण कुमार झा, बालकृष्ण शास्त्री, सागर जोशी, नरेश दीवान शैली, राहुल चौहान, प्रशांत शर्मा, विकास झा, डा.हिमांशु द्विवेदी, विकास चौहान, दयाशंकर वर्मा, प्रतिभा वर्मा, शिवा अग्रवाल, गुलशन नैयर, सुभाष कपिल, शैलेंद्र ठाकुर, विजेंद्र हर्ष, रतनमणि डोभाल, दीपक नौटियाल, आदेश त्यागी, रजनीकांत शुक्ला, महेश पारिख, तनवीर अली, अमरीश कुमार, लव कुमार शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों के साथ कमला जोशी, प्रदीप चौधरी, विजयपाल बघेल, डा. विशाल गर्ग, संतोष चौहान, जगदीश लाल पाहवा, अंजू द्विवेदी, ऋषि शर्मा, पार्षद परमिंदर सिंह गिल आदि अतिथी मौजूद रहे।

# महर्षि विद्या मंदिर में होली महोत्सव आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर स्थित महर्षि विद्या मंदिर में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने हास्य कविता, डांडिया, होली पर आधारित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच संचालन शिक्षिका इशा प्रधान और पूनम पांडे ने किया। सरस्वती वंदना के साथ प्रधानाचार्य राजीव त्यागी सहित सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य राजीव त्यागी ने कहा कि होली के रंग भाईचारे और प्रेम से रहने की सीख देते हैं। जिस प्रकार होली के रंग एक साथ सुंदर दिखते हैं। वैसे ही हम सबको साथ मिलकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रंगों के महापर्व होली पर शिक्षकों को अपना जीवन छात्र-छात्रों के लिए समर्पित करते हुए उनके जीवन को सही दिशा देकर सफलता के रंग भरने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही छात्रों को भी शिक्षकों के प्रसासों को सार्थक करते हुए सफलता हासिल कर देश की प्रगति में योगदान करना चाहिए। अध्यापक विनय कंडपाल ने होली पर पानी बर्बाद ना करने, स्कूल की कोऑर्डिनेटर भावना चौहान और जया ज्योति ने सभी छात्र-छात्राओं को ऑर्गेनिक कलर का उपयोग करने की सीख दी। कार्यक्रम में प्रज्ञा पूरी, प्रीति रस्तोगी, विक्रांत सिंह, चारू शर्मा, नीतू पांडे, शिप्रा चौधरी, अनुराधा सैनी, आदर्श चौहान, दीपिका सैनी, सोनम भट्ट, शैलजा शर्मा, इशा प्रधान, ममता मलिक, सुनीता दुबे, श्रुति शर्मा, शशी शेखर, प्रेरणा भटनागर, प्रीति मिश्रा, ऋषिकेश द्विवेदी, पूनम पांडे, अर्चना जैन, शालिनी चौधरी, सुमन तनेजा, भूपेंद्र सिंह नेगी, संजीवनी शर्मा , काजल आदि मौजूद रहे।

# रंगभरी एकादशी पर संतों ने मायादेवी मंदिर में खेली पंचगव्य से होली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर में शुकवार को रंगभरी एकादशी (आमलकी एकादशी) धूमधाम से मनाई गई। बद्रीनाथ पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य राजेश्वरानंद गिरि की अध्यक्षता तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी व जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गदर्शन में देश भर से आए साधु-संतों ने पंचगव्य से होली खेलकर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस दौरान जगदगुरू स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि का चादर विधि से अभिषेक भी किया गया। श्रीमहंत हरि गिरि ने कहा कि हरिद्वार धर्म भूमि उत्तराखंड का द्वार है। हरिद्वार का अर्थ हरि व हर यानि भगवान



विष्णु व भगवान शिव के द्वार से है। यहां पूजा-अर्चना करने से भगवान विष्णु व भगवान शिव तक पहुंचने का द्वार खुल जाता है। उत्तराखंड के चार धाम आंनद, मुक्ति व मोक्ष के द्वार हैं। पवित्र नगरी हरिद्वार में भगवान की कृपा से ही रंगभरी एकादशी जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, मनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि की सनातन धर्म को मजबूत करने व सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में फहराने की यात्रा रंगभरी एकादशी से हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर से शुरू होना ईश्वरीय आशीर्वाद ही है। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि रंगभरी एकादशी का बहुत अधिक महत्व है, क्योंकि यह पर्व भगवान विष्णु के साथ भगवान शिव को भी समर्पित है। भगवान शिव विवाह के बाद माता पार्वती के साथ इस दिन ही काशी पहुंचे थे, जहां उनके स्वागत में समस्त शिवगणों, देवताओं और काशीवासियों ने अबीर और गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाया था। तभी से काशी में रंगभरी एकादशी की बहुत अधिक धूम रहती है। इस अवसर पर म.मं. हरिचेतनानंद गिरि, म.मं. स्वामी ललितानंद गिरि, म.मं. शैलेंद्रानंद गिरि, म.मं. आनंदेश्वरानंद गिरि, जूना अखाड़े के महामंत्री श्रीमहंत महेश पुरी, महामंत्री श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि, म.मं. कंचन गिरि, महंत गिरिशानंद गिरि, थानापति ज्वाला गिरि, मायादेवी मंदिर के पुजारी भास्कर पुरी, निर्वाण मंत्री साध्वी शैलजा गिरि महाराज सहित बड़ी संख्या में संत महंत मौजूद रहे।

# वैश्य बंधु महासभा ने होली मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वैश्य बंधु महासभा के मुख्य संयोजक डा. विशाल गर्ग के नेतृत्व में विवेक विहार स्थित कार्यालय पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। नरेश मेहता की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए डा. विशाल गर्ग ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना है। उन्होंने सभी से सनातन संस्कृति के अनुरूप होली मनाने और सामाजिक समरसता को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही महासभा का विस्तार किया जाएगा तथा वैश्य समाज के उत्थान के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। युवा पीढ़ी को समाज की संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के लिए अग्रोहा धाम यात्रा का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिससे युवाओं को महाराज अग्रसेन के जीवन आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा मिल सके। महासभा के संयोजक प्रदीप मेहता एवं हर्षवर्धन जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति पर्वों की संस्कृति है, जिसमें होली का विशेष महत्व है। युवा पीढ़ी को पर्वों की महत्ता से अवगत कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैश्य बंधु महासभा समाज की समस्याओं के समाधान और आपसी एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर तेजप्रकाश साहू, रामबाबू बंसल, कमल ब्रजवासी, शिवम बंधु गुप्ता, शेखर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, आदित्य बंसल, विनोद बृजवासी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल परीक्षा में फर्जीवाड़ा, मास्टर माइंड गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में मूल परीक्षार्थियों के स्थान पर अन्य छात्रों के परीक्षा देने के मामले में रानीपुर कोतवाली पुलिस ने फर्जीवाड़े के मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। खुद को अल्मोडिया इस्लामिक हाईस्कूल का प्रिंसिपल बताने वाले आरोपी ने ट्यूशन पढ़ने वाली छात्रा का फर्जी प्रवेश पत्र बनाकर परीक्षा दिलवाई थी। पुलिस मामले में प्रकाश में आए सावित्री शिक्षा सदन रावली महदूद की भूमिका की भी जांच कर रही है। 24 फरवरी को राजकीय इण्टर कालेज सलेमपुर में फर्जी परीक्षार्थियों के हाईस्कूल की परीक्षा देने का मामला सामने आया था। कालेज के प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र द्विवेदी ने रानीपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने फर्जी तौर पर परीक्षा देने वाले 3 छात्रों और 4 छात्राओं को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से प्रवेश पत्र बरामद किए थे। बाद में सभी को जमानत पर छोड़ दिया गया था। रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की विस्तार से विवेचना करते हुए फर्जी प्रवेश पत्र तैयार कर परीक्षा दिलवाने वाले मुख्य साजिशकर्ता को चिन्हित करते हुए चंगेज अंसारी पुत्र जहीर अंसारी निवासी मेन रोड मोहल्ला चौहनान ज्वालापुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने स्वयं को अल्मोडिया इस्लामिक हाई स्कूल ज्वालापुर का प्रिंसिपल तथा द सक्सेज प्वॉइंट नाम से व्हाट्सएप और सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन कोचिंग का संचालक बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने ट्यूशन पढ़ने वाली छात्रा के परिजनों



से परीक्षा पास कराने के लिए धनराशि ली तथा एक अन्य छात्रा की फोटो का उपयोग कर फर्जी प्रवेश पत्र तैयार कराया और फर्जी प्रवेश पत्र के आधार पर वास्तविक परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरी छात्रा को परीक्षा दिलाई। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा, एसआई मन्दीप सिंह व कांस्टेबल विवेक गुसांई शामिल रहे।

# विश्व में सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं : स्वामी कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी के श्रीलंका प्रवास के दौरान भारतीय उच्चायुक्त के नेतृत्व में श्रीलंका में कार्यरत भारत के अनेक प्रमुख उद्योगपतियों, भारतीय कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ ने उनसे भेंटकर आशीर्वाद लिया। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि पूरे विश्व में सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति से पूरे विश्व को मार्गदर्शन मिलता है। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच मजबूत आत्मीय संबंध हैं। दोनों देशों की परंपराओं और संस्कृति में भी बहुत समानता है। भारतीय उद्योगपति और कंपनियां श्रीलंका के विकास में योगदान कर रही हैं। जिसका श्रीलंका के लोगों को लाभ मिलेगा। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि श्रीलंका प्रवास के दौरान उन्होंने वहां के पौराणिक महत्व के कई धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। श्रीलंका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रीयों और धर्मगुरूओं से भेंट की। श्रीलंका के लोगों से मिले स्नेह और सम्मान से वे अभिभूत हैं। उन्होंने श्रीलंका वासियों को भारत आने और 2027 में हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इससे भारत-श्रीलंका मैत्री संबंध और मजबूत होंगे। यह जानकारी श्रीलंका प्रवास से लौटने के बाद स्वामी कैलाशानंद गिरी के शिष्य स्वामी अंवतिकानंद ब्रह्मचारी ने दी।

# आईटीआई की छात्रा से छेड़छाड़, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र में युवती से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। युवती ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीते शनिवार को फेरूपुर चौकी के अंतर्गत महादेव आईटीआई फेरूपुर के अन्दर पढ़ने वाली एक युवती को अकेली देखकर उसके साथ अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ कर दी। युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी मौके से भाग निकला युवक से परेशान होकर युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पथरी थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि आरोपी युवक गौरव पुत्र नामालूम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पथरी, क्षेत्र के गांव धनपुरा दोगीवाला के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के जनता दरबार मे सड़क की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई है। कहा ग्रामीणों ने सड़क की दोनों ओर कब्जा किया हुआ है। जिससे वहां से निकलने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने जल्द अतिक्रमण हटाने का अश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत धनपुरा के दोगीवाला के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के जनता दरबार मे एक शिकायत पत्र देकर बताया धनपुरा हॉस्पिटल से दोगीवाला जाने वाली सड़क पर दोनों ओर ग्रामीणों ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे वहा को आने जाने वाले राहगीरों एव दोगीवाला के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रात में भी इमर्जेंसी मरीज को हॉस्पिटल लेकर जाने के लिए भी रास्ते से वाहनों को हटवाकर अपने वाहन को निकालना पड़ता है। ग्रामीणों ने रास्ते की पैमाइश के लिए सम्बंधित अधिकारी को पत्र दिया था मगर कोई अधिकारी पैमाइश के लिए नही आया मामला जस का तस बना हुआ है। ग्रामीण उमाशंकर, दीपक रावत, जगदीश सिंह, रामसिंह, मंगल सिंह, रवीश कुमार, आदि ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया इस दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जल्द ही पैमाइश करा कर अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया है।

# प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम में मनायी फूलों की होली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम स्थित श्री जी वाटिका में महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश के सान्निध्य में फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन कीर्तन से हुआ। स्थानीय कलाकारों ने भगवान कृष्ण की लीलाओं पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कवियों ने प्रेम, त्याग व सामाजिक सद्भाव वाली होली रचनाएं पेश की। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति, राजनेता, समाजसेवी, संत व भक्त शामिल हुए। स्वामी रूपेंद्र प्रकाश ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली नई शुरुआत, प्रेम व एकता का प्रतीक है। फूलों की होली से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। जिससे प्रदूषण-मुक्त उत्सव मनाने की प्रेरणा मिलती है।

# होली पर्व को लेकर पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर मांगा सहयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने होली पर्व के त्योहार को लेकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की फेरुपुर डिग्री कालेज में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में होली पर्व को सकुशल सम्पन करने के लिये पुलिस ने जनता से सहयोग की अपील की है। पथरी क्षेत्र के गांव धनपुरा, घिससुपुरा, कटारपुर, चांदपुर, रानीमाजरा, बादशाहपुर, नसीरपुर कला, बहादरपुर जट, फेरुपुर, शाहपुर, पदार्था आदि गांव के ग्राम प्रधान व मौजिज लोगो की शुक्रवार को फेरुपुर डिग्री कालेज में एक मीटिंग हुई। मीटिंग में एसपी देहात शेखर सुयाल, एसओ मनोज नोटियाल, चौकी प्रभारी फेरुपुर विपिन कुमार व राजस्व विभाग की ओर से कानूनगो विजेंदर गिरी, लेखपाल सचिन चौहान ने ग्राम प्रधानों से होली पर्व को सकुशल सम्पन करने के लिये सहयोग मांगा है। ग्राम प्रधानों ने मीटिंग के दौरान होली दहन, फाग में आने वाली समस्याओं के बारे में पुलिस को अवगत कराया। इस दौरान एसपी देहात ने कहा कि गांव में होलिका दहन पहले से चिन्हित जगहों में स्थानों पर ही होलिका दहन करें। इसके अलावा कहीं भी नये स्थान पर होलिका दहन न करें। होली रंग गुलाल से ही खेलें किसी के ऊपर जबरदस्ती रंग न डालें। ऐसा करता पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली के जलूस में हुड़दंग, नारेबाजी व डीजे पर सख्त प्रतिबन्ध है। जिन स्थानों पर पहले से डीजे नहीं बजाया जाता है उन स्थानों पर डीजे का प्रयोग न करे। एसओ मनोज नोटियाल ने कहा कि होली के दिन अपने बच्चों को बाइक न दे। खुफिया विभाग से एसआई नवीन तोमर ने अपनी नजरे गड़ाई रखी। खासकर धनपुरा, इब्राहिमपुर, नसीरपुर कला गांव में होली पर्व पर सख्ती से नजर रखी जा सके। धनपुरा में होली चोक व फाग जुलूस निकालने वाले मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है ताकि हुड़दंग करने वालो पर पैनी नजर रखी जा सके। मीटिंग में पहुचे ग्राम प्रधानों में पूर्व ग्राम प्रधान गालिब हसन, प्रधान दीपक सैनी, रामपाल, तसलीम अहमद, राजपाल, अरविंद कुमार, जयन्त छोटू, विपिन सैनी, लाखन सिंह, जाफिर प्रधान, सुरेंद्र पाल, तंजीम अंसारी, प्रधान सचिन कुमार, खुर्शीद अहमद, डॉ नूर अली, डॉ ओमपाल, सोनू प्रधान साजिद अली रियासत अली, राकेश सैनी, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। एसपी देहात शेखर सुयाल ने बताया होली पूर्व को सकुशल सम्पन करने के लिये ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मीटिंग ली गई है, जिसमे जनता से सहयोग भी मांगा गया है। होली पूर्व पर हुड़दंग करने वालो के साथ सख्ती से पेस आया जाएगा। धनपुरा में सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है।




**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हरिद्वार**
ई-मेलः eeyantrik.hw@gmail.com

पत्रांकः- 284 / निविदा / 03 — दिनांकः- 27.02.2026

**//निविदा सूचना//**

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अर्ह फर्मो से मुहर बन्द निविदायें दिनांक 16.03.2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम हरिद्वार, के कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन 3.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम हरिद्वार, में मनोनीत समिति एवं ठेकेदारो अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी, उक्त तिथि में किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगी :-

| क्र० स० | कार्य का नाम / विवरण | निविदा प्रपत्रो की लागत (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1. | हैलीपैड के पास पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |
| 2. | दक्षद्वीप पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |
| 3. | सिम्बल के पास पार्ट-1 पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |
| 4. | सिम्बल के पास पार्ट-2 पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |
| 5. | सती द्वीप पार्ट-1 पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |
| 6. | सती द्वीप पार्ट-2 पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |
| 7. | सती द्वीप पार्ट-3 पूर्व निर्मित नलकूप का विकास कार्य, पम्पिंग प्लाट अधिष्ठापन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य। | 1770.00 | 29500.00 |

**नोट :- 1. निविदा प्रपत्र कार्यालय अधिशासी अभियंता, यांत्रिक शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, हरिद्वार/कोटद्वार से नगद/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं। 2. अन्य नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।**

अधिशासी अभियन्ता

# मुख्यमंत्री ने किया मां पूर्णागिरि मेले का भव्य शुभारंभ

■ धाम को सालभर संचालित करने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर**( चंपावत) उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं आस्था के केंद्र माँ पूर्णागिरि धाम में आयोजित पूर्णागिरि मेले का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माँ पूर्णागिरि से प्रदेशवासियों और श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और इसके कण-कण में दिव्यता समाई हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णागिरि मेला प्रदेश की आस्था, संस्कृति और पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र है। राज्य सरकार का लक्ष्य इस मेले को भविष्य में पूरे वर्ष संचालित करने का है, जिसके लिए स्थायी



आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पेयजल, शौचालय और ठहरने जैसी सुविधाओं को बेहतर किया जाए।

उन्होंने बताया कि टनकपुर बस स्टेशन को 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इंटर स्टेट बस टर्मिनल (ैठज) के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊँ के प्रमुख मंदिरों का सौंदर्यीकरण और संपर्क मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। पूर्णागिरि धाम में रोपवे निर्माण, मल्टी-लेवल पार्किंग और संचार व्यवस्था सुदृढ़ करने के कार्य भी जारी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णागिरि धाम और आसपास के धार्मिक, ऐतिहा. सिक एवं प्राकृतिक स्थलों को जोड़कर एक विशेष पर्यटन सर्किट विकसित किया जाएगा। इससे चंपावत जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने जनपद में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि चंपावत में साइंस सेंटर का निर्माण, लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज, पॉलिटेक्निक भवन, जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल केयर ब्लॉक तथा नर्सिंग संस्थान का निर्माण किया जा चुका है या प्रगति पर है। श्यामलाताल झील के विकास और क्षेत्र को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय टम्टा ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से उत्तराखंड तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।

**मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं:**

सेलागाड़ से कोटकेंद्री तक संपर्क मार्ग का निर्माण। कालीगूठ व पूर्णागिरि मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का सौंदर्यीकरण। तामली से रूपालीगढ़ होते हुए सीम तक मोटर मार्ग निर्माण। मेला क्षेत्र में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण। मंच-लेठी-वमनगांव-तरकुली-आवड़ा-सेम-चूका मार्ग का सुधारीकरण। आंतरिक मार्गों, विश्राम स्थलों और पुलियों का निर्माण। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को घोषणाओं पर शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए और कहा कि पूर्णागिरि मेला राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान जनप्रति. निधि, अधिकारी, मेला समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने सीएसआर मद से प्राप्त दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ धाम को सालभर संचामुख्यमंत्री ने सीएसआर मद से प्राप्त दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बहल पेपर मिल द्वारा उपलब्ध कराए गए दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जनपद की स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने टनकपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरी झंडी दिखाकर दोनों वाहनों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इसमें



से एक वाहन चिकित्सा विभाग को सौंपा गया है, जिससे आपातकालीन स्थितियों और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदूर क्षेत्रों तक आसान हो सकेगी। वहीं, दूसरा वाहन राजकीय इंटर कॉलेज, मंच के लिए आवंटित किया गया है, जो विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों और छात्र-छात्राओं की आवश्यकताओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बहल पेपर मिल के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि विकास कार्यों में कॉरपोरेट जगत की भागीदारी अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मा सांसद अजय टम्टा, अध्यक्ष, जिला पंचायत चम्पावत आनंद सिंह अधिकारी, उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, उपाध्यक्ष भुवन पांडे, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती चंद, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, डीएम मनीष कुमार, एसपी रेखा यादव आदि मौजूद रहे।

# चकराता में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

■ एकता व संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित हिंदू सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता,



सांस्कृतिक जागरूकता एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। सम्मेलन के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। प्रसिद्ध लोक गायक अज्जू तोमर ने अपने लोकगीतों से समस्त जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अंकुश नगर प्रचारक, सेलाकुई, विजय कृष्ण आचार्य (कथावाचक), प्रतिभा (महिला वक्ता), मूरत राम शर्मा, प्रताप रावत , मीरा राठौर, संगीता राणा, प्रभाकर जोशी तथा नंद लाल भारती ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु चौहान ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने हिंदू संस्कृति की महानता पर प्रकाश डालते हुए समाज में समरस. ता, भाईचारा और आपसी सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया। आयोजन समिति के सदस्य राजवीर राठौर, अनिल चांदना, आनंद राणा, प्रताप नेगी, कुंदन सिंह, तीरथ कुकरेजा, मोनित डीसूजा, प्रदीप, कृपाल, सुधांशु, नीरज सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# रमजान के महीने में अल्लाह की रहमतें ढूंढ रही बहाने: मुहम्मद अरशद

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**विकासनगर।** आयशा मस्जिद, परतीतपुर धर्मावाला के इमाम मौलाना मुहम्मद अरशद रशीदी चौंची साहब ने रमजान और तरावीह की फजीलत बयान की। उन्होंने हजरत अबू सईद खुद्दरी रजि० की रिवायत बयान करते हुए कहा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया "जब रमजान की पहली रात आती है तो आसमानों के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और फिर रमजान की आखिरी रात तक कोई दरवाजा बंद नहीं किया जाता। रशीदी साहब ने कहा जो मोमिन बंदा रमजान की रातों में नमाज पढ़ता है और इससे मुराद तरावीह की नमाज है तो अल्लाह हर सजदे के बदले डेढ़ हजार नेकियाँ लिखता है और उसके लिए जन्नत में लाल याकूत का एक घर बना देता है। उस घर के हजार दरवाजे होंगे और हर दरवाजे के साथ सोने का एक महल होगा, जो लाल याकूत से सजा हुआ होगा। फिर जब बंदा रमजान के पहले दिन का रोजा रखता है तो उसके पिछले तमाम गुनाह माफ कर दिए जाते हैं, यानी पिछले रमजान से अब तक जो भी हुए हों। और हर दिन फज्र की नमाज से लेकर सूरज डूबने तक सत्तर हजार फरिश्ते उसके लिए मगफिरत की दुआ करते रहते हैं। इस महीने में बंदा दिन या रात में जितनी भी नमाजें पढ़ेगा, हर सजदे के बदले उसे जन्नत का एक ऐसा दरख्त मिलेगा जिसकी छाया में सवार पाँच सौ साल तक चलता रहेगा।" उन्होंने कहा कि इस वक्त अल्लाह की रहमत बहाने ढूँढ रही है क्या कोई मगफिरत का तलबगार है कि उसकी मगफिरत की जाए?

# देश में अमन शांति की के लिए रोजेदारों के उठे हाथ

■ रमजान माह के दूसरे जुमे की रोजेदारों ने अदा की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून की सभी मस्जिदों में रमजानुल मुबारक के दूसरे जुमे की नमाज पूरी अकीदत के साथ अदा की गई। विकासनगर जामा मस्जिद में जुमे की नमाज पेश ईमाम हाफिज बशारत अली ने अदा करायी। रोजेदारों ने कौम की तरक्की के साथ साथ देश व प्रदेश की खुशहाली तथा अमन शांति की दुआएं मांगी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पछवादून की सभी



मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स मौजूद रही।

जामा मस्जिद विकासनगर के पेश इमाम हाफिज बशारत अली ने नमाज से पहले अपने बयान में रमजान की फजीलत बताई तथा कहा कि रोजा हर बालिग औरत व मर्द पर फर्ज है। रमजान के मुकद्दस महीने में जुमे का भी विशेष महत्व होता है। उन्होंने रमजान को रूह की तरबियत व इबादत का महीना बताते हुए कहा कि यह महीना खालिस इबादत करने का महीना है। इस मुकद्दस महीने में जितनी भी खुदा की इबादत की जाए कम है। कहा रोजा इंसान की तमाम बुराईयों से बचाता है। अगर इंसान सिर्फ अपने कमियां देखकर उन्हें दूर करने की कोशिश करे तो दुनिया से बुराईयां खुद ब खुद समाप्त हो जाएगी।

## होली का पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंप. रा का प्रतीक: बलूनी

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत श्रीकोट क्षेत्र में आयोजित भव्य होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों का उत्साह देखते ही बना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने सभी को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा का प्रतीक है, जो समाज में प्रेम, भाईचारा और आपसी सौहार्द को मजबूत करता है। सांसद बलूनी ने कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक संपन्न हो गई। दूसरे दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने किया।

प्रतियोगिता के तहत योग, टेबल टेनिस एवं कैरम मुकाबले आयोजित किए गए। योग प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में तनुजा चौहान प्रथम, शालिनी द्वितीय व रेशमा तृतीय रहीं, जबकि बालक वर्ग में अरुण भारती प्रथम, रितेश कुमार द्वितीय और प्रदीप चौहान तृतीय स्थान पर रहे। टेबल



टेनिस में रितेश कुमार ने प्रथम, कपिल चौहान ने द्वितीय व अरुण भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम के बालक वर्ग में ऋतिक-रितेश की टीम विजेता रही, जबकि बालिका वर्ग में तनुजा चौहान व अंकिता चौहान की टीम ने बाजी मारी। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. पवन खुदवान ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र, मेडल व ट्रॉफियां प्रदान कीं। विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कपिल चौहान (बालक वर्ग) एवं कुमारी रेशमा (बालिका वर्ग) ऑलराउंडर चैंपियन घोषित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन खुदवान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम पर अभद्र टिप्पणि करना राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ: नैथानी

■ बोले, पीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों पर बनने कानून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गंगा आरती समिति श्रीनगर के अध्यक्ष प्रेमबल्लभ नैथानी ने कहा कि कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा देश के प्रधानमंत्री पर की जा रही अभद्र टिप्पणियां न केवल राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ हैं,

बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को भी नुकसान पहुंचा रही



हैं। कहा कि देश के शीर्ष नेतृत्व पर सार्वजनिक मंचों से तीखी और व्यक्तिगत टिप्पणियां की जाती हैं, तो उसका असर वैश्विक कूटनीतिक संबंधों पर भी पड़ता है। साथ ही देश की छवि भी धुमिल हो रही है।

शुक्रवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेम बल्लभ नैथानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर कड़े प्रावधानों की जरूरत है।

कहा कि वैश्विक मंचों पर देश के किसी भी प्रधानमंत्री के खिलाफ यदि कोई भी अशोभनीय भाषा का प्रयोग करता है तो उसको सीधे फांसी की सजा दिए जाने और देश द्रोही घोषित कर उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। अलकनंदा में दुरदर्शा पर प्रेम बल्लभ नैथानी ने कहा कि अलकनंदा में पानी न छोडने के कारण गंगा आरती के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कहा कि इस संदर्भ में कई बार जीवीके कंपनी के प्रबंधक से वार्ता करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई भी जवाब नहीं मिल पाया। कहा कि घाटों की स्थिति को लेकर नगर निगम प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होने गंगा आरती के लिए अलकनंदा नदी में पानी में छोडने की अपील की है। साथ ही घाटों की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम प्रशासन को आगे आकर घाटों को सुरक्षित, व्यवस्थित और स्वच्छा रखने की मांग की है।

# अल्टस स्कूल की तूबा कुरैशी व असद ने तहसील स्तर पर ट्रॉफी की हासिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 21 नवंबर 2025 को आयोजित की गई थी जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रतिभागियों में से कक्षा नौ की तूबा कुरैशी को तहसील स्तर पर द्वितीय श्रेणी और कक्षा छः के मुहम्मद असद को तृतीय श्रेणी आने पर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और कक्षा छह के कुश बलाना को स्वर्ण पदक , कक्षा सात की अर्चना को कांस्य पदक तथा कक्षा आठ के अंशिक सिंह को रजत पदक प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्या श्रीमती अनु गुप्ता जी ने सभी विद्यार्थियों को ट्रॉफी व पदक से सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को बधाई दी।

**न्यायालय असि. कलेक्टर प्रथम श्रेणी बारहस्यूं पौडी।**

**वाद सं. 10/2025-2026**

**वादी**- कुलदीप सिंह

**बनाम**

**प्रतिवादी**-समस्त सहखातेदार व आदि

**नोटिस बनाम्** 1. दलीप सिंह पुत्र नत्था सिंह, 2. विजय सिंह पुत्र श्री ज्ञान सिंह, 3. सावित्री देवी वि. सते सिंह 4. हरीश सिंह पुत्र सते सिंह 5. गिरीश सिंह पुत्र सते सिंह 6. दीपक पुत्र गोविन्द सिंह विशाल पुत्र गोविन्द सिंह 7. सत्याभामा पत्नी गोविन्द सिंह 8. विनोद सिंह पुत्र स्वरुप सिंह 9. धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्वरुप सिंह 10. कैलाश सिंह पुत्र गबर सिंह 11. भगवना देवी पत्नी गबर सिंह 12. कलम सिंह पुत्र केदारु 12/ 1. भगवानी देवी पत्नी कलम सिंह 13. भरत सिंह पुत्र ध्यान सिंह 14. बिमला देवी पुत्री पुत्ती देवी 15. जगत सिंह पुत्र कमला देवी 16. गबर सिंह पुत्र कमला देवी 17. दीपक सिंह पुत्र कमला देवी। समस्त निवासीगण ग्राम जामला पट्टी बनगढस्यूं-01 तहसील पौडी जिला पौडी गढवाल।

चूंकि वादी ने इस न्यायालय में एक वाद अन्तर्गत धारा 143 उ.प्र. ज०वि० एवं भू०सु०अधि० के तहत ग्राम जामला पट्टी बनगढस्यूं-01 तहसील पौडी जिला पौडी गढवाल की खतौनी खाता सं० 19 के खसरा सं० 1381 मध्ये कुल रक्वा 0.020 हे० भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु अकृषक घोषित कराये जाने हेतु योजित किया है जिसमें आपत्ति हेतु दि० 02.03.2026 की तिथि नियत है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि दि० 02.03.2026 को समय 1.00 बजे अपराह्न स्वयं/ मार्फत अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा वाद में एकतरफा कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 27.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आज्ञा से**
**न्यायालय असि. कलेक्टर**
**प्रथम श्रेणी बारहस्यूं पौडी**

# 500 ग्राम अवैध चरस की तस्करी कर रहे दो युवक गिरफ्तार

■ युवकों के खिलाफ कीर्तिनगर कोतवाली मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर पुलिस ने 500 ग्राम अवैध चरस की तस्करी करते हुए 02 युवक को गिरफ्तार किया है।

युवकों के खिलाफ कोतवाली कीर्तिनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कीर्तिनगर संजय मिश्रा ने बताया कि नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत कीर्तिनगर पुलिस एवं एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स टिहरी की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि चेकिंग के दौरान चौकी मलेथा के पास कार की तलासी कर 500 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। वाहन में सवार देवम लखेड़ा (27) निवासी इन्द्रानगर, ऋषिकेश और राहुल जैन (39) गली नंबर-22, मोहल्ला अमित ग्राम, गुमानीवाला, ऋषिकेश, देहरादून को गिरफ्तार किया गया। साथ ही वाहन को सीज कर दिया गया है। उन्होने बताया कि युवकों के खिलाफ कोतवाली कीर्तिनगर में एनटीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कीर्तिनगर संजय मिश्रा, उपनिरीक्षक आशीष रावत, अपर उपनिरीक्षक दीपेन्दर रावत, हरीश चंद, हरीश चंद, एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स टीमम में निरीक्षक धर्मेन्द्र रौतेला, उपनिरीक्षक अनुज सिंह, हेड कांस्टेबल विपुल कुमार, कांस्टेबल रविन्द्र नेगी शामिल थे।

# पॉलिटेक्निक श्रीनगर में छात्रों को दी नवाचार कि जानकारी

■ पॉलिटेक्निक श्रीनगर में स्किल वीक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय पॉलिटेक्निक श्रीनगर में आयोजित स्किल वीक कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने कौशल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग जगत की



वर्तमान आवश्यकताओं, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, डिजिटल स्किल्स, उद्यमिता विकास तथा तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक कौशल और तकनीकी दक्षता भी सफलता की कुंजी है। संस्थान के प्रधानाचार्य एसके वर्मा ने कहा कि स्किल वीक का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार करना है। इस मौके पर एनआईटी श्रीनगर कि डॉ. स्नेह चौहान ने छात्रों को इन्वेशन के के बारे में जानकारी दी। एनआईटी श्रीनगर के गुरिंदर सिंह बरार ने रैपिड प्रोटोटाइपिंग विषय पर विस्तृत जानकारी दी। गढ़वाल विवि के भौतिकी विज्ञान विभाग के डॉ. आलोक सागर गौतम ने कहा कि छात्रों को स्टार्टअप, तकनीकी नवाचार, शोध एवं विकास तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु नए मॉडल विकसित करने के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रीना नवानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुशील बहुगुणा, अशुतोष नौटियाल, विकास भट्ट, पल्लवी, प्रेरणा, निष्ठा, अनुराधा, भूपेंद्र राणा सहित आदि मौजूद थे।

# कर्मचारी संगठनों की मांगों पर मंथन

**प्रमुख सचिव, वित्त ने सुधांशु ने की विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ की बैठक**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु ने सचिवालय में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर संगठनों द्वारा उठाई गई मांगों पर विचार-विमर्श कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गये। प्रमुख सचिव द्वारा सर्वप्रथम राजकीय शिक्षक संघ की मांगों पर विचार विमर्श किया गया। शिक्षकों को वर्ष में एक बार गृह जनपद आने जाने के लिए यात्रा अवकाश पूर्व की भाति बहाल किये जाने की मांग के संबंध में अन्य राज्यों में इस संबंध में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन किये जाने तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग में विभिन्न स्तरों पर लबित पदोन्नति से संबंधित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की मांगों के संबंध में भारत सरकार में प्रचलित व्यवस्था के आलोक में परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश वित्त एवं कार्मिक विभाग को दिये गये। उत्तराचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसियेशन की विभिन्न पदो को समाहित करते हुए ढांचे के पुनर्गठन हेतु की जा रही मांग के संबंध में कार्मिक विभाग को भारत सरकार में प्रचलित व्यवस्था के आधार पर समयबद्ध परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कार्मिक संगठन उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल के लिए जनपद देहरादून में संघ भवन निर्माण हेतु जमीन दिये जाने के लिए जिलाधिकारी, देहरादून को पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (समूह ख) के कर्तव्य एवं दायित्वों के निर्धारण के संबंध में सम्यक विचार विमर्श कर कार्मिक विभाग को प्रस्ताव का प्रजेंटेशन उपलब्ध कराने को कहा। प्रमुख सचिव द्वारा जिन विभागों में मिनिस्टीरियल के पदो का पुनर्गठन नही हुआ है, उनके पुनर्गठन को लेकर सभी विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये। प्रमुख सचिव ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मांग सम्पूर्ण सेवाकाल में तीन पदोन्नति प्राप्त न कर सकने वाले कार्मिकों की ए.सी. पी. से संबंधित गांग पर विधान सभा सत्र के बाद विभागाध्यक्षों एवं संगठनों के साथ बैठक किए जाने की बात कही। गोल्डन कार्ड के तहत ओ.पी.डी. में जन औषधि केन्द्रों से कैशलेश दवा एवं सुपरस्पेस्लिस्ट चिकित्सालयो में कैशलेश जाच को लेकर प्रमुख सचिव ने कहा कि अधिकारियो-कर्मचारियो को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न कर्मचारी सगठनों के साथ बैठक कर सुझाव प्राप्त करते हुए समस्या का यथाशीघ्र समाधान किये जाने के भी निर्देश दिये। प्रमुख सचिव द्वारा कर्मचारी सगठनों के विभिन्न सवर्गों की वेतन विसंगति को दूर किये जाने के संबंध में सकारात्मक निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया। वाहन भत्ता में बढ़ोत्तरी एवं यात्रा भत्ता की दरो मे सशोधन के सबंध में प्रस्ताव तैयार कराते हुए उसे कैबिनेट में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही विभिन्न विभागों के पुर्नगठन एवं सेवा नियमावलियों में संशोधन को लेकर विभागाध्यक्षों को समयबद्ध परीक्षण करने की भी बात प्रमुख सचिव ने कही। प्रमुख सचिव ने उत्तराखण्ड डिप्लोमा इजीनियर्स महासघ की मागों के सबंध में कनिष्ठ अभियन्ता पद की वेतन विसंगति को दूर करने को लेकर विभागों से प्राप्त रिपोर्ट का परीक्षण कर विधान सभा सत्र के बाद निर्णय लिये जाने को कहा। उत्तराखण्ड पेयजल निगम एव उत्तराखण्ड जल संस्थान के राजकीयकरण व एकीकरण के सबंध में विभागीय स्तर पर विचार एवं परीक्षण कर प्रस्ताव दिये जाने के निर्देश उन्होंने दिये। विभिन्न अभियंत्रण विभागों में डिप्लोमा इजीनियर्स को पदोन्नति के अवसर प्रदान करने के लिए अन्य पर्वतीय छोटे राज्यो के समान समानान्तर गैलरी का सृजन करने को लेकर प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी को पदोन्नति का अवसर मिलना चाहिए, इस हेतु समस्त विभागों द्वारा पदोन्नति में ठहराव के कारणों का परीक्षण करते हुए विधान सभा सत्र के बाद स्टेट्स रिपोर्ट तैयार किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में सचिव वित्त दिलीप जावलकर, अपर सचिव विनीत कुमार, अपूर्वा पाण्डे, गिरधारी सिंह रावत, नवनीत पाण्डे, गंगा प्रसाद, के.सी. पांडे, संतोष बडोनी सहित अन्य अधिकारी एवं संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सहसपुर में खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा धूमधाम से निकली

शाह टाइम्स संवाददाता



**सहसपुर।** सहसपुर में आयोजित खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भजन कीर्तन और बाबा के जयकारों से गूंज उठा। निशान यात्रा में शामिल विधायक सहदेव सिंह ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा श्रद्धालुओं के साथ भक्ति भाव से यात्रा में सहभागिता की। निशान यात्रा में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक सहदेव सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भक्तों ने भी यात्रा को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

# क्राइम मीटिंग में एसएसपी सख्त

## काम करोगे तो दाम मिलेगा, लापरवाही पर कटेगा मेहनताना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जिले में अब पुलिस कर्मियों के लिए पुलिसिंग और भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है, क्योंकि एसएसपी ने काम नहीं तो दाम नहीं की नीति लागू

**पुलिस कप्तान की काम नहीं तो दाम नहीं नीति, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई**

करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को कोतवाली सभागार में आयोजित क्राइम मीटिंग में उन्होंने न केवल लापरवाह थाना प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई, बल्कि ड्यूटी के दौरान मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग और कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की



बात कही। क्राइम मीटिंग में एसएसपी डा.मंजुनाथ टीसी ने कानून-व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं और आगामी त्योहारों को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा यदि क्षेत्र में अपराध होता है, तो बीट कॉन्स्टेबल से लेकर प्रभारी तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही महिला अपराध, साइबर ठगी और नशे के खिलाफ अभियान में तेजी लाने, और हिस्ट्रीशीटरों की निरंतर निगरानी और सत्यापन करने के निर्देश दिए। नशे में ड्राइविंग, स्टंट और ओवरस्पीडिंग पर जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। रात्रि चेकिंग में एल्कोमीटर का अनिवार्य प्रयोग होगा। इसके अलावा होली व रमजान के दौरान जबरन रंग लगाने, शराब पीकर उत्पात मचाने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर तत्काल कठोर कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने वालों को पकड़ने के लिए सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर दिया गया है। होली ड्यूटी में महिला पुलिसकर्मियों को पिकेट, मोबाइल और पैदल गश्त (चीता) में विशेष रूप से तैनात किया जाएगा। इस दौरान एसएसपी ने उत्कृष्ट सेवा सम्मान के तहत सराहनीय कार्य करने वाले 39 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा मेधावी छात्रवृत्ति के तहत पुलिस परिवार के 14 मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप राशि प्रदान की गई। गोष्ठी में एसपी क्राइम डा.जगदीश चन्द्र, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी रेवाधर मठपाल, सीओ अमित कुमार, सीओ सुमित पांडे, सीओ रविकांत सेमवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार आदि थे।

# मैनपावर बढ़ाए यूयूएसडीए

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में यूयूएसडीए, सिंचाई, जल संस्थान, पेयजल निगम, विद्युत, जल संस्थान एवं एचपीसीएल आदि विभागों द्वारा शहर में कराए रहे विभिन्न विकास कार्यों जिसमें सड़क चौड़ीकरण, सीवर लाइन, पेयजल एवं गैस पाईप लाईन, सड़क चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण, यूटिलिटी डक्ट सिफ्टिंग आदि महत्वपूर्ण विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा की। बैठक में जिला. धिकारी ने कहा कि हल्द्वानी शहर को आधुनिक एवं सुविधायुक्त भव्य बनाने हो जो भी विकास कार्य वर्तमान में किए जा रहे हैं, उन कार्यों को दोगुनी गति से कराया जाय इस हेतु 'दो शिफ्टों में दिन में एवं रात्रि में भी कार्य हों, इस के लिए जिलाधिकारी ने यूयूएसडीए के अधिकारियों को दोगुनी क्षमता में कार्य करने के लिए मैन पावर को बढ़ाते हुए रात्रि में भी कार्य करने के निर्देश दिए। इसके लिए बैठक में कार्यदाई संस्था को कार्य का लक्ष्य देते हुए 13 मार्च तक इन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक सप्ताह बैठक कर जो भी समस्या कार्यों में आ रही हैं, उनका समाधान मौके पर ही करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि एनओसी से संबंधित जो भी समस्या हैं बैठक में ही समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि जिन क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है, सुरक्षा के दृष्टिगत उन स्थानों पर साईनेज बैरिकेटिंग, लाइटिंग एवं सैंडबैग का इस्तेमाल अवश्य किया जाए ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनों से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर यूयूएसडीए कुलदीप सिंह को निर्देश दिये शहर में कुसुमखेड़ा चौराहा, लामाचौड, हनुमान मन्दिर तथा मण्डी निकट शनिबाजार चौराहा का अतिक्रमण मुक्त हो गया है। इन चौराहों पर डीपीआर के तहत सौन्दर्यीकरण कार्य 13 मार्च से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस चौकी को मण्डी गेट के समीप शिफ्ट करना है इसके लिए 25 लाख की धनराशि मंडी परिषद को दो दिन में हस्तांतरित किया जाय, ताकि चौराहे का चौड़ीकरण शीध्र किया जा सके।

# डग्गामार वाहनों और निजी वाहनों पर कार्रवाई की मांग

**श्रीनगर।** पर्वतीय टैक्सी/मैक्सी महासंघ उत्तराखंड की शुक्रवार को बैठक आहुत की गई। बैठक में रूद्रप्रयाग, पौड़ी, चमोली, टिहरी एवं उत्तरकाशी एवं देहरादून के यूनियन अध्यक्षों ने प्रतिभाग किया। बैठक में डग्गामार वाहनों और ब्ला-ब्ला ऐप के जरिए सवारियां ढोने वाले निजी वाहन चालकों पर कार्यवाही न किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। महासंघ ने कहा कि ब्ला-ब्ला ऐप के जरिए निजी वाहन सवारियों को ढो रहें है, जिससे वाहन चालकों कि रोजी रोटी में संकट गहरा गया है। उन्होने ब्ला-ब्ला ऐप को प्रतिबंधित किए जाने की मांग की है।

साथ ही उन्होने यात्रा सीजन में हरिद्वार और ऋषिकेश में अन्य प्रदेशों के नीजी वाहन स्टेड पर लगाएं जा रहें है। उन्होने बाहरी प्रदेशों के वाहनों पर पूर्णता प्रति. बंधित किए जाने और सवारी ढोने पर नीजी वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कहा कि यदि जल्द से मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस बाबत को लेकर उन्होने सम्भागीय अधिकारी पौड़ी को ज्ञापन भी प्रेषित किया। मौके पर महासंघ के अध्यक्ष विरेंद्र सिंह रावत, सचिव महावीर बहुगुणा, संरक्षक भूपेंद्र सिंह कठैत सहित आदि मौजूद थे।

# गढ़वाल विवि का 12वां दीक्षांत समारोह 24 मार्च को

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि का 12वां दीक्षांत समारोह आगामी 24 मार्च को आयोजित किया जायेगा। इसको लेक गढ़वाल विवि प्रशासन ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बीते लम्बे समय छात्र गढ़वाल विवि का दीक्षांत सामरोह करवाएं जाने की मांग कर रहें थे। पूर्व में दीक्षांत समारोह को करवाएं जाने को लेकर तिथि भी घोषित हो गई थी, लेकिन मुख्य अतिथि द्वारा निर्धारित समय न दिए जाने के कारण दीक्षांत समारोह नहीं हो पाया। शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी करते हुए गढ़वाल विवि के कुलसचिव अनीस-उज-जमाल ने बताया कि गढ़वाल विवि के 2023-24 और 2024-25 बैच के पास आउट स्नाकोत्तर विषय के छात्र-छात्राएं दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करे सकते है। साथ ही जिन छात्रों का 15 मार्च तक पीएचडी मौखिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई हो वह शोध छात्र 12वीं दीक्षांत सामारोह में प्रतिभाग कर सकता है। बताया कि दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करने के लिए छात्रों के 16 और 17 मार्च को पंजीकरण के लिए पोर्टल खोला जायेगा। जबकि स्वर्णपदक प्राप्त छात्रों के लिए 17 मार्च को अपना पंजीकरण पोर्टल पर कर सकते है। बताया कि दीक्षांत समारोह की पूर्वाभ्यास 23 मार्च को चौरास स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में होगा। जबकि दीक्षांत समारोह से सम्बंधित सामग्री 23 मार्च को कम्प्यूटर साइंस विभाग से प्राप्त करनी होगी।

# निर्माण स्थल पर राजमिस्त्री की अचानक हुई मौत

**हल्द्वानी।** एक निर्माण स्थल पर काम करने के बाद हाथ-पैर धोते समय एक राजमिस्त्री की अचानक मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बहराइच, उत्तर प्रदेश का रहने वाला 40 वर्षीय संतोष यहां कमलुवागांजा में रहकर राजमिस्त्री का काम करता है। बताया जा रहा कि संतोष बीते गुरुवार को देवलचौड़ स्थित महर्षि स्कूल के पास एक निर्माण साइट पर काम कर रहा था।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड**

NHIDCL अवसंरचना निर्माण- राष्ट्र निर्माण

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

भारतमाला

मुख्यालयः प्रथम एवं द्वितीय तल, टॉवर ए, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

वेबसाइट: www.nhidcl.com ई-मेल: direct.recruitment@nhidcl.com

**भर्ती सूचना संख्या. 02/2026**

राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से **ई2 ग्रेड (आईडीए पैटर्न) पर वित्त और लेखा संवर्ग में सीधी भर्ती** आधार पर निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद (संवर्ग) | पदों की संख्या | आईडीए वेतनमान | ऊपरी आयु सीमा | आवश्यक अर्हता और पात्रता मानदंड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (वित्त और लेखा) | 15* पद (अनारक्षित-08, अ.जा.-02, अ.ज.जा. -01, अ.पि.व.-03, ईडब्ल्यूएस-01) *15 पदों में से 01 पद निम्नानुसार दिव्यांगजनों के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित है: दृष्टिबाधिता और अल्प दृष्टि -01 श्रेणी (ए) | ₹ 50,000 - 3% - 1,60,000 रुपये | 34 वर्ष से अधिक न हो | सीए/ सीएमए/ एम.कॉम/ एमबीए (वित्त) और समकक्ष |

**(क) चयन प्रक्रियाः** चयन एनएचआईडीसीएल द्वारा अथवा एनएचआईडीसीएल द्वारा नामित किसी एजेंसी/एजेंसियों द्वारा एनएचआईडीसीएल वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत भर्ती सूचना सं. 02/2026 में दिए गए विवरण के अनुसार दो चरणीय प्रक्रिया के माध्यम से आयोजित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

महत्वपूर्ण तिथियां:
- ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 28 फरवरी, 2026 (प्रातः 10:00 बजे)
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 27 मार्च, 2026 (सांय 05:00 बजे)
- आयु निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।
- उम्मीदवारों को अद्यतन सूचना/परिशिष्ट/निरस्तीकरण/शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए कंपनी की वेबसाइट www.nhidcl.com (भर्ती पोर्टल) पर जाने का अनुरोध किया जाता है।

विस्तृत पात्रता मानदंड, आरक्षण, आयु में छूट, कार्य दायित्व, चयन परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम, सामान्य अनुदेश और अन्य संबंधित विवरणों आदि के लिए www.nhidcl.com पर जाएं या दिनांक 28 फरवरी, 2026 के रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित पूर्ण एवं विस्तृत विज्ञापन देखें।

महाप्रबंधक (भर्ती)

cbc 37112/12/0013/2526

अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग लक्सर**

UTTARAKHAND

उत्तराखण्ड राज्य

Phone No: 01332-254004 Email.I.D: eecdpwdlaksar@gmail.com

पत्रांकः- 286/ 6ए0 निविदा

**निविदा सूचना**

दिनांकः 27/02/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 लक्सर द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 25.03.2026 को आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 09.03.2026 से 24.03.2026 तक किसी भी कार्यदिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 25.03.2026 को अपराहन 2:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सि0वृ0, लो0नि0वि0, हरिद्वार। 2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, लक्सर।
3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, हरिद्वार। 4- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 हजार में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत अर्हता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र खानपुर में दल्लावाला में दाबकी खेडा मोटर मार्ग का पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 70830.00 | 2000.00+ 18% GST | 06 माह | 90 दिन | मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी "ई" एवं उच्चतर। |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र खानपुर में कुडी भगवानपुर में पंडितपुरी नन्दपुर तक मोटर मार्ग का कोल्डमिक्स पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 38910.00 | 1500.00+ 18% GST | 06 माह | 90 दिन | मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी "ई" एवं उच्चतर। |
| 3 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र मंगलौर में दिल्ली नीतिपास मार्ग पर व्यापार कर चैक पोस्ट से ग्राम कुंआहेडी तक मोटर मार्ग का पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 53040.00 | 1500.00+ 18% GST | 06 माह | 90 दिन | मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी "ई" एवं उच्चतर। |
| 4 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर में ग्राम अकोढाखुर्द से बाणगंगा नदी तक मोटर मार्ग का पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 70830.00 | 2000.00+ 18% GST | 06 माह | 90 दिन | मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी "ई" एवं उच्चतर। |
| 5 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर में मलकपुर से मुख्याली तक मोटर मार्ग का पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 70830.00 | 2000.00+ 18% GST | 06 माह | 90 दिन | मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी "ई" एवं उच्चतर। |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर में रुडकी-लक्सर-बालावाली मोटर मार्ग के किमी0 13 से डोसनी रजबपुर मोटर मार्ग का पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 56340.00 | 1500.00+ 18% GST | 06 माह | 90 दिन | मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी "ई" एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 25.03.2026 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगीं।

किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

1. निर्धारित धरोहर धनराशि एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० पासबुक आदि मूल में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो०नि०वि०, लक्सर के नाम बन्धक व देय होगी।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रु० 100.00 का नॉन-जूडिशियल स्टॉम्प पेपर, 1.00 रु० के रिवेन्यू टिकट के साथ निविदा की वैधता हेतु हस्ताक्षर कर कार्य का नाम अंकित करते हुए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. निर्धारित निविदा प्रपत्रों का मूल्य एवं जी०एस०टी० की धनराशि खण्डीय रोकडिया को अदा किये जाने के उपरान्त निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार कय किये जा सकेंगे।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
लक्सर

## कार्यालय-नगर निगम, हरिद्वार

पत्रांकः-399/नि0वि0 (निविदा) / 2025-26 दिनांक 27/02/2026

### निविदा सूचना

नगर निगम हरिद्वार महापौर महोदया एंव पार्षदो द्वारा दिये प्रस्तावो के क्रम में स्वीकृत निम्न तालिका में अंकित निर्माण कार्यों को करवाये जाने हेतु नगर निगम के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें दिनांक 13/03/2026 अपराहन् 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 16/03/2026 को अपराहन 2:00 बजे तक डाली जायेगी एवं उसी दिन अपराहन 3:30 बजे गठित निविदा समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्माण अनुभाग, नगर निगम हरिद्वार कार्यालय से दिनांक 28/02/2026 से 13/03/2026 को कार्यालय दिवस में समय प्रातः 10:00 बजे से अपरहान 1:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कराकर क्रय की जा सकती है।

निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में भारत एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/ टी0डी0आर जो कि लेखाधिकारी, नगर निगम हरिद्वार के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करनी अनिवार्य होगी। के किसी भी शेड्यूल बैंक द्वारा जारी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम हरिद्वार एवं अधोहस्ताक्षरी में निहित/सुरक्षित होगा। निविदा से सम्बन्धित शर्ते एवं निविदा विक्रय की जानकारी नगर निगम, हरिद्वार, कार्यालय निर्माण अनुभाग से कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा की वैधता | निविदा का मूल्य + 18% जी0एस0टी | कार्य पूर्ण करने का समय | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0 9 रामवीर जी वाले नाले का निर्माण कार्य। | 319000.00 | 9570.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, ब, स |
| 2. | वार्ड नं0 25 संत महन्त सिंह एन्कलेव में इंटरलोकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 534000.00 | 16020.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 3. | वार्ड नं0 49 में राजेश कुमार जी के मकान के बाहर गली निर्माण का कार्य। | 514284.00 | 15428.52 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 4. | वार्ड नं0 55 मे श्री रविदास मंदिर से हरदौल देवता तक नाले के ऊपर स्लैब लगाने का कार्य। | 540000.00 | 16200.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 5. | वार्ड नं0 1 में भागीरथी नगर विवेक स्थली से सोढ़ी फार्म ओर जाने वाली सड़क का सी0सी0 द्वारा निर्माण कार्य। | 497000.00 | 14910.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, ब, स |
| 6. | वार्ड नं0 3 के दुर्गानगर में पहाड़ की ओर से आने वाले नाले की क्षतिग्रस्त दीवार व पुलिया निर्माण का कार्य। | 598000.00 | 17940.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 7. | वार्ड नं0 6 परशुराम पार्क में सी0सी0 द्वारा फ्लोर निर्माण व रंगाई-पुताई का कार्य। | 408000.00 | 12240.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, ब, स |
| 8. | वार्ड नं0 10 में लकासा होटल के बराबर वाली गली दिगम्बर जैन मन्दिर के सामने व जैन मन्दिर वाली गली का सी0सी0 द्वारा मार्ग निर्माण का कार्य। | 596000.00 | 17880.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 9. | वार्ड नं0 11 में विभिन्न स्थानों पर सी0सी0 बैंच लगाये जाने का कार्य। | 580000.00 | 17400.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 10. | वार्ड नं0 12 में ननके के घर से वीर सिंह के घर तक व ममता के घर से हरद्वारी के मकान तक व कमला के मकान से शब्बू के घर की ओर व मार्ग निर्माण का कार्य। | 550000.00 | 16500.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 11. | वार्ड नं0 13 रणधीर के मकान से अशोक के मकान तक मार्ग का सी0सी0 द्वारा निर्माण व विचित्र वाटिका में स्थित पार्क के बाहरी ओर साइड पटरी का निर्माण कार्य | 562000.00 | 16860.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 12. | वार्ड नं0 14 में अवतार सिंह जी के घर वाली गली का सी0सी0 द्वारा मार्ग मरम्मत कार्य। | 539000.00 | 16170.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 13. | वार्ड नं0 17 में बारात घर में टीन शेड के निर्माण का कार्य। | 432000.00 | 12960.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, व, स |
| 14. | वार्ड नं0 18 में एस0एम0जे0एन0 डिग्री कॉलेज वाली गली के प्रारम्भ में व राजीव कॉलोनी में सीताराम की दुकान के सामने क्षतिग्रस्त पुलिया एवं नालियों के ऊपर कुछ स्थानों पर स्लैब तथा लोहे के जाल व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 495000.00 | 14850.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, व, स |
| 15. | वार्ड नं0 19 में मातृछाया हास्पिटल से रोहन सेहगल के मकान तक सी0सी0 द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 506000.00 | 15180.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 16. | वार्ड नं0 21 में लाल मंदिर से राम भवन तक सी0सी0 द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 558000.00 | 16740.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 17. | वार्ड नं0 22 में नरेन्द्र ठाकुर के घर से शिव कुमार के घर तक व नेहा कटारिया के घर से सीमा कटारिया के घर तक सी0सी0 सड़क व नालियों के ऊपर स्लैब का निर्माण कार्य। | 494000.00 | 14820.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, ब, स |
| 18. | वार्ड नं0 23 में मनीष शर्मा जी के मकान से नरेन्द्र चौहान जी के मकान तक व हनुमान मंदिर से विनय पण्डित जी के मकान तक सी0सी0 द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 480000.00 | 14400.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, ब, स |
| 19. | वार्ड नं0 24 में श्री कार्तिकेय कुंज सोसायटी में साईड पटरी का सी0सी0 द्वारा निर्माण कार्य। | 505000.00 | 15150.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 20. | वार्ड नं0-26 कृष्णा गार्डन मे पार्क की दीवार का निर्माण व सौन्दर्यकरण का कार्य। | 558500.00 | 16755.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180 | 2 माह | अ, ब |
| 21. | वार्ड नं0 27 त्यागी मेडिकल के सामने पार्क की दीवार मरम्मत, रंगाई-पुताई व सौन्दर्यकरण का कार्य। | 531000.00 | 15930.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180 | 2 माह | अ, ब, |
| 22. | वार्ड नं0 28 होली चौक के पास रविन्द्र सिंघल के मकान से राममोहन के मकान तक सी0सी0 द्वारा सडक, नाली व जाल का निर्माण कार्य। | 548500.00 | 16455.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 23. | कनखल चौक बाजार से होली चौक की ओर नाली मरम्मत/पुर्ननिर्माण का कार्य। | 542500.00 | 16275.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 24. | वार्ड नं0-30 चौक बाजार बैरागी कैम्प में प्रतीक्षालय निर्माण का कार्य। | 561686.00 | 16850.58 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 25. | वार्ड नं0-31 मंडी वाली सडक का सी0सी0 द्वारा निर्माण कार्य। | 398856.00 | 11965.68 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, व, स |
| 26. | वार्ड नं0-34 अम्बेडकरनगर शिव विहार कालोनी प्रेमचंद धीमान के मकान से कमल अरोडा के मकान तक व विजय वाली गली का सी0सी0 द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 525000.00 | 15750.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 27 | वार्ड नं0-36 तैलियान मे क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। | 500000.00 | 15000.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, व, स |
| 28. | वार्ड नं0-42 भगवान वाल्मिकी मन्दिर के बाहर इंटरलोकिग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 564500.00 | 16935.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 29. | वार्ड नं0-45 में सुधीर के मकान से संजय के मकान तक इंटरलोकिंग टाईल्स द्वारा सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 500000.00 | 15000.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, ब, स |
| 30. | वार्ड नं0-47 पाण्डेवाला मे दिनेश सैनी की दुकान से मामचन्द सैनी के मकान की ओर सी0सी0 द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 553863.00 | 16615.89 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 31. | वार्ड नं0-48 चाकलान मे धींगडा जी वाली गली व नगर देवता के पास वाली गली का सी0सी0 द्वारा सडक निर्माण कार्य। | 510632.00 | 15318.96 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, ब |
| 32. | वार्ड नं0-52 अहबाबनगर भगवान वाल्मीकी पार्क मे दीवार मरम्मत व रंगाई-पुताई का कार्य। | 501733.00 | 15051.99 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 33. | वार्ड नं0 53 में एडवोकेट हितेश चौधरी के मकान से सोमनाथ के मकान तक सी0सी0 द्वारा सड़क निर्माण का कार्य। | 555000.00 | 16650.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 34. | वार्ड नं0 57 में अमित वालिया के मकान से रविदास मंदिर होते हुए लक्सर रोड़ तक नाली मरम्मत व सी0सी0 निर्माण कार्य। | 554500.00 | 16635.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 35. | ज्वालापुर क्षेत्र में मौ0 पांवधोई फारूखनगर में उमर मस्जिद से मुख्तियार खान के घर तक व अन्य स्थानों पर सी0सी0 द्वारा सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 580000.00 | 17400.00 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, ब |
| 36. | पांवधोई में ईदगाह रोड़ पर नाले की क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत व जाल लगाने का कार्य। | 599011.00 | 17970.33 | 90 | 1000+180= रू0 1180.00 | 2 माह | अ, व |
| 37. | मायापुर चौकी सामने इंटरलौकिग टाइल्स लगाने का कार्य | 499000.00 | 14970.00 | 90 | 500+90=रू0 590.00 | 2 माह | अ, व, स |

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम हरिद्वार

# श्रीलंका खिलाफ पाक का करो या मरो मैच



● **सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए पाक के लिए श्रीलंका को हराना जरूरी**

**पल्लेकेले, वार्ता।** यह सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं है। यह जिंदा रहने का टेस्ट है। पाकिस्तान टी 20 वर्ल्ड कप के अपने आखिरी सुपर 8 मैच में यह जानते हुए उतरेगा कि सिर्फ जीत काफी नहीं होगी। शनिवार शाम को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में, उन्हें अपने सेमीफाइनल के सपने को जिंदा रखने के लिए श्रीलंका को हराना होगा - और उन्हें आसानी से हराना होगा। नेट रन रेट अब पाकिस्तान का सबसे बड़ा विरोधी है। एक बारिश के पानी में डूबा मैच और सुपर 8 स्टेज में पहले मिली हार के बाद, पाकिस्तान हार के कगार पर है। उनका समीकरण बहुत मुश्किल है: बड़ी जीत, और उम्मीद है कि इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हरा देगा। इससे कम कुछ भी, और कैंपेन खत्म हो जाएगा। इस दबाव ने इस मुकाबले को टूर्नामेंट के सबसे ड्रामैटिक मैचों में से एक बना दिया है। इसके उलट, श्रीलंका पहले ही बाहर हो चुका है। फिर भी यह उन्हें और खतरनाक बना सकता है। खोने के लिए कुछ नहीं होने और घर की इज्जत दांव पर होने के कारण, उनके पास पाकिस्तान को कॉम्पिटिशन से बाहर करने का मौका है। जाहिर है, सबकी नजरें साहिबजादा फरहान पर होंगी, जो इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के सबसे धमाकेदार बैट्समैन हैं। 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 283 रन बनाकर, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में तेज शुरुआत दी है। अगर वह पावरप्ले में फिर से हावी हो जाते हैं, तो पाकिस्तान 180 से ज्यादा के टोटल की ओर बढ़ सकता है, जिसकी उन्हें सख्त जरूरत है। अगर वह जल्दी आउट हो जाते हैं, तो जरूरी तेजी से मिडिल ऑर्डर की पोल खुल सकती है, जो दबाव में कमजोर दिखा है। कप्तान सलमान आगा को बाबर आजम और फखर जमान से भी अच्छे योगदान की उम्मीद होगी, जबकि अगर पाकिस्तान बड़े टोटल का पीछा कर रहा है या उसे बढ़ाने की को. शिश कर रहा है, तो शादाब खान और मोहम्मद नवाज का फिनिशिग रोल बहुत जरूरी हो जाता है। श्रीलंका की उम्मीदें पथुम निसंका और कुसल मेंडिस पर बहुत ज्यादा टिकी होंगी।

निसंका की टूर्नामेंट में पहले नाबाद सेंचुरी ने दिखाया कि वह अकेले दम पर मैच जिता सकते हैं। मेंडिस उनकी बैटिंग की रीढ़ रहे हैं, उनका एवरेज 40 है और तीन फिफ्टी हैं। अगर दोनों चल गए, तो पाकिस्तान का सेमीफाइनल का हिंसाब जल्दी बिगड़ सकता है। पल्लेकेले की पिच पर आम तौर पर 150-170 के बीच का मुश्किल टोटल बनता है, लेकिन अगर पाकिस्तान पहले बैटिग करता है तो उसका टारगेट काफी बड़ा होगा। दोनों टीमों के स्पिनर्स से बीच के ओवरों में असर डालने की उम्मीद है, खासकर जब लाइट्स में पिच धीमी हो जाती है। टॉस अहम साबित हो सकता है, क्योंकि बादल छाए रहने पर कप्तान पहले फील्डिंग कर सकते हैं। शुरुआती विकेट न सिर्फ मैच तय कर सकते हैं - बल्कि आखिरी चार में जगह भी तय कर सकते हैं। पाकिस्तान के लिए, दांव आसान लेकिन मुश्किल हैं।

श्रीलंका टीमः पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरिथ असालंका, कामिडू मेंडिस, दासुन शनाका, दुनिथ वेल्लालेज, महेश थीक्षाणा , दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, पवन रत्नायके, नुवान तुषारा, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, मथीशा पथिराना।

पाक टीमः साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान आगा, बाबर आजम, फखर जमान, उस्मान खान, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी, उस्मान तारिक, अबरार अहमद, सलमान मिर्जा, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान।

## चोट के चलते सोफी भारत के खिलाफ सीरीज से हुई बाहर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की सभी प्रारूपों की कप्तान सोफी मोलिनक्स पीठ की दिक्कत की वजह से भारत के खिलाफ बाकी बहु-प्रारूप सीरीज से बाहर हो गई हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 28 साल की ऑलराउंडर होबार्ट में दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण नहीं खेल पाईं। मोलिनक्स ब्रिस्बेन में सीरीज के पहले मैच में खेली थीं, जिसमें उन्होंने पांच ओवर गें. दबाजी की और 17 रन देकर एक विकेट लिया था। इस चोट की वजह से अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उनका खेलना मुश्किल हो सकता है, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इशारा किया है कि सीरीज से पहले उनकी फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया का ऑल-फॉर्मेट कैप्टन बनाया गया था।

# अपनी लय वापस पाकर खुश हैं हार्दिक पांड्या



चेन्नई, वार्ता। हार्दिक पांड्या ने कहा है कि टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर आठ स्टेज में जिम्बाब्वे पर भारत की 72 रन की जीत में मैच जिताने वाला ऑलराउंड प्रदर्शन करने के बाद वह अपनी लय वापस पाकर खुश हैं। 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाने और फिर तीन ओवर में 21 रन देकर अच्छा स्पैल करने वाले पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पांड्या ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि काफी खुश हूं। यह 23-बॉल-50 जैसा लगता है, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भी स्थिति को फिर से देखना पड़ा। मुझे लगा कि मैं बहुत जोर से हिट करने की कोशिश कर रहा था। और बस गेम में, मुझे एहसास हुआ कि मैं बॉल को टाइम कर सकता हूं और छक्के भी मार सकता हूं। रिदम जारी रखने के लिए यह एक अच्छा गेम था क्योंकि मुझे लगता है कि कुछ गेम में मैं वह नहीं कर पाया जो मैं करना चाहता था। जब पूछा गया कि क्या टीम दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच पहले हुए मैच पर नजर रख रही थी, तो पंड्या ने माना कि खिलाड़ियों को हालात के बारे में पता था लेकिन वे अपनी परफॉर्मेंस पर फोकस कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जाहिर है, हम सब नजर रख रहे थे। अब यह सब अच्छा क्रिकेट खेलने, अपनी स्किल पर भरोसा करने, प्रेशर झेलने और यह पक्का करने के बारे में है कि आप अपना बेस्ट दें। हम नजर रख रहे थे, लेकिन जब वह गेम खत्म हो गया, तो हमने इस बात पर फोकस किया कि यह हमारा गेम है। भारत ने बैटिंग करने के बाद 4 विकेट पर 256 रन बनाकर टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा टोटल बनाया। अभिषेक शर्मा (55) और संजू सैमसन (24) ने पावरप्ले में जबरदस्त शुरुआत दी। ईशान किशन (38) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने बीच के ओवरों में मोमेंटम बनाए रखा।

# जे-के का रणजी चैंपियन बनना पक्का

## सकारात्मक सोच से एक और सफल रणजी सीजन खेलने में मद्द मिली : आकिब नबी

**हुबली, वार्ता।** जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक से फॉलोऑन न करा कर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और रणजी फाइनल के चौथे दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 186 रन बना लिए हैं। जम्मू-कश्मीर ने इस तरह अपनी कुल बढ़त 477 रन पहुंचा कर खिताब पर पहली बार कब्जा करना पक्का कर लिया है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक को पहली पारी में 293 रन पर समेटने के बाद फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया।

जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने नाबाद 94 रन बनाए, जबकि अब्दुल समद ने 32, कप्तान पारस डोगरा ने 16 और साहिल लूथरा ने नाबाद 16 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज यहां कर्नाटक ने कल के पांच विकेट पर 220 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में साहिल लूथरा ने कृतिक कृष्णा (36) को पगबाधा आउट कर जम्मू-कश्मीर को छठी सफलता दिलाई। विद्याधर पाटिल (11) सुनील कुमार का शिकार बने। 91वें ओवर में आकिब नबी ने एक छोर थामे रन बना रहे शतकवीर मयंक अग्रवाल को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। मयंक अग्रवाल ने 266 गेंदों में 21 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। शिखर शेट्टी (शून्य) को नबी ने आउट किया।

### रमजान उल मुबारक के दूसरे जुमे को अकीदत के साथ अदा की गई नमाज

# मस्जिदों में मांगी गई देश में अमन चैन की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रमजान उल मुबारक का दूसरा जुमा नगर व आसपास के क्षेत्रों में अकीदत के साथ शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। रुड़की नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में जुमा की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अदा कराई,जबकि जुमा से पहले तकरीर करते हुए मदरसा रहमानिया के प्रध ।नाचार्य मौलाना अजहर उल हक ने कहा कि रमजान का महीना नेकियों का महीना है।रमजान का पहला अशरा रहमतों का असरा अब खत्म खत्म होने वाला है और कल से रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत का अशरा शुरू होगा।उन्होंने बताया कि रमजान में एतकाफ का भी बड़ा महत्व है,जिसमें रोजेदार प्रत्येक मस्जिदों में आखिरी दस दिनों में एतकाफ की नीयत से बैठकर इबादत करते हैं।इस अशरे में रोजेदार तमाम गुनाहों से पाक हो जाता है।उन्होंने कहा कि रमजान में



मोमिनों को दिल खोलकर गरीब बेसहारा और मजलूम लोगों की मदद करनी चाहिए। अल्लाह ताला ने भी यही पैगाम दिया है,क्योंकि रमजान का महीना बड़ा बरकतों वाला है, इसलिए इस महीने में हमें समाज के हर जरूरतमंद आदमी की मदद और उसकी सेवा करनी चाहिए। रमजान में अल्लाह हर नेकी का सवाब सत्तर गुना बढ़ा देता है, इसलिए कोशिश रहे कि प्रत्येक मुसलमान ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और अल्लाह के बंदों की खिदमत करें।कारी मोहम्मद शमीम ने मदरसा लाठरदेवा स्थित मस्जिद में जकात, सदका, फितरा के बारे में बताते हुए कहा कि रोजा केवल इबादत ही नहीं, बल्कि इसमें बेशुमार मर्जों की दवा भी है।रोजा रखने से इंसान रूहानी तौर पर पाकिजा हो जाता है।उन्होंने बताया कि इस बार फित्रे की रकम पचास रुपए तय की गई है।

वहीं झबरेडा कस्बा सहित क्षेत्र के गांव में रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज मुस्लिम भाइयों द्वारा अदा कर देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी गई। कस्बे में स्थित जामा मस्जिद तथा मुख्य बाजार के पास मदरसा दारुल उल हक में रमजान माह के दूसरे जुमे की नमाज मुस्लिम समाज द्वारा अदा की गई। जुम्मे की नमाज कारी इस्तकार अहमद द्वारा अदा कराई गई। कारी इस्तकार ने बताया कि रमजान माह मैं पडने वाले जुम्मे के दिन नमाज अदा करना आवश्यक है। मुस्लिम भाइयों द्वारा अल्लाह की इबादत कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। रमजान का महीना पाक महीना होता है। इसमें सभी नमाजियों को गरीब लोगों की मदद करनी चाहिए।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** धनौरी स्थित तिरछे पुल के पास शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव में शोक की लहर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नागल पलूनी निवासी सावन (पुत्र राजेश) अपनी बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहा था। जैसे ही वह धनौरी के तिरछे पुल के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी बाइक सड़क पर गिरकर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना राहगीरों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को उपचार के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भेजा, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर है। वहीं मामले को लेकर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना परिजनों को दे दी गई है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कृभकों ने किया कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** क्षेत्र के झबरेड़ी कला गांव में कृभको के सौजन्य से एक कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों को आधुनिक खेती की बारीकियों से अवगत कराया।

झबरेडी कलां में विशाल चौधरी के निवास पर कृभको के सौजन्य से कृषक गोष्ठी में देहरादून से पधारे कृभको के राज्य यूनिट हेड जबर सिंह ने भूमि मृदा परीक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिट्टी की जांच से ही यह स्पष्ट होता है कि फसल को किस तत्व की कितनी आवश्यकता है, जिससे लागत कम और पैदावार अधिक होती है। इसके अलावा, उन्होंने फसलों में लगने वाले रोगों और उनके प्रभावी रोकथाम के उपाय बताए। अभिषेक कुमार ने भी कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के साथ महत्वपूर्ण विचार साझा किए।संगोष्ठी का संचालन चौधरी गिरवर सिंह व चौधरी नेपाल सिंह ने किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार, राजकुमार छोककर, लाखन सिंह, चंद्र पाल, केहर सिंह, रहतु सिंह, मांगेराम, ओमबीर, नितिन कुमार, हेमराज, कर्म बीर, जसबीर, अशोक कुमार, सुशील कुमार, रोहित कुमार, अरुण कुमार, संदीप कुमार, सन्नी कुमार, जस्सी और गुरमीत सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वस्थ नागरिक सशक्त भारत विषय पर निकाली जागरूकता रैली

**रुड़की।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गुरुवार को स्वस्थ नागरिक सशक्त भारत विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हम साफ-सफाई बरतने के बाद ही स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इस दौरान लोगों को नशे के प्रति भी जागरूक किया गया। राजकीय महाविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कनुप्रिया ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की प्रगति स्वस्थ जागरूक और अनुशासित नागरिकों पर निर्भर करती है।

# मेडिकल स्टोरों पर ड्रग्स विभाग टीम का छापा

## नशीली दवाओं का खेल, प्रतिबंधित दवाएं बरामद, संचालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर की आड़ में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने चाउमंडी स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप, ट्रामाडोल व अल्प्राजोलाम बरामद किए हैं। मामले में स्टोर संचालक को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

ड्रग निरीक्षक हरीश सिंह व वरिष्ठ औषधि निरीक्षक अनिता भारती को सूचना मिली थी कि पल्स मेडिकल स्टोर, नियर भगवती अस्पताल, चाउमंडी में मेडिकल लाइसेंस की आड़ में नशीली दवाओं का अवैध भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना पर कोतवाली गंगनहर पुलिस को साथ लेकर संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

ऊपरी मंजिल पर छिपाकर रखा था स्टॉक जांच के दौरान पाया गया कि मेडिकल स्टोर के लाइसेंस में केवल भूतल का नक्शा दर्ज है, जबकि मौके पर प्रथम और द्वितीय तल पर भी लोहे की सीढ़ियों के माध्यम से दवाओं का भंडारण किया गया था। तलाशी के दौरान गत्ते के डिब्बों में डायपर के नीचे छिपाकर नशीली दवाएं रखी मिलीं। यह दवाएं हुई बरामद-कोडीन फॉस्फेट युक्त सिरप2660 मिलीलीटर, ट्रामाडोल एचसीएल टैबलेट्स लगभग 142.73 ग्राम, ट्रामाडोल इंजेक्शन 16 मिलीलीटर,



अल्प्राजोलाम टैबलेट्स लगभग 11.21 ग्राम, मौके पर दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित कोई बिल, शेड्यूल भ1 रजिस्टर अथवा पंजीकृत चिकित्सक का प्रिस्क्रिप्शन प्रस्तुत नहीं किया जा सका। संचालक ने कबूला अपराध-मौके पर मौजूद शुभम कुमार सैनी (27 वर्ष) निवासी ग्राम हद्दीवाला, थाना कलियर ने स्वयं को मेडिकल स्टोर का संचालक बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि लालच में आकर वह प्रतिबंधित दवाएं खरीदकर बेच रहा था। पुलिस ने उसे धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। बरामद दवाओं को विधिवत सील कर कब्जे में लिया गया तथा पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी की गई। पुलिस के अनुसार मामले में सप्लाई चेन से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। क्षेत्र में इस कार्रवाई को नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर बड़ी चोट के रूप में देखा जा रहा है।

### होली व रमजान महीने को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को

# सीओ ने झबरेड़ा थाने में गणमान्य लोगों से की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** आगामी होली और वर्तमान में चल रहे रमजान के पवित्र महीने को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना परिसर में कस्बा व क्षेत्र के गण मान्य लोगों की एक बैठक आयोजित की गई।

शुक्रवार को झबरेडा थाना परिसर में क्षेत्राधिकार अभिनय चौधरी के नेतृत्व में आगामी होली और वर्तमान में चल रहे रमजान के पवित्र महीने को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम प्रधानों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। घ्बैठक के दौरान क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने यातायात व्यवस्था को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी ने निर्णय लिया कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात में सुधार हेतु एक समिति का गठन किया जाएगा,। जो स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगी । घ्उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को लेकर कड़ा रुख अपनाया। क्षेत्राधिकारी अभिनय चौधरी ने कहा कि सोशल मीडिया आज के समय में एक बड़ा हथियार है। इसका प्रयोग बेहद सोच-समझकर करें।



कोई भी भड़काऊ पोस्ट या अफवाह साझा न करें, ।जिससे आपसी भाईचारे को ठेस पहुँचे। घ्बैठक में सभी ग्राम प्रधानों से अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। उन्होंने स्पष्ट किया

**❖सड़क हादसों पर रोक लगाने को समिति का होगा गठन : चौधरी**

कि त्योहारों के दौरान खलल डालने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अजय शाह नवीन चौहान रोहित कुमार रविंद्र सिंह राजेंद्र कुमार रामबीर मुकेश प्रमोद महाजन सुशील पाटिल कुर्बान अली सुलेमान रिजवान सुखपाल भूरू नीटू कुमार याकूब अमित कुमार मुंतजिर शाहरुख अनुज सैनी श्रवण आदि लोग उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर अवदीपुर में राजस्व विभाग की पैमाइश, अवैध कब्जे बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/खानपुर।** लक्सर तहसील के अंतर्गत आने वाले खानपुर क्षेत्र के ग्राम अवदीपुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर चर्चा में है। लंबे समय से ग्राम पंचायत और वन विभाग की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर अब प्रशासन ने हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद सुध ली है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरकत में प्रशासनमामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया थामाननीय न्यायालय के आदेश के बाद तहसील प्रशासन ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कवायद शुरू की है। इसी क्रम में कानूनगो अनिल गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची। टीम ने ग्रामप्रधानऔरशिकायतकर्ता की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश का कार्य शुरू किया और लगभग 4 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया है। कार्यवाही या केवल खानापूर्ति? राजस्व अधिकारियों का कहना है कि वे हाईकोर्ट के आदेशों का पालन कर रहे हैं और पहले चरण में भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है, जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, मौके की स्थिति कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। चिन्हांकन के बावजूद अभी तक एक भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर रोष है। क्या संबंधित अधिकारियों को सरकारी जमीन की कोई परवाह नहीं है मिलीभगत का अंदेशा: जिस तरह से कार्रवाई में देरी हो रही है, उससे अवैध कब्जाधारियों और अधिकारियों के बीच साठगांठ की बू आ रही है। शिकायतकर्ता का संघर्ष: एक व्यक्ति सरकारी संपत्ति को बचाने के लिए तहसील से लेकर हाईकोर्ट तक दौड़ लगा रहा है, जबकि सिस्टम उसे थकाने की कोशिश में लगा है बड़ा सवाल: क्या चिन्हित की गई 4 हेक्टेयर भूमि वास्तव में खाली कराई जाएगी, या अन्य मामलों की तरह इसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? क्या प्रशासन बाकी बची हुई अतिक्रमण की जद में आई भूमि को भी चिन्हितकरेगा?यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार और प्रशासन न्यायालय के आदेशों का कितना सम्मान करते हैं या भू-माफियाओं का रसूख एक बार फिर सिस्टम पर भारी पड़ेगा।

# तालाब में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक तालाब में करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। सुबह सैर पर निकले और आसपास से गुजर रहे लोगों ने पानी में शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय जलवीर मोनू की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भिजवा दिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष आंकी गई है। मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी है।

# लक्सर पुलिस की शांति बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/रायसी।** आगामी होली और पवित्र रमजान माह के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 को प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी के निर्देशन में रायसी चौकी परिसर में एक महत्वपूर्ण चौपाल का आयोजन किया गयासांप्रदायिक सौहार्द पर जोरबैठक में वरिष्ट उपनिरीक्षक नितिन चौहान और चौकी प्रभारी अजय ने स्थानीय जनता को संबोधित किया। पुलिसअधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ अपने पर्व मनाएं। उन्होंने निर्देशित किया किएक-दूसरे के धर्म और परंपराओं का पूर्ण सम्मान करें।किसी भी ऐसी गतिविधि से बचें जिससे दूसरे पक्ष की भावनाएं आहत होंसोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या दुष्प्रचार से दूर रहें।पुलिस सहायता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता चौपाल के दौरान जनमानस को पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया गया अधिकारियों ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या सहायता के लिए तुरंत डायल 112 या अन्य पुलिस हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। पर्वों की सुरक्षा केसाथ-साथ पुलिस ने सामाजिक बुराइयों पर भी चर्चा की। उपस्थित लोगों को साइबर फ्रॉड के बढ़ते खतरों और उससे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, मादक पदार्थों (ड्रग्स) कीतस्करी को रोकने के लिए जनता सेसहयोग की अपील की गई।

## सड़क पर लोगों से अभद्रता करने वाला दबोचा

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा गुरुवार देर शाम उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह गांव में ही सड़क पर खड़े होकर वहां से आने जाने वाले लोगों को गाली गलौज कर रहा था। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम खजुरी निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र मेघवाल गुरुवार देर शाम शराब पीकर गांव में ही खड़ा होकर वहां से आने जाने वाले लोगों को गाली गलौज कर झगड़ा करने पर उतारू था। पुलिस द्वारा समझाने पर भी नहीं समझने पर थाने लाया गया। बाद में उक्त के खिलाफ शांति भँग में कार्रवाई की।

# बिना अनुमति के हरे पेड़ काटने पर दो ठेकेदारों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर क्षेत्र में बिना वन विभाग को सूचना दिए हरे आम के पेड़ों की कटाई किए जाने का मामला सामने आया है। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो ठेकेदारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वन क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि दो-तीन दिन पूर्व मंगलौर क्षेत्र में उद्यान विभाग से अनुमति लिए जाने के बाद भी ठेकेदारों ने वन विभाग को सूचित नहीं किया। आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के बगीचे में खड़े हरे आम के पेड़ों पर आरी चला दी गई और करीब सात पेड़ काट लिए गए। मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ने जांच की, जिसमें पेड़ों की अवैध कटाई की पुष्टि हुई। इसके बाद विभाग की ओर से आरोपी अब्दुल पुत्र रिजवान तनवीर पुत्र गुलशन, निवासी मोहल्ला किला, मंगलौर के खिलाफ वन अधिनियम की धारा 41/42 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लक्सर में भाजपा को झटका, धनगर समाज के प्रदेश अध्यक्ष

# मनोज साथियों सहित कांग्रेस में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड में आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। लक्सर में भारतीय जनता पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा, जब धनगर समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज धनगर ने अपने दर्जनों साथियों के साथ भाजपा को अलविदा कहकर कांग्रेस का दामन थाम लिया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह के आवास पर आयोजित सम्मेलन में भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्तष -बालेश्वर सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने मनोज धनगर और उनके साथियों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि चुनाव में अभी एक वर्ष का समय शेष है, लेकिन जनता अभी से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने इस मौके पर कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के नाम पर केवल श्हवाबाजीश कर रही है। उन्होंने कहा कि आम जनता अब भाजपा के असली चेहरे को पहचान चुकी है। मनोज धनगर कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा, ष्मैं कुछ समय के लिए भाजपा में चला गया था, जो मेरा एक गलत फैसला था। आज मैं अपने घर (कांग्रेस) वापस लौट आया हूँ। पूरी निष्ठा से कांग्रेस के लिए काम करूँगा वहीं कांग्रेस नेता राव आफात ने कहा कि कांग्रेस का जनाधार लगातार



बढ़ रहा है क्योंकि पार्टी जो कहती है, वही करती है। कांग्रेस में शामिल मनोज धनगर के साथ कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से निम्नलिखित गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे:महेश प्रताप राणा, जगदेव सिंह उर्फ जग्गी, प्रवीण धनगर हर्ष शरण बालियान, मोहित बाबर, शिवांक देव, मनीष पाल, राजू पाल, अक्षय कुमार, अमजद, सलमान आदि।

# खाद्यपूर्ति अधिकारी ने नारसन ब्लॉक में किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** खाद्य पूर्ति विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य पूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा ने नारसन ब्लॉक क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर प्रक्रिया को बारीकी से जांचा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पात्र लाभार्थियों को समय पर और पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है या नहीं। अधिकारी ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से सीधे

**❖राशन की दुकानों पर वितरण, स्टॉक रजिस्टर व उपभोक्ताओं के सत्यापन की प्रक्रिया को बारीकी से जांचा**

व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। उनके अचानक दौरे से विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने राशन की दुकानों पर पहुंचकर वितरण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और उपभोक्ताओं के सत्यापन की संवाद कर राशन वितरण की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कटौती या देरी के बारे में खुलकर बताने के लिए प्रेरित किया। कुछ स्थानों पर पाई गई कमियों पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी



फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। दिनेश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उनके इस सख्त रुख और सक्रिय कार्यशैली से जहां आम जनता में विश्वास की भावना मजबूत हुई है, वहीं विभागीय कर्मचारियों में जवाबदेही को लेकर गंभीरता बढ़ी है। निरीक्षण के बाद क्षेत्र में यह संदेश साफ तौर पर पहुंच गया है कि खाद्य पूर्ति विभाग अब पूरी पारदर्शिता और सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है।

# सम्पादकीय

**शनिवार, 28 फरवरी 2026**

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## किताब पर रोक

किसी किताब में एक चैप्टर को लेकर शायद ही कभी इतना बवाल मचा हो, जिस तरह का इस समय नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की सोशल साइंस की आठवीं क्लास की किताब को लेकर होता दिखाई दे रहा है। यह चैप्टर है करप्शन इन ज्यूडिशरी जिसको हम हिन्दी में कह सकते हैं 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार।' हंगामा बढ़ते देख सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस किताब पर न सिर्फ पूरी तरह बैन लगा दिया है, बल्कि एनसीईआरटी के निदेशक और जिन विद्यालयों तक पुस्तक पहुंची है, उनके प्रधानाचार्यों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि ये पुस्तकें जब्त की जाएं। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी को देखते हुए एनसीईआरटी ने तुरंत एक प्रेस नोट जारी कर माफी भी मांगी है, लेकिन अदालत उसकी माफी से संतुष्ट होती दिखाई नहीं दे रही है। जानकारी के अनुसार कक्षा आठ की एसएसटी की किताब भारतीय न्याय व्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र किया गया है, जिसमें पेंडिंग केस और जजों की कमी का भी जिक्र किया गया है। एससी के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कर दिया है कि वह यह सुनवाई बंद करने नहीं जा रहे हैं और अदालत को पता करना है कि इसके पीछे कौन-कौन हैं, जब तक अदालत संतुष्ट नहीं होगी यह मामला चलेगा। अब इसकी अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। अब यह मामला कहां तक जाएगा, यह तो आगे देखा जाएगा, लेकिन इस समय एससी पूरी तरह नाराज दिखाई दे रहा है। असल में पुस्तक में एक और चिंताजनक अध्याय है जिसमें कहा गया है जस्टिस डिलेड जस्टिस डिनाइड। इससे माननीय मुख्य न्यायाधीश बुरी तरह खफा हैं। उन्होंने कहा भी है कि ऐसा नहीं कहा जा सकता यहां कोई न्याय से वंचित नहीं है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने की सुनियोजित साजिश है। हालांकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को भरोसा दिलाया कि इस अध्याय को तैयार करने वाले दो लोग कभी भी एनसीईआरटी या किसी भी मंत्रालय में काम नहीं करेंगे, तो चीफ जस्टिस ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि तब यह बहुत आसान हो जाएगा और वह बरी हो जाएंगे। उन्होंने गोली चलाई है न्यायपालिका आज खून से लथपथ है। वैसे सच तो यह है कि न्यायपालिका ही नहीं बल्कि कोई भी विभाग भारत में ऐसा नहीं रह गया है जहां भ्रष्टाचार न पहुंचा हो। किसी एक विभाग को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। देखने वाली बात यह भी होगी कि अगर कल अन्य विभाग के बारे में कोर्ट के सामने ऐसी स्थिति पेश आती है क्या तब भी सुप्रीम कोर्ट स्वत: संज्ञान लेगा। अब यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा कि किताब में दिए गए चैप्टर को लेकर अधिकारियों की क्या मंशा थी।

## आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र



दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा, केजरीवाल भ्रष्ट नहीं है, मैंने अपने जीवन में केवल ईमानदारी कमाई है, यह पूरा केस फर्जी था, आखिर में अधर्म व अन्याय हारता है और सच ही जीतता है, सत्यमेव जयते, पिछले कुछ सालों से भाजपा जिस तरह से बार-बार शराब घोटाला-शराब घोटाला का आरोप लगा रही थी, कोर्ट ने वे सारे आरोप खारिज कर दिए और जितने भी आरोपी थे, सबको बरी कर दिया हम हमेशा कहते थे कि सत्य की जीत होती है। हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की नई ऊर्जा





**योगेश कुमार गोयल**

आज का युग विज्ञान का युग है, जहां मनुष्य कम से कम मेहनत करके ज्यादा से ज्यादा सुख-सुविधाएं पाने की ख्वाहिश रखता है। अपनी इन्हीं सब ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए उसने जो नए-नए आविष्कार किए हैं, सब विज्ञान की ही देन हैं। ऐसे ही अनगिनत आविष्कारों के कारण आधुनिक युग में मानव जीवन पहले से बहुत ज्यादा आरामदायक हो गया है। रेडियो से लेकर टीवी, मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, इंटरनेट इत्यादि विज्ञान की ही ऐसी देन हैं, जिन्होंने इंसानी जिंदगी को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। मोबाइल मैसेजिंग, व्हाट्सएप, फेसबुक इत्यादि सोशल मीडिया जैसी सुविधाओं के चलते अब कोई भी व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में दूसरे व्यक्ति से पलभर में सम्पर्क करने में सक्षम है तो यह सब विज्ञान की ही बदौलत संभव हुआ है। बिजली की खोज हो या यातायात के साधनों का दुनियाभर में बिछा जाल, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कृषि क्षेत्र इत्यादि आज लगभग हर क्षेत्र में विज्ञान का बोलबाला है। चंद घंटों में ही आज हम किसी एक स्थान से हजारों मील दूर तक का सफर तय कर सकते हैं। बिजली की खोज आधुनिक युग में विज्ञान की सबसे अहम देन मानी जा सकती है क्योंकि आज लगभग सभी कार्य बिजली के द्वारा ही सम्पन्न होते हैं, फिर भले ही अखबारों या किताबों की छपाई हो या औद्योगिक इकाईयों में कामकाज अथवा घरेलू कार्य। बिजली की बदौलत ही विकास की गति कई गुना तेज हुई है और लोगों का जीवन बेहद आसान हो गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में तो इसी विज्ञान ने ऐसी क्रांतिकारी खोजें की हैं कि अब कई असाध्य मानी जाती रही बीमारियों का इलाज तो मामूली सी गोलियों से ही हो जाता है। यहां तक कि नई-नई कोशिकाओं के निर्माण में भी सफलता प्राप्त कर ली गई है। भारतीय समाज में विज्ञान से होने वाले लाभों और विज्ञान के जरिए लोगों में जागरूकता लाने, युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने और छात्रों को बतौर कैरियर विज्ञान को चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में एक निर्धारित थीम के जरिए 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना', जो इस ऐतिहासिक विरासत को नए आयाम देता है। देश में पहला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 1987 को मनाया गया था। दरअसल राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने वर्ष 1986 में केन्द्र सरकार को 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने का सुझाव दिया था, जिसके बाद सरकार द्वारा उसी वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह प्रस्ताव स्वीकार करते हुए 28 फरवरी के दिन 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की गई। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के माध्यम से युवाओं को विज्ञान के प्रति आकर्षित एवं प्रेरित करते हुए जनसाधारण को विज्ञान तथा देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने का प्रयास किया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान् वैज्ञानिक सर सी।वी। रमन की स्मृति में मनाया जाता है। उनकी उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज 'रमन प्रभाव' (रमन इफैक्ट) को चिह्नित करने और विज्ञान की गति को तेज करने के लिए लोगों के दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोग का प्रसार करने के उद्देश्य से इस दिवस की रूपरेखा बनाई गई। सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन इफैक्ट की खोज 28 फरवरी 1928 को की थी, जिसके लिए उन्हें भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में वर्ष 1930 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके द्वारा की गई खोज 'रमन इफैक्ट' फोटोन कणों के लचीले वितरण के संबंध में है। 1920 के दशक में एक बार सीवी रमन समुद्री जहाज से भारत लौट रहे थे, तब उनकी नजर भूमध्य सागर के जल में अनोखे नीले और दूध जैसे सफेद रंग पर पड़ी। उसके बाद कोलकाता पहुंचकर उन्होंने इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस की प्रयोगशाला में काम करते हुए पार्थिव वस्तुओं में प्रकाश के बिखरने का नियमित अध्ययन शुरू कर दिया। इस पर उन्होंने सात वर्षों से भी अधिक समय तक गहन अध्ययन किया और अंतत: उनकी खोज 'रमन इफैक्ट' के नाम से 28 फरवरी 1928 को पूरी दुनिया के सामने आई। बहरहाल, विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार अत्यावश्यक है और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे आयोजन निश्चित रूप से वैज्ञानिक .ष्टिकोण के प्रसार में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। विज्ञान दिवस देश में विज्ञान की निरन्तर उन्नति का आव्हान करता है। इस दिवस के जरिए लोगों को संदेश दिया जाता है कि विकास के मार्ग में विज्ञान के बगैर तेज गति से आगे बढ़ना संभव नहीं है और विज्ञान ही है, जिससे समाज में व्याप्त गलत धारणाओं और अंधविश्वासों का विनाश होता है। दरअसल समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी निर्मूल धारणाओं और अंधविश्वासों से घिरा हुआ है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के जरिए ही ऐसे अंधविश्वासों और धारणाओं को दूर किया जाता है। विज्ञान के जरिए ही हमारे महान् वैज्ञानिक कभी असंभव माने जाने वाले कार्यों को भी संभव बनाने में सफल हुए हैं। भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में सफलता के नए-नए शिखरों को छुआ है और विज्ञान की मदद से ही कई तरह की क्रांतिकारी खोजें कर वैज्ञानिकों ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई अनगिनत तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में आए दिन करते हैं। निसंदेह विज्ञान के द्वारा ही समाज में लोगों का जीवन स्तर आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा खुशहाल बनाया जा सकता है। विज्ञान के क्षेत्र में अब जिस प्रकार वैज्ञानिक नित नए-नए प्रयोगों के जरिए नई-नई तकनीकों का विकास करते हुए भारत को तकनीकी दृष्टि से विश्व में एक सशक्त राष्ट्र बनाने में जी-जान से जुटे हैं, उस योगदान को शब्दों में व्यक्त करना इतना आसान नहीं है। विज्ञान की मदद से ही हम कम्प्यूटर, रोबोट जैसी प्रौद्योगिकी का आविष्कार करने के साथ अंतरिक्ष में पहुंचने तक में भी सफल हुए हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के चुनिंदा ऐसे देशों में शामिल हैं, जिसने चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और भारतीय वैज्ञानिकों की काबिलियत का लोहा पूरी दुनिया ने माना। वैसे मानव हित में विज्ञान के जितने फायदे हैं, उसके कहीं न कहीं कुछ नुकसान भी हैं और दुरूपयोग की संभावनाएं भी हैं। हमारे जीवन को सुलभ बनाने के साथ ही विज्ञान ने कई प्रकार के गंभीर रोग, प्रदूषण और खतरे भी पैदा किए हैं। नाभिकीय और परमाणवीय प्रयोगों तथा औद्योगिक गतिविधियों के कारण प्रदूषण की समस्या विकराल हो चुकी है। बिजली उत्पन्न करने के कार्य में परमाणु ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है लेकिन दूसरी ओर से इसी से निर्मित परमाणु हथियार समस्त सृष्टि से लिए अत्यंत विनाशकारी साबित हो सकते हैं। बेहतर यही है कि विज्ञान का उपयोग आवश्यकता और सुविधानुसार मानवता की भलाई के लिए ही किया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दर्द कैसा भी हो, रामबाण लाभ पहुंचाता है जायफल

**जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमिनिन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं।**

जायफल रसोई में इस्तेमाल होने वाली एक महत्वपूर्ण स्पाइस है। इसे दुनियाभर में विभिन्न व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाद्य पदार्थों में मिठास लाता है। जायफल न सिर्फ भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इससे खाने से काफी अच्छी महक आती है। यूं तो आप भी जायफल का इस्तेमाल अपने भोजन में करते होंगे, लेकिन क्या आप इससे होने वाले फायदों से वाकिफ हैं। तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं।

### दूर करे तनाव

अगर आप हर दिन अत्याधिक तनाव का सामना करते हैं तो आपको जायफल का सेवन अवश्य करना चाहिए। जायफल में मिरिस्टिसनि और एलिमिसिन पाया जाता है, यह कपांउड दिमाग को रिलैक्स करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, जायफल में मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जिसके कारण आप तनाव व अवसाद से आसानी से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा जायफल पाउडर लेकर उसे आंवला के रस में मिलाकर सेवन करें।

### तेज करे दिमाग

जायफल का सेवन आपके मस्तिष्क की कार्यक्षमता को भी बेहतर बनाता है। दरअसल, जायफल में मिरिस्टिसनि और मैकलिगनन होता है, जो मानव के मस्तिष्क और उसकी मेमोरी पावर को बूस्टअप करने का काम करता है। इतना ही नहीं, जायफल एकाग्रता और ध्यान केन्द्रति करने की क्षमता में भी सुधार करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास गर्म पानी में जरा सा जायफल का पाउडर मिक्स करके इसका सेवन करें।





### अनिद्रा से बचाव

जिन लोगों को रात में ठीक तरह से नींद न आने की समस्या होती है, उनके लिए जायफल किसी रामबाण से कम नहीं है। यह अनिद्रा के लिए एक नेचुरल रेमिडी है। दरअसल, जायफल में मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मैग्नीशियम मस्तिष्क में तंत्रिका तनाव को कम करने और सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके लिए आप हर रात सोने से पहले एक गिलास दूध में चुटकी भर जायफल पाउडर, बादाम व इलायची डालकर सेवन करें।

### जोड़ों और मांसेशियों के दर्द से राहत

जायफल को एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में भी जाना जाता है। जायफल में प्रचुर मात्रा में मिरिस्टिसनि, एलिमिनिन और यूजेनॉल होते हैं। जो सिर्फ दिमाग को तेज करने और तंत्रिका तनाव को कम करने में ही मदद नहीं करते, बल्कि जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द को भी कम करते हैं। इसलिए अगर आप जोड़ों या मांसपेशियों के दर्द के कारण परेशान हैं तो नारियल या जैतून के साथ इसे मिक्स करके प्रभावित स्थान पर लगाएं। वैसे आप चाहें तो इसे अपने भोजन में भी शामिल कर सकती हैं।

**-साभार**

# डाटा विज्ञान के बिना इंटरनेट की दुनिया अधूरी



हम इंटरनेट युग में जी रहे हैं जहां पूरी दुनिया डाटा से घिरी हुई है। यह डाटा और कुछ नहीं बल्कि हमारी यादें, अनुभव, सूझ-बूझ, दुख-दर्द के क्षण और कभी-कभी सांसारिक गतिविधियों के बारे में है। जैसे, कोई विगत यात्रा या महीने और वर्ष में दिन के किसी विशेष घंटे में क्या खाया या फिर दैनिक जीवन के सामान्य घटनाक्रम का लेखा-जोखा। क्या ऐसा पहले नहीं था? ऐसे तथ्यात्मक, भावनात्मक, आनुभविक और व्यवहारिक क्षणों को संग्रहित और संरक्षित करना हमेशा से एक मानवीय प्रवृत्ति रही है। अंतर केवल इतना है कि हमारे पूर्वज डाटा को अपनी स्मृतियों में या गुफाओं, पत्थरों या कागजों पर उकेरी गई छवियों के माध्यम से संग्रहित करते थे, जबकि आज हम प्रौद्योगिकी एवं उपकरणों की मदद से ऐसा करते हैं। अतीत में, बातों को मानव स्मृति में संग्रहित करने के साथ-साथ पत्थर पर नक्काशी करना, पत्तों पर और बाद में कागजों पर ग्रंथ लिखना काफी श्रमसाध्य था। यह संग्रहण कुछ समय तक ही रह पाता था। समय के साथ, जलवायु के प्रहार पत्थरों, कागजों को नष्ट कर डाटा को भी विलोपित कर देते थे। मानव स्मृति की भी डाटा संग्रहण की एक निर्धारित क्षमता होती है। दूसरे शब्दों में, प्राचीन काल से चली आ रही डाटा संग्रहण की मानवीय प्रवृत्ति, वर्तमान युग की वैज्ञानिक तकनीकों एवं साधनों की आसान उपलब्धता से डाटा विज्ञान का उदय हुआ है।

**डाटा विज्ञान: शुरुआती वर्ष**

शब्द डाटा विज्ञान 1960 के दशक में एक नए पेशे का वर्णन करने के लिए गढ़ा गया था, जो उस समय भारी मात्रा में एकत्रित होने वाले डाटा को समझने और उसका विश्लेषण करने में सहायक सिद्ध हुआ। वैसे संरचनात्मक रूप से इसने 2000 की शुरुआत में ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह एक ऐसा विषय है जो सार्थक भविष्यवाणियां करने और विभिन्न उद्योगों में सूझ-बूझ प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर विज्ञान और सांख्यिकीय पद्धतियों का उपयोग करता है। इसका उपयोग न केवल सामाजिक जीवन, खगोल विज्ञान और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में बल्कि व्यापार में भी बेहतर निर्णय लेने के लिए किया जाता है। 1962 में अमेरिकी गणितज्ञ जॉन डब्ल्यू। टुकी ने सबसे पहले डाटा विज्ञान के सपने को स्पष्ट किया। अपने प्रसिद्ध लेख दी फ्यूचर ऑफ डाटा एनालिसिस में उन्होंने पहले पर्सनल कंप्यूटर से लगभग दो दशक पहले इस नए क्षेत्र के उद्गम की भविष्यवाणी की थी। एक अन्य प्रारंभिक व्यक्ति डेनिश कंप्यूटर इंजीनियर पीटर नॉर थे, जिनकी पुस्तक कॉन्साइस सर्वे ऑफ कंप्यूटर मेथड्स डाटा विज्ञान की सबसे पहली परिभाषाओं में से एक प्रस्तुत करती है। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि डाटा विज्ञान एक मान्यता प्राप्त और विशिष्ट क्षेत्र के रूप में उभरा। कई डाटा विज्ञान अकादमिक पत्रिकाएं प्रकाशित होने लगीं, और जेफ वू और विलियम एस। क्लीवलैंड आदि ने डाटा विज्ञान की आवश्यकता और क्षमता को विकसित करने और समझने में मदद करना जारी रखा। पिछले 15 वर्षों में, पूरे विषय को व्यापक उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और प्रक्रिया के द्वारा परिभाषित और लागू करने के साथ एक भलीभांति स्थापित पहचान मिली है।

**डाटा विज्ञान और जीवन**

पिछले 100 वर्षों में मानव जीवन शैली में बहुत कुछ बदला है और विज्ञान और प्रौद्योगिकी से 20 वर्षों में तो बदलावों का सैलाब-सा ही आ गया है। अलबत्ता, जो चीज समय के साथ नहीं बदली, वह है मूल मानव व्यवहार और अपने क्षणों और अनुभवों को संग्रहित करने की उसकी प्रवृत्ति। मानवीय अनुभव और क्षण (डाटा), जो मानव स्मृति, नक्काशी और चित्रों में रहते थे, उन्हें प्रौद्योगिकी के जरिए एक नया शक्तिशाली भंडारण मिला है। अब मानव डाटा छोटे/बड़े बाहरी ड्राइव्स, क्लाउड स्टोरेज जैसे विशाल डाटा भंडारण उपकरणों में संग्रहित किए जा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि अब डाटा को, पहले के विपरीत, बिना किसी बाधा के, जितना चाहें उतना और जब तक चाहें तब तक संग्रहित रखा जा सकता है।

पिछले 20 वर्षों में, एक और दिलचस्प बदलाव इंटरनेट टेक्नॉलॉजी के आगमन से भी हुआ। इंटरनेट टेक्नॉलॉजी की शुरुआत के साथ, मानव व्यवहार और उसके सामाजिक संपर्क की प्रवृत्ति ने एक बड़ी छलांग लगाई। लोगों ने दिन-प्रतिदिन हजारों किलोमीटर दूर विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अन्य मनुष्यों से जुड़ना शुरू कर दिया और इस तरह विभिन्न तरीकों से बातचीत करने और अभिव्यक्ति की मानवीय क्षमता कई गुना बढ़ गई। आज छत्तीसगढ़ के घने जंगलों के ग्रामीण इलाके का कोई बच्चा बॉलीवुड की किसी मशहूर हस्ती को सुन सकता है और उससे जुड़ सकता है, वहीं न्यूयॉर्क में रहते हुए एक व्यक्ति उत्तरी अफ्रीका में रह रहे किसी पीड़ित बच्चे की भावनाओं से रूबरू हो सकता है। इंटरनेट क्रांति ने इस पूरी दुनिया को मानो एक बड़े से खेल के मैदान में बदल दिया है जहां हर एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति, विषय या घटना से तत्काल जुड़ सकता है। इन क्षमताओं के रहते पूरा विश्व नई तरह की संभावनाओं और अभिव्यक्तियों के प्रयोगों से भर गया है। इस तरह की गतिविधियों ने अपनी एक छाप छोड़ी है (जिन्हें हम डाटा कह सकते हैं) और टेक्नॉलॉजी ने इसे असीमित रूप से एकत्रित और संग्रहित करना शुरू कर दिया है। नई दुनिया के यह परिवर्तन विशाल डाटा के रूप में प्रस्फुटित हुए। अधिकांश लोग (जो इंटरनेट वगैरह तक पहुंच रखते हैं) डाटा (यानी शब्द, आवाज, चित्र, वीडियो वगैरह के रूप में) के जरिए यादों और अनुभवों से सराबोर हैं। यह डाटा न केवल सामाजिक या अंतर-वैयक्तिक स्तर पर, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर (जैसे ऑनलाइन भुगतान, ई-बिल, ई-लेनदेन, क्रेडिट कार्ड) और यहां तक कि अस्पतालों के दौरों, नगर पालिका की शिकायतों, यात्रा के अनुभवों, मौसम के परिवर्तन तक में नजर आते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संपूर्ण जीवन की गतिविधियां डाटा पैदा कर रही हैं और इसे संग्रहित किया जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली बड़ी मात्रा में डाटा उत्पन्न करती है। डाटा की मात्रा इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि आधुनिक तकनीक ने बड़ी मात्रा में डाटा निर्मित करना और संग्रहित करना आसान बना दिया है। पिछले कुछ वर्षों में, दुनिया में पैदा किया गया 90 प्रतिशत से अधिक डाटा संग्रहित कर लिया गया है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हर घंटे 2 करोड़ से अधिक छवियां पोस्ट करते हैं।

**डाटा विज्ञान: कार्यपद्धति**

मानव मस्तिष्क विभिन्न उपकरणों में संग्रहित विशाल डाटा का समय-समय पर उपयोग करना चाहता है। इस कार्य के लिए एक अलग प्रकार की तकनीकी क्षमता की आवश्यकता थी, जो संग्रहित डाटा को निकालने और निर्णय लेने का काम कर सके। यह मस्तिष्क के संचालन की नकल करने जैसा था। ऐसे जटिल दिमागी ऑपरेशनों को दोहराने के लिए एक कदम-दर-कदम चलने वाले एक समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है ताकि डाटा इष्टतम तरीके से संग्रहित किया जाए, डाटा को कुशलतापूर्वक, शीघ्रता से प्रबंधित, पुनर्प्राप्त, संशोधित, और विलोपित किया जा सके, डाटा की व्याख्या आसानी से और शीघ्रता से की जा सके, इससे भविष्य के बारे में निर्णय लेने में मदद मिलती है। वैसे तो हमारा मस्तिष्क सूक्ष्म और जटिल तरीके से डाटा को आत्मसात करने और निर्णय लेने का काम करता आया है, लेकिन मस्तिष्क की क्षमता सीमित है। डाटा से जुड़ी उक्त प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मानव मस्तिष्क जैसे एक विशाल स्पेक्ट्रम की आवश्यकता हुई। टेक्नॉलॉजी ने इस प्रक्रिया के लिए डाटा भंडारण (विशाल डाटा सर्वर), पुन:प्राप्ति के विभिन्न साधनों को सांख्यिकीय/गणितीय जानकारी से युक्त करना शुरू कर दिया। जावा, पायथन, पर्ल जैसी कोडिंग भाषा, विभिन्न मॉडलिंग तकनीकों (जैसे क्लस्टरिंग, रिग्रेशन, भविष्यवाणी और डाटा माइनिंग) के साथ-साथ ऐसी मशीनें विकसित हुईं जो डाटा को बार-बार समझ सकती हैं और स्वयं सीखकर खुद को संशोधित कर सकती हैं (मशीन लर्निंग मॉडल)। मूल रूप से कोशिश यह थी कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान के सहारे हम अपने मस्तिष्क जैसी निर्णय लेने की क्षमता मशीन में पैदा कर सकें। प्रौद्योगिकी द्वारा मानव मस्तिष्क की क्षमताओं के प्रतिरूपण की इस पूरी प्रक्रिया को डाटा विज्ञान का नाम दिया गया है। डाटा विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है जो डाटा से अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए सांख्यिकी, वैज्ञानिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डाटा विश्लेषण सहित कई विषयों को जोड़ता है। **-संजीव**

# वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट-2026 में 3 भारतीय महिलाएं

■ सफीना ने 20 लाख बेटियों को स्कूल लौटाया

■ 14 देशों को मुफ्त दवा दिलवा रहीं रेशमा

■ 7.5 लाख छात्राओं को सशक्त कर रहीं सौजानी



**न्यूयार्क।** टाइम मैगजीन ने 2026 के वुमन ऑफ द ईयर प्रोजेक्ट के लिए 16 महिलाओं को चुना है। लिस्ट में भारतीय और भारतीय मूल की तीन महिलाएं भी हैं। ये सभी लीडर्स ज्यादा बराबरी वाली दुनिया बनाने के लिए काम कर रही हैं। साथ ही महिलाओं और लड़कियों की सबसे बड़ी चुनौतियां हल करने में जुटी हैं। यह प्रोजेक्ट टाइम के सालाना वुमन ऑफ द ईयर लिस्ट से अलग है। इसे 2020 में शुरू किया गया था। कवर पर हालीवुड अभिनेत्री टेयाना टेलर हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनादर'में उनका प्रदर्शन उम्दा रहा है।

कुछ अनदेखे चेहरे जैसे- सिएरा लियोन के पहले मातृत्व केंद्र की अगुआई करने वाली इसाता डुम्बुया, अमेरिका -मैक्सिको बॉर्डर पर ह्यूमैनिटेरियन अभियान चला रही सिस्टर नारमा पिमेंटेल भी हैं। सफीना हुसैन की पढ़ाई अधूरी रही, इसी टीस को ताकत बनाया, जीता 'एशिया का नोबेल,बचपन गरीबी, हिंसा व अधूरी पढ़ाई के दर्द से गुजरा। इसी टीस को ताकत बनाया और मुंबई में 'एजुकेट गर्ल्स' की नींव रखी। वे कहती हैं,' मैं जानती हूं पीछे छूट जाना कैसा लगता है। बीते साल संस्था ने भारत के गांवों की 20 लाख लड़कियों को स्कूल लौटाने में सफलता हासिल की। लक्ष्य 15 लाख ही था। इसके लिए संस्था को रैमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला। उनका एनजीओ यह सम्मान पाने वाला पहला संगठन बना। हाल में आई उनकी किताब 'एवरी लास्ट गर्ल' में अंतिमबा. ला का किरदार हर उस लड़की का प्रतीक है, जिसकी आवाज अनसुनी कर दी गई। 'कोई भी लड़की बकरी चराना या बाल वधू बनना नहीं चाहती, हर लड़की... बस स्कूल जाना चाहती है'- सफीना। रेशमा केवलरमानी ने सिकल सेल का इलाज खोजा, अब डायबिटीज को हराने में जुटीं, ठान चुकी हैं, लाइलाज बीमारियों को जड़ से मिटाना है। किडनी डाक्टर से शुरू हुआ सफर आज दुनिया की दिग्गज बायोटेक कंपनी (वर्टेक्स) की पहली महिला सीईओ बनने तक जा पहुंचा है।

उनके नेतृत्व में वर्टेक्स भारत समेत दुनिया के 14 देशों में सिस्टिक फाइब्रोसिस (फेफड़ों की बीमारी) की महंगी दवाएं मुफ्त उपलब्ध करा रही है। रेशमा के नेतृत्व में कंपनी ने सिकल सेल बीमारी के लिए क्रिस्पर आधारित पहली जीन-एडिटिंग थेरेपी लान्च की। अब डायबिटीज और किडनी रोगों को पूरी तरह खत्म करने वाली थेरेपी पर काम कर रही हैं। रेशमा सौजानी अमेरिकी माताओं की आवाज, चाइल्डकेयर अभियान का चेहरा हैं, शरणार्थी की बेटी और पहली भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस प्रत्याशी ने साहस से सत्ता को झकझोरा। इससे अमेरिका में माताओं के लिए सस्ते चाइल्डकेयर और न्यूयार्क में 'यूनिवर्सल केयर' का रास्ता खुला। अपनी संस्थाओं 'माम्स फर्स्ट' व 'गर्ल्स हू कोड' के जरिए 7.6 लाख छात्राओं को सशक्त कर रही हैं।

## भूटान के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर सचिव स्तर की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत तथा भूटान ने बाढ़ प्रबंधन और बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर सचिव स्तर पर द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा तंत्रों की समीक्षा कर क्षमता निर्माण तथा तकनीकी आदान-प्रदान से सहयोग बढ़ाकर मौसमी घटनाओं से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान पर व्यापक चर्चा की है। आधिकारिक सूचना के अनुसार भारत के जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में 24 से 27 फरवरी तक भूटान यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर विचार विमर्श किया। दौरे का मकसद सीमा पार नदियों पर सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करना और भारत सरकार के साथ साझेदारी में भूटान में कार्यान्वित की जा रही पुनात्सांगचू-1 जलविद्युत परियोजना की गति. विधियों की समीक्षा करना था।



पश्चिम बंगाल। नादिया में होली के त्योहार से पहले उच्च माध्यमिक परीक्षा देने के बाद 'गुलाल' से खेलती छात्राएं।

## वेनेजुएला ने 19 तेल और गैस समझौतों को निलंबित किया, मादुरो के कार्यकाल में हुए थे

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला के तेल मंत्रालय ने निजी कंपनियों के साथ किए गए 19 तेल और गैस प्रोडक्शन-शेयरिंग समझौतों को निलंबित कर दिया है। ये समझौते पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के कार्यकाल में हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन अनुबंधों की वैधता और कंपनियों के बैकग्राउंड की समीक्षा की जा रही है। हालांकि, इन समझौतों को सस्पेंड करने से देश के तेल और गैस उत्पादन पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है। सरकार के कंट्रोल वाली कंपनी च्व्टै। संबंधित परियोजनाओं से निकले कच्चे तेल की बिक्री जारी रखे हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला और अमेरिका इन एग्रीमेंट्स की शर्तों की समीक्षा कर रहे हैं।

## एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर सांसद करें, ट्रम्प से सवालः क्लिंटन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने सांसदों से अपील की है कि उन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संबंधों को लेकर उनसे सवाल करने चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुक्लिटन इस मामले को लेकर कांग्रेस (संसद) की समिति के समक्ष उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें एपस्टीन के अपराधों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस दौरान उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि उन्हें ट्रम्प से एपस्टीन के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। सुक्लिटन ने कांग्रेस समिति के समक्ष घंटों गवाही देने के बाद कहा कि मैं सच सामने आते देखना चाहती हूं। इस मामले में सुक्लिंटन के पति एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन शुक्रवार को गवाही देंगे। हालांकि दोनों ने समिति की ओर से तलब किए जाने का विरोध किया है और इसे इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। बाद में ए दोनों फिर गवाही देने के लिए सहमत हो गए क्योंकि उनके खिलाफ कांग्रेस की अवमानना की संभावित कार्रवाई की आशंका थी। क्लिंटन और ट्रम्प ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर कुछ भी गलत करने से इनकार किया है।

# तालिबान ने मार गिराया पाक का एफ-16!

### अफगान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया




■ वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है
■ विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है

**काबुल।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हवाई हमलों के बाद शुक्रवार को जंग का ऐलान कर दिया। इस बीच तालिबान ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान का एक अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 मार गिराया है। अफगानिस्तान डिफेंस नाम के एक सोशल मीडिया हैंडल ने एक जलते हुए एफ-16 विमान के मलबे का वीडियो साझा किया है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि इस लड़ाकू विमान के पिछले हिस्से में एक छोटा पाकिस्तानी झंडा बना हुआ है। इसके साथ ही विमान पर '85510' नंबर लिखा दिखाई दे रहा है। अमर उजाला इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। बीते कुछ वर्षों में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ हवाई लड़ाइयों में दो या दो से ज्यादा पाकिस्तानी एफ-16 विमानों को मार गिराया है। विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तानी शस्त्रागर का अहम हिस्सा माना जाने वाला एफ-16 लड़ाकू विमान केवल नाम का ही खतरनाक है। यह वीडियो ऐसे समय में सामने आया है, जब पाकिस्तान की ओर से काबुल और कंधार पर हवाई हमले किए गए हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकी संगठनों के खिलाफ ऑपरेशन गजब-लिल-हक चलाया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसने हमलों में 133 आतंकियों को ढेर किया है। वहीं, इन हमलों के बाद अफगानिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अफगान सैनिकों ने सीमा पर हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके हवाई हमले गुरुवार रात को अफगान बलों द्वारा पाकिस्तानी सीमा सैनिकों पर किए गए हमले के जवाब में हैं। इन हमलों को तालि. बान सरकार ने पहले हुए घातक हवाई हमलों का प्रतिशोध बताया है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में हमले करने वाले आतंकवादी समूहों के खिलाफ कुछ नहीं किया है, जिसे तालिबान सरकार ने नकार दिया है।

## पाकिस्तान ने आतंकवाद को बनाया पैसे कमाने का जरियाः अफगान सांसद सोलेमानखिल

**कबुल।** अफगानिस्तान की निर्वासित सांसद मरियम सोलेमान खिल ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर गंभीर आरोप लगाया है। सांसद का कहना है कि पाकिस्तान आतंकवाद का व्यपार करता है। वह तालिबान और कई प्राक्सी समूह तैयार कर रहा है, जो दोंनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस्लामाबाद के खिलाफ हो गए हैं। सोलेमानखिल ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान के द्वारा किए गए हवाई हमलों की आलोचना की। इसे उन्होंने अफगान परिवारों के लिए बहुत बुरा बताया। उन्होंने इस्लामाबाद के आतंकवादियों को निशाना बनाने के के दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमले के बावजूद इस्लामाबाद ने किसी भी मशहूर आतंकी के मारे जाने का कोई सबूत नहीं दिया है। सोल. मानखिल ने पाकिस्तान के प्रशासन पर भी निशाना साधा। उन्होंने सरकार के साथ लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आंतकी समूहों के संबंध बताए। साथ ही इन रिशतों को कैंसर बताया। साथ ही अल-कायदा लीडर ओसामा बिन लादेन को पनाह देने के लिए भी निशाना साधा। सोलईमानखिल ने कहा कि मेरे अपने पैतृक गांव बरमल, पक्तिका पर हमला हुआ, और यह पहली बार नहीं है। हर बार जब पाकिस्तान एयरस्ट्राइक करता है, तो वे दावा करते हैं कि वे आतंकवादियों को मार रहे हैं।

## चीन ने पाक-अफगान से युद्धविराम की अपील की

**बीजिंग।** चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हिसक झड़पों को लेकर बहुत चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से युद्धविराम के लिए बातचीत की है। गौरतलब है कि इन झघ्पों में 133 अफगान तालिबान लड़ाके और पाकिस्तान के दो जवान मारे गए हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा राजधानी काबुल सहित अफगानिस्तान के बड़े शहरों पर बमबारी के बाद चीन संघर्ष के बढ़ने पर बहुत चिंतित है। चीन ने दोनों पक्षों से शांत रहने और संयम बरतने की अपील करते हुए कहा है कि जितनी जल्दी हो सके युद्धविराम और खून-खराबा से बचा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष में लगातार मध्यस्थता की है और आगे भी तनाव कम करने में एक रचनात्मक भूमिका निभाना जारी रखने को वह तैयार है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय और पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान में चीन के दूतावास इस मामले पर दोनों देशों में संबंधित पार्टियों के साथ काम कर रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार का कहना है कि 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी ने ट्रम्प से की मुलाकात



■ एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने व्हाइट हाउस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ट्रम्प को एक नकली अखबार का मुखपृष्ठ भेंट किया, ताकि शहर में बड़े पैमाने पर नए आवास निवेश पर चर्चा की जा सके।

यह रणनीति डोनाल्ड ट्रम्प को लुभाने के लिए बनाई गई है, जो अपनी मीडिया कवरेज को लेकर काफी चौकन्ने रहते हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक मेयर के बीच पिछले साल हुई पहली मुलाकात के बाद से सौहार्दपूर्ण संबंध बने हुए हैं। जोहरान ममदानी की संचार निद. ेशक अन्ना बहर ने बताया कि मेयर की टीम ने ट्रम्प को दिखाने के लिए एक नकली मुखपृष्ठ और सुर्खियां तैयार कीं। जिससे उन्हें पता चले कि नए संघीय आवास निवेश से किस तरह की प्रतिक्रिया हो सकती है। नकली न्यूयार्क डेली न्यूज के मुखपृष्ठ पर लिखा है कि ट्रम्प ने शहर से कहारू चलो निर्माण करें।श यह 1975 के उस मशहूर मुखपृष्ठ का एक व्यंग्यात्मक रूप है, जिस पर लिखा था, 'फोर्ड ने शहर से कहारू मर जाओ।' जो जेराल्ड फोर्ड की ओर से शहर को वित्तीय सहायता पर रोक लगाने की कसम का संदर्भ था। न्यूयॉर्क के मेयर ने ट्रम्प के साथ अखबारों के पहले पन्नों वाली बैठक की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट की। बहर ने कहा कि ट्रम्प, ममदानी के प्रस्ताव को लेकर बेहद उत्साहित थे। इस प्रस्ताव के तहत क्वींस के सनसाइड यार्ड में रेल यार्ड के ऊपर एक डेक बनाने के लिए 21 अरब डालर से अधिक के संघीय अनुदान प्राप्त करके 12000 नए किफायती घर बनाए जा सकेंगे। मेयर कार्यालय का अनुमान है कि इस परियोजना से 30000 नौकरियां पैदा हो सकती हैं और यह पिछले 50 वर्षों में आवास और बुनियादी ढांचे में किया गया सबसे बड़ा निवेश होगा।

# ईरान के अस्पताल बने निगरानी केंद्र!

### एजेंटों पर घायलों के इलाज मे दखल के आरोप, डॉक्टरों ने सुनाई आपबीती




■ जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ

**बेरूत।** पिछले महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के दौरान जब बड़ी संख्या में घायल प्रदर्शनकारी ईरान के एक अस्पताल में लाए गए, तो एक युवा डाक्टर आपात कक्ष की ओर दौड़ा। वह करीब 40 साल के एक व्यक्ति का इलाज करना चाहता था। उस व्यक्ति के सिर में बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी।

डाक्टर और अन्य कर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश की। तभी सादे कपड़ों में हथियारबंद सुरक्षाकर्मी वहां आ गए। उन्होंने डाक्टरों को रोक दिया। कुछ को अपनी बंदूकों से धक्का दिया। उस डाक्टर ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को यह बात बताई। उत्तरी शहर रश्त के डाक्टर ने कहा, उन्होंने मुझे घेर लिया। हमें आगे बढ़ने नहीं दिया। कुछ ही मिनट बाद उस व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षाकर्मियों ने उसका शव काले बैग में रखा। फिर अन्य शवों के साथ उसे एक वैन में डालकर ले गए। यह कोई अकेली घटना नहीं थी। जनवरी की शुरुआत में कुछ दिनों तक कई शहरों के अस्पतालों में ऐसा ही हुआ। ईरानी सुरक्षाबलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये प्रदर्शन 47 साल पुराने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ थे। हजारों लोग घायल हुए। सादे कपड़ों में एजेंट अस्पतालों में फैल गए। वे इलाज पर नजर रखते थे। कई बार इलाज रोकते थे। कर्मचारियों को डराते थे। प्रदर्शनकारियों को पकड़ लेते थे। शवों को बैग में डालकर ले जाते थे।दर्जनों डाक्टरों को गिरफ्तार किया गया। यह रिपोर्ट एसोसिएटेड प्रेस की जांच पर आधारित है। ईरान के तीन डाक्टरों से बात की गई। विदेश में रह रहे छह ईरानी चिकित्सा विशेषज्ञों से भी बात हुई। ये लोग देश के अंदर के डाक्टरों से संपर्क में हैं। मानवाधिकार समूहों की रिपोर्ट देखी गई। सोशल मीडिया के एक दर्जन से ज्यादा वीडियो की जांच की गई। ईरान के अंदर के सभी डाक्टरों ने अपना नाम न छापने की शर्त रखी, क्योंकि उन्हें बदले की कार्रवाई का डर था। समाचार एजेंसी ने बर्लिन स्थित संगठन म्नेमोनिक के साथ काम किया। इस संगठन ने अस्पतालों में हिंसा से जुड़े ऑनलाइन वीडियो और सामग्री की पहचान की। ईरान और विदेश के डाक्टरों ने कहा कि अस्पतालों में इस स्तर की हिंसा पहले कभी नहीं देखी गई। ईरान में दशकों से विरोध पर कार्रवाई होती रही है। सार्वजनिक संस्थानों पर निगरानी भी रहती है।

## अमेरिका ने इजरायल से गैर-आपातकालीन दूतावास कर्मचारियों की रवानगी को दी मंजूरी

**यरूशलम।** इजराइल स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि अमे. रिकी विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं के कारण गैर-आपातक. ालीन अमेरिकी सरकारी कर्मियों और उनके परिवारों को इजराइल से बाहर जाने की अनुमति दे दी है। दूतावास ने एक वक्तव्य में कहा कि जब तक व्यावसायिक उड़ानों का संचालन हो रहा है, तब तक व्यक्तियों को इजराइल से बाहर जाने पर विचार कर लेना चाहिए। सुरक्षा घटनाओं के जवाब में और बिना किसी अग्रिम सूचना के अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों को इजराइल के कुछ क्षेत्रों के साथ-साथ यरूशलम के पुराने शहर और वेस्ट बैंक की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

## अमेरिका और ईरान के बीच तीसरे दौर की बातचीत समाप्त

■ अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगाः अमेरिकी अधिकारी

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु हथियारों के मुद्दे पर तीसरे दौर की बातचीत यहां समाप्त हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों देश अगले हफ्ते वियना में तकनीकी स्तर की बातचीत कर सकते हैं।

अमेरिका इस बात को लेकर सोच रहा है कि क्या नई कूटनीति से ईरान के परमाणु हथियारों के इरादों पर रोक लग सकती है या आखिरकार सैन्य बलों का ही सहारा लेना पड़ सकता है। बातचीत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान पर फोर्डो, नतांज और इस्फाहान में अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने और यूरेनियम के बचे हुए भंडार को देश से बाहर भेजने का दबाव डाला है। सूत्रों के अनुसार ईरान के अपने परमाणु केंद्रों को खत्म करने, काफी यूरेनियम को अमेरिका को भेजने और एक स्थाई समझौते के लिए अमेरिका की ओर से रखी गई शर्तों मानने की उम्मीद कम है। ईरान का प्रस्ताव अमेरिका की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता है और ईरान अमे. रिका से रियायतें लेने के लिए ऐसे आर्थिक फायदे पाने की कोशिश कर रहा है जिनका अमेरिका की मांगों से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले कहा था कि अगर दोनों पक्ष समझौता पर नहीं पहुंच पाते हैं तो अमेरिका ईरान पर हमला करेगा।

## प्रवास के दौरान 2025 में 7600 लोग मारे गए या लापता हो गएः आईओएम

**जिनेवा/बर्लिन।** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के नए आंकड़ों के अनुसार, 2025 में दुनिया भर में प्रवास करते समय कम से कम 7667 लोगों की मृत्यु हुई है या वे लापता हो गए। ये आंकड़े प्रवासियों के संकट के वैश्विक स्तर को दर्शाते हैं। आईओएम ने इन आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन तस्करी नेटवर्कों को खत्म करने का आह्वान किया है जो प्रवासियों का शोषण करते हैं और उनके जीवन को जोखिम में डालते हैं। आईओएम की महानिदेशक एमी पोप ने कहा कि प्रवास के दौरान जीवन की निरंतर हानि एक वैश्विक किलता है जिसे हम सामान्य रूप में स्वीकार नहीं कर सकते।

## आरोप-बांग्लादेश सरकार ने डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर बनाया

■ विपक्ष बोला- ये बर्दाश्त नहीं कर सकते, देश में भीड़तंत्र चल रहा

**ढाका।** बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की शुरुआत जैसा है।

बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमा. सान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि यह फैसला पीएम की शह पर लिया गया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने अहसान हबीब मंसूर का कार्यकाल अचानक खत्म कर दिया था, जिन्हें मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने नियुक्त किया था। मंसूर ने कहा कि उन्होंने न इस्तीफा दिया और न ही उन्हें हटाए जाने की कोई आधिकारिक सूचना मिली। उन्हें यह खबर मीडिया के जरिए पता चली। मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति इसलिए अलग मानी जा रही है क्योंकि अब तक बांग्लादेश में केंद्रीय बैंक का गवर्नर आमतौर पर अनुभवी बैंकर, अर्थशास्त्री या वरिष्ठ सिविल सेवक होते रहे हैं। मोस्ताकुर एक कास्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट और गारमेंट कारोबारी हैं। वे हेरा स्वेटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और हालिया चुनाव में तारिक रहमान की बीएनपी पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति से भी जुड़े रहे थे।

# अफगानिस्तान में पत्नी को पीटने पर 15 दिन जेल

### संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की, अभिव्यक्ति की आजादी का हवाला दिया



■ अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है, इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे

**एथेंस।** संयुक्त राष्ट्र ने अफगान सरकार से इस कानून को वापस लेने की अपील की है और कहा है कि महिलाओं और लड़कियों को समाज से अलग करके कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता।

नया कानून अभिव्यक्ति की आजादी पर भी सख्त है। इसमें तालि. बान सरकार या उसके नेताओं की आलोचना करना अपराध माना गया है। कई अपराधों के लिए कोड़े मारने जैसी शारीरिक सजा का भी प्रावधान रखा गया है। अफगानिस्तान में तालि. बान सरकार ने नया दंड संहिता लागू किया है। इस कानून पर जनवरी में वहां के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हस्ताक्षर किए थे। इस नए कानून में कुल 119 धाराएं हैं और इसमें कई ऐसे प्रावधान हैं, जिन पर संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस कानून में पत्नी को पीटने पर सजा सिर्फ 15 दिन की जेल रखी गई है, वह भी तब जब पत्नी अदालत में साबित कर दे कि उसे चोट लगी है और शरीर पर कट, घाव या नीला निशान दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर, अगर कोई महिला अपने पति की अनुमति के बिना अपने मायके चली जाती है और वहां रुकती है, तो उसे तीन महीने की जेल हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर उसके मायके वाले उसे वापस पति के पास नहीं भेजते, तो उन्हें भी सजा दी जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र के मानवा. धिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा है कि यह कानून अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है और महिलाओं के साथ भेदभाव को कानूनी रूप देता है। यूएन वुमेन की प्रतिनिधि सुसान फर्ग्यूसन ने भी कहा कि इस कानून से पुरुषों को महिलाओं पर अधिकार की स्थिति में रखा गया है और महिलाओं के लिए न्याय पाना और मुश्किल हो जाएगा। इस कानून में एक और चौंकाने वाली बात यह है कि जानवरों को लड़ाने पर पांच महीने तक की जेल हो सकती है। अफगानिस्तान में मुर्गों और तीतरों की लड़ाई एक आम परंपरा रही है, लेकिन तालिबान ने 2021 में सत्ता में आने के बाद इस पर रोक लगा दी थी। अब नए कानून में जानवरों की लड़ाई की सजा पत्नी को गंभीर रूप से पीटने की सजा से कहीं ज्यादा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि एक ही अपराध के लिए अलग-अलग सामाजिक वर्गों के लोगों को अलग सजा दी जाएगी। धार्मिक विद्वानों और बड़े लोगों को सिर्फ चेतावनी दी जा सकती है, जबकि आम लोगों को जेल और निचले वर्ग के लोगों को शारीरिक सजा दी जा सकती है। हालांकि हत्या के मामलों में यह फर्क नहीं होगा और दोषी पाए जाने पर मौत की सजा दी जा सकती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108